राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार,12 जुलाई 2025
वर्ष 06,अंक 279, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

बुद्धेश्वर मन्दिर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण.....03

न पक्ष न विपक्ष खबरें होगी निष्पक्ष अच्छे विचार वाले पुरुष की तारीफ करना कोई गुनाह नहीं है...12

## बिहार वोटर लिस्ट विवाद- आखिर क्यों चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट में मुंह की खानी पड़ी

**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने फिलहाल चुनाव आयोग को मौका दिया है कि उसने एसआईआर की प्रक्रिया में जो गलतियां की हैं उन्हें सुधार ले, लेकिन अगली सुनवाई में आयोग को कुछ और सवालों पर सफाई देनी होगी।सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने गुरुवार, 10 जुलाई को चुनाव आयोग को पर्याप्त गुंजाइश दी है कि वह बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए निर्धारित 'अव्यावहारिक और अनुचित' निर्देशों, समय सीमा और प्रक्रियाओं से बच सके। यह प्रक्रिया 25 जुलाई, 2025 को समाप्त होने वाली है।


मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की इस दलील को तो सुन लिया कि बिहार में 'पहचान' और 'नागरिकता' साबित करने के लिए उसके द्वारा निर्धारित 11 दस्तावेजों की सूची इंडिकेटिव यानी 'उदाहरणात्मक' है, एक्सहास्टिव यानी संपूर्ण नहीं है। इसी को आधार बनाकर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को सुझाव दिया कि 'न्याय के हित में' उसे आधार, वोटर आईडी कार्ड और राशन कार्ड पर भी विचार करना चाहिए। आयोग को निर्देश दिया गया है कि वह हर ऐसे मामले में कारण बताए जिसमें उसने इनमें से किसी भी पहचान प्रमाण पर विचार करने से इनकार किया है।

इस तरह, सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई सबसे गंभीर चिंताओं में से एक का समाधान कर दिया है। साथ ही, इसने मतदाताओं, संभावित मतदाताओं या मतदाता सूची में शामिल लोगों से सबूत पेश करने का भार चुनाव आयोग पर डाल दिया है। कोर्ट ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर रोक न लगाते हुए आयोग को एक तरह का झटका भी दिया है। कोर्ट ने आयोग के वकील द्वारा मतदाता सूची का मसौदा (ड्राफ्ट वोटर लिस्ट) तैयार करने, लेकिन अगली सुनवाई की तारीख 28 जुलाई, 2025 से पहले उसे प्रकाशित न करने के प्रस्ताव को भी तत्परता से स्वीकार कर लिया।

चुनाव आयोग का यह कहना सही है कि आधार बायोमेट्रिक पहचान पहचान और पते का प्रमाण है, नागरिकता का नहीं। यही कारण है कि कुछ समय के लिए भारत में रहने वाले विदेशी भी - चाहे वे छात्र हों, शोधार्थी हों, उद्यमी हों, पेशेवर हों या कर्मचारी - आधार के हकदार हैं। उदाहरण के लिए, उन्हें कार खरीदने, बीमा लेने या किराये का मकान लेने के लिए इसकी आवश्यकता होती है। यही कारण है कि दिल्ली जैसे महानगरों में आधार की संख्या मतदाताओं की संख्या से अधिक है।

मीडिया और बीजेपी द्वारा रोहिंग्याओं और बांग्लादेशियों को 'मतदाता' और इस प्रकार भारतीय नागरिक बताने के जुनून के विपरीत, बिहार में रहने वाले नेपालियों की संख्या, नेपाल के साथ बिहार की लंबी और खुली सीमा को देखते हुए, कहीं अधिक होने की संभावना है। कार्यकर्ता और टिप्पणीकार योगेंद्र यादव ने शुरू में ही यही सुझाव दिया था और चुनाव आयोग जितनी जल्दी इसे समझ लेगा, उससे सभी को आसानी होगी। भारत में रहने वाले तिब्बतियों और म्यांमार, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान से आए शरणार्थियों के पास भी आधार हो सकता है और उनमें से कुछ मतदाता सूची में भी शामिल हो गए होंगे। उन्हें बाहर निकालना चुनाव आयोग का काम है और उनकी संख्या बहुत ज़्यादा होने की संभावना नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से बिहार के उन लाखों प्रवासी मज़दूरों की चिंताओं का भी समाधान होने की संभावना है जो घर से दूर जगहों पर काम कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने ऐसे लोगों से एक महीने के भीतर घर लौटकर दस्तावेज़ जमा करने और अपनी नागरिकता साबित करने की अनुचित मांग की थी, लेकिन अब उम्मीद है कि आयोग द्वारा पहले जारी किए गए उनके आधार और वोटर कार्ड की अधिक व्यावहारिक जांच का रास्ता खुलेगा।



वोटर लिस्ट पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को जारी रखने और अदालत द्वारा उस पर 'रोक' न लगाने पर ज़ोर देकर, चुनाव आयोग ने अपनी स्थिति को शायद अस्थिर कर दिया है। अगर वह सुप्रीम कोर्ट के सुझाव के अनुसार आधार, वोटर कार्ड और राशन कार्ड को पहचान और पते के प्रमाण के रूप में स्वीकार करने का फ़ैसला करता है, तो चुनाव आयोग का वह मूल उद्देश्य नाकाम हो जाएगा, जिसके लिए एसआईआर शुरू की गई थी। अगर वह इस सुझाव को मानने से इनकार करता है, तो उसे अगली सुनवाई में कारण स्पष्ट करने होंगे और ऐसा करना आसान नहीं होगा।

गुरुवार की सुनवाई के दौरान, कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई दो और चिंताओं पर ज़ोर नहीं दिया। इनमें से एक नागरिकता का पता लगाने की चुनाव आयोग के अधिकार से संबंधित है। कोर्ट ने साफ कहा कि यह गृह मंत्रालय का काम है–और दूसरी चिंता उस अनुचित जल्दबाजी से संबंधित है जिसके साथ यह प्रक्रिया शुरू की गई और पूरी करने का आदेश दिया गया। आयोग ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि उसे एसआईआर इतनी देर से शुरु करने की इतनी जल्दी क्यों थी और वह इसे नवंबर 2025 में होने वाले अगले विधानसभा चुनाव से पहले क्यों पूरा करना चाहता था। क्यों न और समय लिया जाए और अगले छह महीने या एक साल में यह प्रक्रिया पूरी की जाए और अगले चुनाव के लिए ज़्यादा मज़बूत मतदाता सूची का इस्तेमाल किया जाए?

याचिकाकर्ताओं का यह तर्क वाजिब था कि बिहार में मौजूदा मतदाता सूचियों के आधार पर अब तक दस चुनाव हो चुके हैं, जिनमें से पांच विधानसभा और पांच लोकसभा के हैं। उन्होंने यह भी ज़ोरदार तर्क दिया कि मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण हर साल किया जाता रहा है, और आखिरी पुनरीक्षण जनवरी, 2025 में पूरा हुआ। याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि मतदाता सूचियों में पहले से मौजूद (और वोटर कार्ड धारक) मतदाताओं को नागरिक माना जाना चाहिए क्योंकि चुनाव आयोग ने ही उन्हें मतदाता बनाया है। अगर चुनाव आयोग उनकी नागरिकता पर संदेह के कारण उन्हें मतदाता सूचियों से हटाना चाहता है, तो उसे जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सबूत पेश करने होंगे और सुनवाई करनी होगी।

चुनाव आयोग की सूची में शामिल कई अन्य दस्तावेज़ों (जैसे, जाति प्रमाण पत्र या हाईस्कूल का प्रमाणपत्र) में से कोई भी नागरिकता साबित नहीं करता। उन्होंने तर्क दिया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 23(4) मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए किसी व्यक्ति की पहचान सत्यापित करने हेतु आधार कार्ड के इस्तेमाल को स्पष्ट रूप से अधिकृत करती है।

## मतदाता सूची धांधली: पटना में आधार स्वीकार, लेकिन सीमांचल में मना क्यों?

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** बिहार में मतदाता सूची संशोधन में जमकर धांधली और डबल स्टैंडर्ड की सूचनाएं मिली हैं। पटना में आधार स्वीकार किया जाता है, लेकिन मुस्लिम बहुल सीमांचल में आधार को बतौर दस्तावेज स्वीकार नहीं किया गया।




बिहार में चल रही मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) प्रक्रिया ने एक बड़ी धांधली को उजागर किया है। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार, जहां पटना में मतदाताओं से आधार कार्ड के आधार पर फॉर्म स्वीकार किए जा रहे हैं, वहीं सीमांचल और अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र या भूमि दस्तावेजों की मांग की जा रही है। वहां पर फॉर्म धड़ाधड़ अस्वीकार किए गए। सीमांचल मुस्लिम बहुल इलाका है।

बिहार में 7.89 करोड़ रजिस्टर्ड मतदाताओं में से 57त्न (लगभग 4.5 करोड़) ने बुधवार तक अपने गणना फॉर्म जमा कर दिए हैं। हालांकि, यह प्रक्रिया शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग तरीके से लागू हो रही है। पटना और आसपास के क्षेत्रों में मतदाताओं को आधार, वोटर आईडी या राशन कार्ड जैसे दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा करने की अनुमति दी जा रही है, भले ही ये दस्तावेज चुनाव आयोग द्वारा तय 11 दस्तावेजों की सूची में शामिल नहीं हैं।

दूसरी ओर, सीमांचल के किशनगंज, पूर्णिया, अररिया और कटिहार जैसे जिलों में स्थिति जटिल है। यहां मतदाताओं को तय 11 दस्तावेजों में से एक जमा करना अनिवार्य है, और आधार कार्ड को मान्य नहीं माना जा रहा। इससे कई लोग, खासकर गरीब और विस्थापित समुदाय, परेशान हैं, क्योंकि उनके पास आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं। नतीजतन, ब्लॉक कार्यालयों में निवास प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों और बुजुर्ग मतदाताओं में मतदाता सूची से नाम हटने का डर विशेष रूप से गहरा है।

केंद्र सरकार ने जब आधार कार्ड को लान्च किया था, तो इसे नागरिकता के लिए वैध दस्तावेज माना गया था। आज भी किसी भी पुष्टि के लिए आधार मांगना आम बात है। पासपोर्ट आवेदन में भी आधार को मान्य किया गया। लेकिन अब चुनाव आयोग आधार को क्षेत्र विशेष में अस्वीकार कर रहा है। इससे साफ ज़ाहिर होता है कि सरकार और चुनाव आयोग के इरादे क्या हैं। बिहार में सरकार और चुनाव आयोग अगर इसे लागू करा ले गए तो अगला नंबर पश्चिम बंगाल का है। 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव है। वहां भी इसकी तैयारी अभी से हो रही है। बिहार में मात्र तीन महीने पहले यह प्रक्रिया शुरू की गई है।

चुनाव आयोग के इस कदम की विपक्षी दलों ने कड़ी आलोचना की है। कांग्रेस और राजद सहित इंडिया ब्लॉक ने आरोप लगाया है कि यह प्रक्रिया एनडीए को लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने आधार, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में शामिल करने की मांग की है, जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड नागरिकता का प्रमाण नहीं है।

इस विवाद ने बिहार के राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे के खिलाफ बुधवार को बिहार बंद का आह्वान किया था। जिसमें राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने भी हिस्सा लिया। सुप्रीम कोर्ट में भी इस प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गई हैं, जिनकी सुनवाई 10 जुलाई को होने वाली है।

सीमांचल में, जहां मुस्लिम आबादी का बड़ा हिस्सा है, मतदाताओं को "संदिग्ध विदेशी नागरिक" के रूप में चिह्नित करने की आशंका ने तनाव बढ़ा दिया है। विपक्ष का कहना है कि यह प्रक्रिया कई पात्र मतदाताओं को मतदान से वंचित कर सकती है। चुनाव आयोग ने कहा है कि वह 1 अगस्त तक प्रारंभिक मतदाता सूची और 30 सितंबर तक अंतिम सूची प्रकाशित करेगा। इस बीच, बिहार में यह मुद्दा आगामी विधानसभा चुनावों से पहले राजनीतिक बहस का केंद्र बना हुआ है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### ऑपरेशन कवच तहत सीमा पर पुलिस ने की चेकिंग



**सिद्धार्थनगर।** आपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस द्वारा कस्टम विभाग, सशस्त्र सीमा बल के साथ थाना मोहाना क्षेत्रान्तर्गत ककरहवा भारत नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर पैदल गश्त एवं चेकिंग किया गया तथा भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने, एवं आपसी समन्वय बढ़ाने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के सम्बन्ध में वार्ता की गई। थानाध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय आदि रहे।

### ढाबे पर 'खाकी' का ड्रामा- खाना कम, हंगामा ज्यादा! सिपाही बने 'रात के गुंडा'



**अम्बेडकरनगर।** जिले के मशहूर 'सेठ द ढाबा' पर बुधवार रात पुलिस लाइन के चार सिपाही पेट भरने नहीं, अपनी 'पुलिसगिरी' दिखाने पहुँचे। कहते हैं जनता की रक्षा करने वाले ये साहब लोग देर रात ढाबे पर पहुंचे और खाना कम, हंगामा ज्यादा परोस गए।संचालक ने जब आदरपूर्वक कहा- "भैया! अब बंद करने दो," तो खाकीवालों ने वही किया जो अक्सर सिविल ड्रेस में गुंडे करते ह- गाली, मारपीट और ऊपर से धमकी कि ढाबा बंद ही करवा देंगे।किस्मत से 'सेठ द ढाबा' कोई मूक गवाह नहीं, बल्कि हर कोना CCTV से लैस है। सारी 'बहादुरी' कैमरे में कैद हो गई। अब बेचारा संचालक स्कसाहब के दरबार में फरियाद कर रहा है कि- "साहब! अगर यही सुरक्षा है तो गुंडों को लाइसेंस दे दीजिए!"खबर है कि सिपाही साहब लोग निलंबित हो गए हैं और FIR भी लिखी जा रही है। अब देखना दिलचस्प होगा कि खाकी के ये 'रात के गुंडा' कब तक लाइन हाजिर रहते हैं- या फिर कोई नया ढाबा ढूंढ लेते हैं!

## 60 से ज्यादा सेंधमारी का आरोपी सिलवासा से गिरफ्तार, मलाड पुलिस की बड़ी सफलता

स्वतंत्र प्रभात

मुंबई के मलाड पुलिस स्टेशन को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। सेंधमारी के 60 से अधिक मामलों में वांछित और आदतन अपराधी आशीष दत्ताराम सखारकर को सिलवासा (दादरा और नगर हवेली, केंद्र शासित प्रदेश) से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई मलाड पुलिस की अपराध जांच टीम द्वारा गुप्त सूचना और तकनीकी निगरानी के आधार पर अंजाम दी गई।

**कैसे हुआ खुलासा?**

09 फरवरी 2025 की रात मलाड पश्चिम स्थित एक आवासीय इमारत के पहले मंजिल की खिड़की से घुसकर एक व्यक्ति ने घर की अलमारी तोड़कर 3,27,500 मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए थे। इस मामले में मलाड पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 380 (चोरी) और 454 (गैरकानूनी प्रवेश) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस की क्राइम टीम ने मौके का निरीक्षण कर इलाके के CCTV फुटेज खंगाले और फिंगरप्रिंट की जांच कर आरोपी की पहचान की। जांच में सामने आया कि यह आरोपी कोई और नहीं बल्कि आशीष दत्ताराम सखारकर है, जो पहले से कई थानों में वांछित है।

**सिलवासा में छिपा था आरोपी**

सूचना मिलते ही मलाड पुलिस की टीम ने सिलवासा पहुंचकर दो दिन तक ऑपरेशन चलाया और उसे धरदबोचा। पूछताछ में आरोपी ने मलाड चोरी में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

**61 मामलों में आरोपी, मुंबई के कई थानों में नाम दर्ज**

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ मुंबई के मलाड, विलेपार्ले, गोरेगांव, बोरीवली,




वनराई, जोगेश्वरी, डी.एन. नगर, खार, जूहु, कांदिवली, चारकोप, सांताक्रूज़, अंबोली, वर्सोवा, ओशिवारा, वसई, नालासोपारा, वालिव समेत विभिन्न पुलिस थानों में कुल 61 चोरी व सेंधमारी के मामले दर्ज हैं।

**जांच अभी जारी**

पुलिस यह जानने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने और किन स्थानों पर अपराध को अंजाम दिया है। आने वाले दिनों में और भी खुलासे होने की संभावना है।

**कड़ी मेहनत करने वाली टीम**

इस ऑपरेशन को अंजाम देने में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त शशि कुमार मीणा, पुलिस उपायुक्त संदीप जाधव, छठे पुलिस आयुक्त हेमंत सावंत, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजयकुमार पन्हाले, पुलिस निरीक्षक संजय बेदवाल, पीएसआई तुषार सुखदेवे और मलाड पुलिस स्टेशन की अपराध जांच टीम की अहम भूमिका रही। यह गिरफ्तारी मुंबई पुलिस की सतर्कता और कार्यकुशलता का उदाहरण है, जिसने एक आदतन चोर को पकड़कर शहर को बड़ी राहत दी है।

## कथित दलाल की गतिविधियों पर उठे सवाल, पुलिस थानों में प्रभाव के दावों ने बढ़ाई चिंता

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकर नगर।** जनपद अंबेडकर नगर में इन दिनों एक व्यक्ति को लेकर चर्चाएं तेज हैं, जो खुद को रसूखदार बताते हुए पुलिस थानों में दखल देने के दावे करता नजर आ रहा है। स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं के अनुसार, उक्त व्यक्ति कथित रूप से लालबत्ती लगी गाड़ी का उपयोग करता है और खुद को राजनीतिक व प्रशासनिक हलकों से जुड़ा बताता है। कुछ वायरल वीडियो और ऑडियो क्लिप में वह थाने में मुकदमा दर्ज कराने, लोगों को फँसाने, और यहां तक कि थानाध्यक्षों के तबादले की बातें करता सुनाई दे रहा है। हालांकि इन क्लिपों की सत्यता की अभी तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

इस पूरे मामले को लेकर नागरिकों में चिंता देखी जा रही है कि यदि कोई व्यक्ति थानों के कामकाज में इस प्रकार हस्तक्षेप कर रहा है, तो यह कानून व्यवस्था की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं, पुलिस प्रशासन की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। पुलिस अधीक्षक से इस संबंध में अपेक्षा की जा रही है कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और यदि किसी व्यक्ति द्वारा अनधिकृत प्रभाव या दबाव डाला जा रहा है, तो उस पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई हो। फिलहाल यह मामला जांच और तथ्यों की पुष्टि की मांग करता है। प्रशासनिक पारदर्शिता बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाया जाना आवश्यक है।

## हाईकोर्ट के स्टे के बावजूद विपक्षी से सांठगांठ कर जमीन पर करवा दिया कब्ज़ा



● **पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार**

स्वतंत्र प्रभात

**अहिरौली, अम्बेडकर नगर** अम्बेडकर नगर। जमीन विवाद के एक मामले में हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया है, जहां हाईकोर्ट से स्टे के बावजूद विपक्षी ने पुलिस संरक्षण में जबरन कब्जा कर लिया। यह मामला अहिरौली थाना क्षेत्र का है, जहां पीड़ित जगन्नाथ मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है।

जगन्नाथ मिश्रा का आरोप है कि विपक्षी सुरेश मिश्रा से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था, जिस पर हाईकोर्ट से स्थगनादेश (स्टे) भी प्राप्त था। बावजूद इसके, सुरेश मिश्रा ने पुलिस की मिलीभगत से उस जमीन पर जबरन निर्माण कार्य (धन बेतवा) शुरू करवा दिया। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान सुरेश मिश्रा ने संबंधित पुलिसकर्मी को रुपए की लालच देकर कार्रवाई से रोक दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पुलिसकर्मी राम खिलाड़ी को लाइन हाजिर कर दिया है। इस घटना ने पुलिस की कार्यप्रणाली और जमीन विवादों में पुलिस की भूमिका को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## श्रीभूमि जिले के दरगारबंद जीपी के आदर्श कृष्णनगर गाँव में सड़क की हालत जर्जर

● **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा का ध्यान आकर्षित।**

स्वतंत्र प्रभात

**श्रीभूमि-** वर्तमान सरकार विकासात्मक कार्यों के माध्यम से विकास के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिसके तहत प्रत्येक क्षेत्र में सड़क-निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सड़कों के परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये आवंटित किए जा रहे हैं। ताकि आम लोगों की सड़क संबंधी समस्याओं का समाधान किया जा सके। लेकिन श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर समष्टि की दरगारबंद जीपी के आदर्श कृष्णनगर गांव केवल नाम का मॉडल गांव है, जो अत्यंत खस्ताहाल में है। गांव के विकास में नाम से सड़क की हालत बेहद खराब है, और पीने के पानी के किसी सरकारी योजना (PHE) के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। लोग को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं, फिर भी सरकार का केवल विकास और विकास का आश्वासन ही है, विकास की कोई खबर नहीं है और लोग कैसे हैं और गांव में क्या चल रहा है। आदर्श कृष्णनगर गांव की सड़क की खस्ताहाली पर



विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि का कोई ध्यान नहीं है। इस गांव में इस कठिन स्थिति में गांव वालों को चलना पड़ता है। यदि जनप्रतिनिधि गांव का दौरा करेंगे तो वे समझेंगे कि इस गांव के लोगों की गाँव की इस भयानक स्थिति में गाँववाले आवाजाही करने को मजबूर हैं। इस गाँव के लोग इस जर्जर सड़क के लिए पीड़ित हैं। केवल इसी सड़क पर वाहन चलाने वालों और दैनिक यात्रियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे स्कूल के छात्रों और रोगियों को भी गुजरना पड़ता है क्योंकि कोई वैकल्पिक सड़क नहीं है। और इसी कारण इलाके के आम लोग गंभीर कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। वर्तमान में स्थिति इस कदर हो गई है कि गाड़ियाँ भी इस ग्रामीण सड़क से यात्रा नहीं कर पा रही हैं, जिससे गाँववाले हर दिन इस लाल मिट्टी की कीचड़ भरी जर्जर सड़क के लिए विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

दूसरी ओर, भारी वर्षा के कारण सिंगला नदी के जलस्तर में बाढ़ आई है, जिससे आदर्श कृष्णनगर गाँव के प्राचीन देव मंदिर के सामने एसओपीडी सड़क पर बड़ा गड्ढा बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंगला नदी के प्रवाह के प्रभाव के कारण पूरे गाँव की केवल एक ही सड़क इस गड्ढे बेहद खतरनाक स्थिति में है, जिसके कारण गाँववासियों में भय का माहौल है। जबकि लंबे समय से यह समस्या जारी है। हालांकि लंबे समय से इस ग्रामीण सड़क के उस स्थान पर सरकार द्वारा नदी के कटाव की सुरक्षा की मांग की गई थी। मांग के अनुसार नेताओं का वादा था कि प्रोटेक्शन दी जाएगी लेकिन आज तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं और विकासात्मक कार्य कुछ भी नहीं हुआ। यदि इस तरह से दरार का स्थान मरम्मत भी नहीं की गई तो गड्ढा और बड़ा आकार ले



लेगा और फिर स्थान नरम होकर सिंगला नदी के जल प्रवाह से सड़क डूब जाएगी, स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी, ऐसा स्थानीय लोग बताते हैं। इस सड़क की दुर्दशा के लिए दोषी कौन है, यही सवाल उठ रहा है लोगों के मन में। सरकार की उदासीनता के कारण आज इस गांव को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव वालों की आवाजाही के एकमात्र सड़क के पुनर्निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का ध्यान आकर्षित किया गया है। ताकि इस विषय में उचित कदम उठाकर इस संपूर्ण आदर्श कृष्णनगर गाँव की सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत नए सिरे से परियोजना के माध्यम से बनाया जा सके, तभी यह समस्या लोगों की भलाई के लिए हल होगी क्योंकि सड़क की स्थिति बेहद खराब है।

## संक्षिप्त खबरें

### छठवीं कक्षा के छात्र ने संगे भाई के तीन वर्षीय मासूम बच्ची से दुष्कर्म का किया प्रयास

**बस्ती।** नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में उसे वक्त हंगामा मच गया जब 14 वर्षीय छठवीं कक्षा का छात्र अपने सगे भाई के मासूम 3 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। मासूम बच्ची की मां ने आरोप लगाया कि मेरे देवर द्वारा जब मैं सौच के लिए बाहर गई हुई थी तो कमरे में सो रही मेरी बच्ची के साथ में मेरे सगे देवर ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया और बच्ची के गुप्तांग में मेरे देवरा द्वारा उंगलियों से गंदी हरकतें की गई जिसको मेरी मासूम बच्ची ने इशारे से बताया। समय घोर कलयुग का चल रहा है कदम कदम पर अपने ही दुष्कर्मी और कातिल खड़े हुए हैं आज के जमाने में दुश्मनों से इतनी डर नहीं है जितना डर अपनों से बना रहता है। पीड़िता की मां ने बिना देरी किए डायल 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पीड़िता और मां को लेकर थाने आई जहां पर पीड़िता के मां के तहरीर पर दुष्कर्मी के ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया और पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पीड़िता के पिता बाहर रोजी-रोटी के लिए कमाने गए हुए हैं घर पर मां बेटी रह रही थी वही नगर थाना के थानाध्यक्ष ने बताया कि सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है आगे की कार्यवाही प्रचलित है।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर डीपीआरओ को सोपा ज्ञापन



**बलरामपुर।** सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रदीप गौतम व महामंत्री जाहिर जिला पंचायत राज्य अधिकारी सुश्री श्री उपाध्याय सफाई कर्मचारी के तरफ से एक मांग पत्र के माध्यम से 10 बिंदु पर स्थिति से अवगत कराया सफाई कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष प्रदीप गौतम व महामंत्री जहीर खान ने बताया की सफाई कर्मचारी का कार्यकाल 16 वर्ष बीत चुका है किंतु दूसरी ACPअभी तक नहीं लगाया गया है तथा पहले एसीपी में जिसका नाम छूट गया है उनको पहले एवं दूसरा एसीपी का लाभ प्रदान किया जाए सफाई कर्मचारी की ड्यूटी कार्यालय आदेशों से लगाया जाए ना की मैसेज WhatsApp द्वारा सफाई कर्मचारियों को अन्य विभाग की तरह चिकित्सा व अन्य भक्त प्रदान की जाए समय-समय पर कर्मचारियों को पदोन्नति दिया जाए मेला अथवा वीआईपी ड्यूटी या अन ब्लॉक से अतिरिक्त अन्य ब्लॉक में लगाई गई ड्यूटी का दैनिक भत्ता प्रदान किया जाए इन सभी मांगों को ज्ञापन के जरिए जिला पंचायत राज अधिकारी महोदय को ज्ञापन दिया इस मौके पर अध्यक्ष प्रदीप कुमार गौतम महामंत्री जाहिर कार्यवाहक अध्यक्ष संचित यादव उपाध्यक्ष आलम शेर एवं संगठन के पदाधिकारी सहित काफी तादात में सफाई कर्मचारी जनपद बलरामपुर के मौजूद रहे।

### जिला जज ने मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ की बैठक



**चित्रकूट** - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा मीडिएशन एवं कंसीलियेशन प्रोजेक्ट समिति सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के तत्वावधान में आगामी 30 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी ने शुक्रवार को न्यायालय परिसर में संचालित मध्यस्थता केन्द्र का निरीक्षण कर मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में जिला जज ने सभी अधिवक्ताओं को मध्यस्थता के लिए संदर्भित वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित करने के लिए प्रेरित किया। निर्देशित किया कि प्रत्येक अधिवक्ता मध्यस्थ राष्ट्र के प्रति समर्पित मध्यस्थता अभियान को सफल बनाने के लिए पक्षकारों के मध्य अधिक से अधिक वार्ता कराते हुये वादों को निस्तारित कराएं। इस मौके पर मध्यस्थ अधिवक्ता नरेन्द्र करवरिया, भोला शंकर, राहुल शर्मा, ननकूराम यादव, रवीशंकर, मुन्नालाल आदि मौजूद रहे।

# सरकार पेंशनरी रूल में बदलाव के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करेंगे सेवानिवृत्त कर्मचारी

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसियेशन की जनपद बस्ती शाखा की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित पेंशनर्स कक्ष मे हुई। बैठक का संचालन जिला मंत्री उदय प्रताप पाल ने किया। अध्यक्षता करते हुये एसोसियेशन के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा पेंशनरी रूल में किया गया बदलाव किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नही है। इसके विरोध में देशभर में जिलाधिकारी कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जायेगा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के इस विरोध को कई संगठनों ने समर्थन देते हुये निर्णायक संघर्ष की चेतावनी दी है। बैठक में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये नरेन्द्र बहादुर उपाध्याय ने कहा कि इसमे हर पेंशनर एवं कार्यरत कर्मचारियों का योगदान महत्वपूर्ण है। जिस जंग की शुरूआत हुई है उसका परिणाम हमारे पक्ष में होगा। उन्होने कहा 15 जुलाई को प्रदर्शन के उपरान्त मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को सम्बोधित



ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपे जायेंगे। एसोसियेशन की प्रस्तावित मांगों में प्रमुख रूप से फाइनेंसियल बिल 2025 के माध्यम से पेंशनरी रूल में किये गये बदलावों को निरस्त कर पेंशनरों को फाइनेंसियल एक्ट 2025 के वैलीडेशन क्लाज के अनुसार संरक्षण दिये जाने, वेतन आयोग के गठन की कार्यवाही पूर्ण कर नियम एवं शर्तो में पेंशन के पुनरीक्षण का विषय भी संदर्भित किये जाने, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेंशनरों के महंगाई भत्ते का शासनादेश की तिथि को ही जारी किये जाने, देश में एनपीस, यूपीएस के स्थान पर कर्मचारियों एवं शिक्षकों को परिभाषित लाभ पेंशन योजना ओपीएस ही प्रदान किये जाने, पेंशन के राशिकरण की हो रही कटौती 15 वर्ष से घटाकर 10 वर्ष किये जाने, कोरोना काल का कर्मचारियों, शिक्षकों एवं पेंशनर्स के रोके गये 18 माह के डीए के एरियर का भुगतान तत्काल कराये जाने तथा विद्यालयों को मर्ज करने से रोके जाने की मागें शामिल हैं। बैठक में मौजूद प्रा.शि.सं. के जिलाध्यक्ष उदशंकर शुक्ल ने 15 जुलाई को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन का समर्थन किया। जिला मंत्री उदयप्रताप पाल ने सभी कर्मचारियों, शिक्षकों व पेंशनरों, से अनिवार्य रूप से विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने की अपील किया। बैठक में राघवेन्द्र प्रताप सिंह, अभिषेक उपाध्याय, विनोद कुमार, वरि. उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश चन्द्र श्रीवास्तव, रामकुमार लाल, छोटेलाल यादव, प्रेमशंकर लाल श्रीवास्तव, सह मीडिया प्रभारी सुरेन्द्रनाथ उपाध्याय, सुरेशधर दूबे, रामकुमार लाल, अंगीरा प्रसाद, रामचन्द्र शुक्ल, ओमप्रकाश मिश्र, रामदुलारे, जंगबहादुर आदि का योगदान रहा।

## पडुई नदी की खुदाई कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

**मानिकपुर, चित्रकूट-** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम पंचायत भौंरी में चल रहे ठठेरवा तालाब तथा पडुई नदी के जीर्णोद्धार एवं खुदाई के कार्य का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ब्लाक प्रमुख मानिकपुर ने बताया कि पडुई नदी तीन किलोमीटर तक पूर्णतया विलुप्त हो गई थी, जिसकी खुदाई का कार्य कराकर नदी का पानी ठठेरवा तालाब में भरा जा रहा है। यह नदी ग्राम पंचायत ऐंचवारा, रामपुर तरांव एवं भौंरी के अंतर्गत आती है। इस पर जिलाधिकारी ने अवर अभियंता लघु सिंचाई को निर्देश दिए कि प्रस्ताव बनाकर नदी के खुदाई का कार्य कराएं। प्रभागीय वनाधिकारी से कहा कि ठठेरवा तालाब में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से पौधरोपण कराएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, ग्राम प्रधान भौंरी सत्यभामा, ग्राम प्रधान ऐंचवारा सुनील शुक्ला, ग्राम प्रधान रामपुर तरांव मिथिलेश सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत गायघाट के नवनिर्मित कार्यालय का पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने फीता काट कर किया उद्घाटन

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिलेमे शुक्रवार को नगर पंचायत गायघाट विधानसभा महादेव नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बालकृष्ण त्रिपाठी पिंटू वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया इसके बाद कार्यालय भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया मौजूद लोगों को संबोधन करते हुए पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी ने सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास जन कल्याण की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की और कहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है उन्होंने ने कहा कि नगर पंचायत का गठन और विकास इसी का हिस्सा है ग्रामीण और शहरी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री मोदी जी की पहली प्राथमिकता है वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद मिश्र



लोगों को संबोधित करते हुए कहा की सरकारी नौकरी के लिए अब किसी के जुगाड़ लगाने की आवश्यकता नहीं है सिर्फ काबिलियत है आपके अंदर तो नौकरी कदम चूमेगी सरकार की उपलब्धियां गिनाई नगर वासियों को विश्वास दिलाया की बस्ती के विकास और जन सेवा के लिए सदा पूरी निष्ठा से संघर्ष करते रहेंगे इस मौके पर पूर्व विधायक रवि सोनकर सुनील कुमार अरविंद पाल ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ब्रह्मदेव यादव देव दिलीप पांडे अभिषेक कुमार अमित चौबे बिंदमानी राजकुमार शुक्ला आनंद मोदनवाल विजय शंकर मिश्रा परमात्मा नंद आजाद सदानंद त्रिपाठी सुरेश विष्णु शुक्ला सुगन कनौजिया व तिवारी सुरेश अग्रहरि नितिन अग्रहरि मनोज यादव सहित क्षेत्र के तमाम आदि लोग मौजूद रहे।

## अधिवक्ता बुद्धिश्म राना ने वृक्षारोपण व करुणा के साथ मनाया जन्मदिवस

**स्वतंत्र प्रभात**

संवाददाता पंकज कुमार

**आलापुर अम्बेडकर नगर।** अम्बेडकर नगर जिले के नगर पंचायत जहांगीरगंज क्षेत्र में एक ओर जहाँ जन्मदिवस को महज एक उत्सव के रूप में मनाने की परंपरा चल रही है, वहीं अंबेडकरनगर जनपद के तेजतर्रार अधिवक्ता व वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट बुद्धिश्म राना ने अपने जन्मदिन को पर्यावरण और मानवीय करुणा को समर्पित कर समाज के समक्ष एक नई मिसाल प्रस्तुत की है।समाज सेवा और पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रेरणादायक उदाहरण। जहांगीरगंज स्थित ग्राम न्यायालय में कार्यरत एडवोकेट राना ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर सर्वप्रथम पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा वृक्ष केवल हमारे जीवन का आधार नहीं, अपितु भावी पीढ़ियों के लिए सबसे अमूल्य धरोहर हैं। हमें अपने प्रत्येक जीवनपर्व को प्रकृति के संरक्षण में बदलना चाहिए। इसके पश्चात उन्होंने तथागत भगवान बुद्ध की शिक्षाओं को स्मरण करते हुए सभी जीवों के प्रति करुणा और संवेदनशीलता का संदेश दिया। उन्होंने मछलियों को चारा



खिलाकर अहिंसा व जीवमात्र के प्रति दया का प्रतीकात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया।

जन्मदिवस पर आयोजित समारोह में परिजनों एवं शुभचिंतकों के साथ उन्होंने केक काटा, किंतु आयोजन का मूल उद्देश्य केवल उत्सव न होकर सामाजिक जागरूकता रहा। इस आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था श्रीचंद द्वारा की गई थी, जहां क्षेत्र के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। विशिष्ट अतिथियों में सम्मिलित रहे बसपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत सदस्य (रामनगर पूर्वी) जयप्रकाश मौर्यसर्वजन उत्थान वेलफेयर फाउंडेशन के निदेशक डॉ. एस. पी. चक्रवर्ती वरिष्ठ समाजसेवी रमेश मौर्य वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार मौर्य समाजसेवी अग्निता एवं डॉ. गीतासहित अन्य सम्माननीय व्यक्तित्व।सभी उपस्थित अतिथियों ने एडवोकेट बुद्धिश्म राना को जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक दृष्टिकोण, मानवीय मूल्यों और पर्यावरण के प्रति समर्पण की सराहना की।समापन पर सभी ने इस बात पर बल दिया कि ऐसे आयोजन समाज को नई सोच, नई दिशा और नव प्रेरणा देने का कार्य करते हैं।

# विधान परिषद में उठेगा परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का मामला-देवेन्द्र प्रताप सिंह

### ●सर प्लस किये जा रहे हैं शिक्षकः भविष्य में बंद हो जायेगी शिक्षक भर्ती-उदयशंकर शुक्ल

### शिक्षकों ने एम.एल.सी. देवेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपा ज्ञापन

**स्वतंत्र प्रभात**

**बस्ती।** बस्ती जिले में परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस लिये जाने की मांग को लेकर शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक षिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल के नेतृत्व में संघ पदाधिकारियों, शिक्षकों ने विधान परिषद सदस्य देवेन्द्र प्रताप सिंह को न्याय मार्ग पर ज्ञापन सौंपा। मांग किया कि सरकार



पर दबाव बनवाया जाय कि परिषदीय विद्यालयों को मर्जर किये जाने का आदेश वापस ले। देवेन्द्र प्रताप ने कहा कि इस मामले को सदन में पूरी मजबूती से उठाया जायेगा।ज्ञापन देने के बाद जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों को बन्द कर अध्यापकों के पदों को समाप्त किया जा रहा है जिससे भविष्य में शिक्षकों की भर्ती न करनी पड़े। कहा कि सरकार के इस नीति से प्रदेश के कई जनपदों में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक सर प्लस होते जा रहे हैं। यह खतरनाक स्थिति है और आने वाली पीढी को शायद ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षक के रूप में अवसर मिले। ऐसे में बहुत जरूरी है कि सरकार विद्यालयों को बंद कर देने का अपना निर्णय वापस ले।यह जानकारी देते हुये जिला प्रवक्ता सूर्य प्रकाश शुक्ल ने बताया कि ज्ञापन सौंपने वालों में जिला मंत्री राघवेन्द्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश कुमार, कोषाध्यक्ष अभय सिंह यादव, मंजेश राजभर, रवि प्रताप सिंह, नवीन चौधरी, रवि प्रकाश शुक्ल, शिवम शुक्ल, रामपाल चौधरी, शारदा प्रसाद चौबे, शिवाकान्त पाण्डेय, रविशंकर शुक्ल, उमेश चन्द्र पाल, विनोद कुमार, अभिषेक उपाध्याय, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, दीपक कुमार गौतम, ओम प्रकाश पाण्डेय, सुशील कुमार आजाद, मारूफ खान के साथ ही अनेक शिक्षक और संघ पदाधिकारियों के साथ ही एम.एल.सी. प्रतिनिधि हरीश सिंह शामिल रहे।

# विद्युत कर्मियों की टीम पर दबंगों ने किया प्राणलेवा हमला

### ●आलापुर थाना क्षेत्र के रामनगर महुवर के जेट्ठावां गांव में किया गया हमला

### आलापुर पुलिस ने दर्ज किया तीन नामजद एवं जेट्ठावां गांव के ही कुछ अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा

**स्वतंत्र प्रभात**

**आलापुर-** रामनगर विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता रवीन्द्र कुमार मौर्य की तहरीर पर जेट्ठावां गांव निवासी शैलेन्द्र यादव, बब्लू यादव पुत्र गण परशु यादव तथा हर्षित यादव पुत्र मनोज यादव के विरुद्ध मार-पीट गाली गलौज एवं धमकी देने तथा सरकारी कार्य में बाधा डालने की धाराओं के तहत पंजीकृत हुआ मुकदमा अवर अभियंता रवीन्द्र कुमार मौर्य की ओर से आलापुर थाने पर दी गई तहरीर के मुताबिक दिनांक 10 जुलाई को समय सांय लगभग 6:40 पर विद्युत चोरी रोकथाम एवं अवैध रूप से चल रहे विद्युत मोटर से सिंचाई हेतु विद्युत चोरी रोकने हेतु उपखण्ड अधिकारी राधा सिंह, टीजी । अजय यादव, संविदा कर्मी देवानंद दूबे व सुनील कुमार को साथ लेकर उपखण्ड के वाहन से अवर अभियंता रवीन्द्र कुमार मौर्य जेट्ठावां गांव पहुंचे तो शैलेन्द्र यादव, बब्लू यादव पुत्र गण परशु यादव एवं हर्षित यादव पुत्र मनोज यादव द्वारा की जा रही विद्युत चोरी पकड़े जाने पर उपरोक्त तीनों लोगों ने गांव के कुछ अन्य लोगों को बुला लिया तथा विद्युत कर्मियों की टीम के साथ गाली-गलौज एवं मार-पीट करने लगे तथा संविदा कर्मी सुनील कुमार का मोबाइल छीन कर विद्युत चोरी का बनाया गया वीडियो जबरिया डिलीट करवा दिया तथा भविष्य में चेकिंग नहीं करने की धमकी के साथ साथ जान से मार डालने की भी धमकी दिया। विद्युत कर्मियों की टीम किसी तरह जान बचाकर मौके से भागी तथा अवर अभियंता ने घटना की सूचना अधिशाषी अभियंता एवं अन्य उच्चाधिकारियों को देने के बाद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए आलापुर थाने पर तहरीर दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा तो पंजीकृत कर लिया लेकिन अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। आलापुर थानाध्यक्ष राकेश कुमार के मुताबिक मुकदमा पंजीकृत आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हरिशंकर गुप्ता ने की पीड़ितों का भुगतान कराए जाने की मांग

**स्वतंत्र प्रभात**

**चित्रकूट-** समाजसेवी एवं राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन कर्वी के जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने चित्रकूटधाम मण्डल बांदा आयुक्त को पत्र लिखकर बट्स एक्ट 2019 अधिनियम के तहत ठगी पीड़ितों का भुगतान कराए जाने की मांग की है। जिला मंत्री हरिशंकर गुप्ता ने कहा कि संसद सदन में देश के समस्त ठगी पीड़ितों के भुगतान के लिए अनियमित जमा योजनाओं पाबंदी अधिनियम 2019 बनाया गया था। जिसमें किसी ठगी पीड़ित आवेदक के आवेदन पर 180 दिन में उसकी जमा राशि के दो से तीन गुना भुगतान करने के लिए जिले में नियुक्त सक्षम, सहायक सक्षम अधिकारी और विशेष न्यायाधीश को अधिकृत किया था। जबकि इस अधिनियम का अनुपालन प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। कहा कि ठगी के शिकार लोगो की पूंजी न मिलने से गरीब, मध्यम व व्यापारी वर्ग मानसिक तनाव ग्रस्त है। मांग की कि भुगतान की प्रक्रिया को जल्द से जल्द शुरू करें। जिससे गरीब, मध्यम और व्यापारियों वर्ग का हित हो सकें।

## कार्यालय ग्राम पंचायत हथिनास वि0ख0 गौर (बस्ती)

पत्रांक- मेमो /टेण्डर विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक 11.07.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत हथिनास द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिषन-ग्रामीण/एस0एल0डब्लू0एम0/सांसद निधि/विधायक निधि/अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमन्त्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेण्ट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी ढुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टालाक्रिग ईट 80 एम0एम0, सरिया, एंगिल, फेंसिंग जाली, जी0 आई0 शीट, हयूम पाइप 250 एम0एम0 व्यास से 900 एम0एम0 व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेण्टिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मषीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेषनरी, साइनबोर्ड, षिलापट्ट,ठेला,ई रिक्षा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत हथिनास के निविदा बाक्स में दिनांक 18.07.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराषि मु0 5000.00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2025 से दिनांक 18.07.2025 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम व शर्तेः-**

1.जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2.आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 का रजिस्ट्रेषन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3.कार्यालय ग्राम पंचायत हथिनास द्वारा नामित कर्मचारियो तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4.सामग्री/उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत हथिनास की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5.जो दरें प्रस्तुत की जाय जी0एस0टी0 तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेष पर की जायेगी।
7.सामग्री/उपकरण की मात्रा तथा समय आवष्यकतानुसार घटाई व बढाई जा सकती है।
8.प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9.आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी0एस0टी0 काटी जायेगी।
10.धरोहर की धनराषि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0आर0 पत्र/एन0एस0सी0/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायतहथिनास के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11.आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेष से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12.ग्राम प्रधान/सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिष्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नही की जायेगी उक्त आषय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13.आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर0ई0डी0/अवर अभियन्ता/कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15.सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

( उर्मिला देवी )
प्रधान
ग्राम पंचायत- हथिनास।

( जितेन्द्र अरोरा )
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- हथिनास ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत इटहिया वि0ख0 गौर (बस्ती)

पत्रांक- मेमो /टेण्डर विज्ञप्ति/2025-26 दिनांक 11.07.2025

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत इटहिया द्वारा पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवा वित्त केन्द्रीय वित्त/मनरेगा/राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/स्वच्छ भारत मिषन-ग्रामीण/एस0एल0डब्लू0एम0/सांसद निधि/विधायक निधि/अन्त्येष्टि स्थल का विकास/ मुख्यमन्त्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना सहित अन्य योजनान्तर्गत योजना वर्ष 2025-26 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यो हेतु ईट, ईट गिट्टी, सीमेण्ट, लोकल सैड, बालू, मोरंग, मिट्टी ढुलाई सहित, पत्थर गिट्टी, इण्टालाक्रिग ईट 80 एम0एम0, सरिया, एंगिल, फेंसिंग जाली, जी0 आई0 शीट, हयूम पाइप 250 एम0एम0 व्यास से 900 एम0एम0 व्यास तक सभी साइज, बेंच, डस्टबिन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, विद्युत व इलेक्ट्रानिक उपकरण, इण्डिया मार्का हैण्डपम्प मरम्मत व रिबोर से जुडे सामग्री व उपकरण, पेण्टिंग, पलम्बिंग सामग्री, फागिंग मषीन व रसायन, सफाई उपकरण, कुर्सी, मेज, अलमारी, स्टेषनरी, साइनबोर्ड, षिलापट्ट,ठेला,ई रिक्षा आदि के आपूर्ति हेतु निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में कार्यालय ग्राम पंचायत इटहिया के निविदा बाक्स में दिनांक 18.07.2025 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक डाली जायेगी। निविदा उसी दिन अपरान्ह 3:00 बजे आपूर्तिकर्ता या उसके प्रतिनिधि के उपस्थिति में कार्यालय ग्राम पंचायत में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर धनराषि मु0 5000.00 (पांच हजार) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.07.2025 से दिनांक 18.07.2025 तक कार्यालय दिवस में प्राप्त किया जा सकता है।

**नियम व शर्तेः-**

1.जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2.आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 का रजिस्ट्रेषन तथा आयकर देने का प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3.कार्यालय ग्राम पंचायत इटहिया द्वारा नामित कर्मचारियो तथा आपूर्तिकर्ताओ की उपस्थिति में निविदा निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर खोला जायेगा।
4.सामग्री/उपकरण की आपूर्ति ग्राम पंचायत इटहिया की परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी अलग से कोई ढुलाई व्यय देय नही होगी।
5.जो दरें प्रस्तुत की जाय जी0एस0टी0 तथा कार्टेज एवं अन्य कर जोडकर प्रस्तुत की जाय।
6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत के आदेष पर की जायेगी।
7.सामग्री/उपकरण की मात्रा तथा समय आवष्यकतानुसार घटाई व बढाई जा सकती है।
8.प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नही होगा।
9.आपूर्तिकर्ता के बिल से नियमानुसार आयकर तथा जी0एस0टी0 काटी जायेगी।
10.धरोहर की धनराषि नकद अथवा राष्ट्रीयकृत बैंक के एफ0डी0आर0 पत्र/एन0एस0सी0/डाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत इटहिया के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
11.आपूर्ति दर स्वीकृत होने के बाद ग्राम पंचायत के आपूर्ति आदेष से सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति करना अनिवार्य होगा।
12.ग्राम प्रधान/सचिव/पंचायत सहायक/रोजगार सेवक/तकनीकी सहायक/कन्सल्टिंग इन्जीनियर तथा उनके सगे संबंधी रिष्तेदार द्वारा निविदा प्रस्तुत नही की जायेगी उक्त आषय आषय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
13.आपूर्तिकर्ता को भुगतान अवर अभियन्ता आर0ई0डी0/अवर अभियन्ता/कन्सल्टिंग अभियन्ता के द्वारा गुणवत्ता एवं मात्रा प्रमाणित होने एवं मापन के बाद ही होगा।
14.निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र पर ही स्वीकृत की जायेगी।
15.सामग्री/उपकरण आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
16.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा।

( राहुल तिवारी )
प्रधान
ग्राम पंचायत- इटहिया ।

( जितेन्द्र अरोरा )
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- इटहिया।

## संक्षिप्त खबरें

### आत्मकथ्य कबीरा खड़ाबाजार में लिये लुआठी हाथ

**जो घर फूकें आपणा चले हमारे साथ।**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हम निशाने पर इस लिये हैं क्यूंकि आप के सामने हैं, पास और फेल वह होता है जो परीक्षा देता है जिसे इन चीजों से वास्ता ही नहीं उसके लिए किसी नतीजे का क्या मतलब? जिन्हें परिसर की दीवारों की बदहाली नही दिखती वह आप से ष्ट की पाइप अंदर करने के लिये नही कहता, जिन्हें परिसर में टहलने-घूमने में दिक्कत ना हो उसे रास्तों के अतिक्रमण से शिकायत नही होगी, जो तस्वीरों की हरियाली से मोहित होंगे उन्हें व्यवहार में परिसर की हरियाली से क्या लेना-देना? जिनका परिवार यहाँ नही रहता उन्हें अपने फ्लैट में ऑफिस, कैंटीन, तय समय के लिये किराए पर कमरे उपलब्ध कराने में क्या हानि है, अच्छे पैसे मिल रहे हैं, यही जीवन का मूलमंत्र हैं, सफलता का पैमाना है,न वे आपसे शिकायत करेंगें न आप नाराज होंगे, स्थितियों में सुधार हो ना हो इससे मतलब नहीं अब क्या करना है यह तय तो आपको करना है। आप जगे हैं या सो रहे हैं? जगना-सोना तो दिनचर्या है पर खुली आंखों से सोना निष्क्रियता है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने हरौनी में किया क्लीनिक का उदघाटन



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधानसभा के हरौनी कस्बे में शुक्रवार को आशीर्वाद क्लीनिक का शुभारंभ हुआ। क्लीनिक का उद्घाटन पूर्व केन्द्रीय मंत्री व मोहनलालगंज के पूर्व भाजपा सांसद कौशल किशोर ने फीता काटकर किया। डाक्टर हिमांशु यादव बीएएमएस व जनरल फिजिशियन ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता विरेंद्र रावत सहित हरौनी क्षेत्र व हरौनी गाँव के तमाम लोग मौजूद रहे।

### जनता दर्शन विशेष समाधान दिवस में 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त, 40 मामलों का त्वरित निस्तारण

**मोहनलालगंज।** लखनऊ,शुक्रवार को तहसील परिसर में आयोजित जनतादर्शन सह विशेष समाधान दिवस में नागरिकों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करने हेतु खुला शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 85 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।इनमें से 70 प्रार्थना पत्र खतौनी में प्रविष्टि, 4 त्रुटिपूर्ण इन्द्रराज, तथा 11 आवेदन मेडबंदी एवं सीमांकन से संबंधित थे। अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही 5 मामलों का तत्काल निस्तारण कराया, जबकि 35 खतौनी प्रविष्टि के प्रकरणों का समाधान मात्र 4 घंटे के भीतर कर दिया गया। इस विशेष समाधान दिवस की एक प्रमुख उपलब्धि रही महिला आवेदक संगीता देवी निवासी सैय्यद बाड़ा नगराम के मामले में अधिकारियों ने तत्काल अमलदरामद कराकर निस्तारित किया।जनतादर्शन के इस आयोजन ने प्रशासन और जनता के बीच संवाद और विश्वास को सशक्त करने का कार्य किया, साथ ही यह सुनिश्चित किया कि आम जन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से हो।

### हल्की बारिश में जलमग्न हुआ ऐतिहासिक कालेवीर बाबा मंदिर परिसर

**..नगर पंचायत की लापरवाही पर भड़के श्रद्धालु, मंदिर समिति ने उठाई आवाज।**

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कस्बे में स्थित ऐतिहासिक आस्था स्थल कालेवीर बाबा मंदिर परिसर में गुरुवार को हुई हल्की बारिश के बाद ही जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मंदिर का मुख्य परिसर और प्रवेश द्वार पानी से लबालब हो गया, जिससे श्रद्धालुओं को आने-जाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा।मंदिर समिति के व्यवस्थापक देवेंद्र पाण्डेय ने बताया कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को कई बार लिखित शिकायत दी गई, लेकिन अब तक जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश के समय यही स्थिति उत्पन्न होती है, जिससे न केवल श्रद्धालुओं को परेशानी होती है, बल्कि मंदिर की गरिमा और स्वच्छता भी प्रभावित होती है।स्थानीय दुकानदारों और श्रद्धालुओं ने भी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि प्रशासनिक उपेक्षा के कारण यह ऐतिहासिक स्थल बदहाल होता जा रहा है। लोग दूर-दराज से बाबा कालेवीर के दर्शन के लिए आते हैं, लेकिन पानी और कीचड़ में फिसलने का खतरा हमेशा बना रहता है।क्षेत्रीय जनता और मंदिर समिति ने नगर पंचायत से मांग की है कि मंदिर परिसर की जल निकासी व्यवस्था को तुरंत सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाले सावन मास और धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो।

# बुद्धेश्वर मन्दिर का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात





**काकोरी।** सावन माह में कांवड़ यात्रा और भोलेनाथ के दर्शन के लिए उमड़ने वाली भीड़ को लेकर जिला प्रशासन हरकत में है। बुधवार को जिलाधिकारी विशाख और संयुक्त पुलिस आयुक्त बबलू कुमार ने पारा स्थित बुद्धेश्वर मंदिर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान सड़क से लेकर मंदिर प्रांगण तक की हर व्यवस्था पर नजर डाली गई।

जिलाधिकारी ने साफ कहा श्रद्धालुओं को किसी भी स्थिति में असुविधा नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के अगले चरण में बुद्धेश्वर मंदिर परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी ने पूरे परिसर का दौरा किया। गेट नंबर 1 से एंट्री और गेट नंबर 3 से निकासी तय की गई है। मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे से निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है, जहां पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम तैनात रहेगी। तो वहीं कुछ पंखे और लाइटें खराब पाई गई, जिन्हें बदलने के आदेश दिए गए। बारिश को देखते हुए विद्युत पोल्स की रैपिंग कराने का निर्देश भी दिया गया। नगर निगम के ज़ोनल अधिकारी ने बताया कि 14 सफाई टीमें तैनात की गई हैं, जो निरंतर परिसर और मार्ग की सफाई सुनिश्चित करेंगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, उप जिलाधिकारी सदर मनोज सिंह, विद्युत एवं लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, नगर निगम अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक से जुड़े समाजसेवी अनमोल तिवारी, संगठन विस्तार और किसान हितों पर हुई चर्चा

स्वतंत्र प्रभात





**निगोहा।** लखनऊ,क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी अनमोल तिवारी ने शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर उन्होंने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान से भेंट की और संगठन की नीति, उद्देश्य तथा किसानों के समग्र विकास को लेकर विस्तृत चर्चा की। अनमोल तिवारी ने कहा कि वह संगठन के माध्यम से किसानों की समस्याओं के समाधान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे।सदस्यता ग्रहण समारोह के दौरान किसान एकता और संगठन विस्तार को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि लखनऊ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन की नई इकाइयों का गठन कर किसानों की आवाज को शासन-प्रशासन तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया जाएगा।इस अवसर पर श्री राम कुंवर यादव, मनोज सैनी, समर यादव, विकास, अभिषेक द्विवेदी, इंद्रजीत पासी, सांवलिया सिंह और विनय यादव सहित कई प्रमुख किसान नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि किसान हितों की रक्षा हेतु संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है, और भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक इस दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान ने कहा कि किसानों की समस्याएं दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही हैं। ऐसे में संगठन का दायित्व बनता है कि वह किसानों को उनका न्याय, अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए हरसंभव कदम उठाए। उन्होंने अनमोल तिवारी के संगठन में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि उनके जुड़ने से संगठन को और मजबूती मिलेगी।अनमोल तिवारी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए कहा कि वह पूरी सक्रियता और प्रतिबद्धता के साथ किसानों की आवाज़ बनने का कार्य करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में निगोहा सहित लखनऊ के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को संगठित कर उनके हितों के लिए आंदोलन भी चलाया जाएगा।इस बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने संगठन के विस्तार और भावी रणनीति पर अपने-अपने सुझाव दिए और संकल्प लिया कि किसानों के हितों की लड़ाई को गांव-गांव तक ले जाकर मजबूत किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा शिक्षा निदेशक कार्यालय में धरना दिया

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के मंत्री माध्यमिक शिक्षा का इलाज एम्स अस्पताल में चल रहा है उनके स्वस्थ होते ही ऑफलाइन स्थानांतरण यथाशीघ्र करा लिया जाएगा। यह आश्वासन आज शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) डा0 महेंद्र देव ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में शिक्षा निदेशक के पार्क रोड स्थित शिविर कार्यालय में आयोजित धरना स्थल पर उपस्थित लगभग 1000 शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के बीच लिखित रूप में दिया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र एवं महामंत्री नरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिक्षक और शिक्षिकाओं ने ऑफलाइन स्थानांतरण के लिए आवेदन शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज में जमा किए गए थे। दिनांक 07 जून, 2025 को ऑनलाइन स्थानांतरण के लिए जारी शासनादेश में स्पष्ट रुप से लिखा था कि विभागीय मंत्री की अनुमति के बाद निदेशालय में 7 जून, 25 तक जमा ऑफलाइन आवेदनों का परीक्षण कर ऑफलाइन स्थानान्तरण किए जाएंगे। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि शासनादेश में स्पष्ट व्यवस्था के बाद भी आज तक ऑफलाइन स्थानांतरण आदेश नहीं जारी किए गए हैं इसीलिए प्रदेश का शिक्षक समुदाय शिक्षा निदेशक कार्यालय पर धरना देने के लिए बाध्य है। नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी, एमएलसी ने कहा कि शिक्षा मंत्री अस्पताल मैं भर्ती हैं इसलिए उनके स्वस्थ होने के बाद ऑफलाइन स्थानांतरण कराये जाने के लिए लिखित आश्वासन शिक्षा निदेशक से लिया जाए। जिसे अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी द्वारा धरना स्थल पर उपस्थित सभी शिक्षकों से सहमति लेकर शिक्षा निदेशक से लिखित आश्वासन लिया। शिक्षक नेताओं ने बताया कि शिक्षा निदेशक ने 28 मार्च, 2025 के पूर्व विज्ञापित पदों पर 1 अप्रैल 2005 के पश्चात नियुक्त शिक्षक/शिक्षिकाओं के लगभग 250 लम्बित प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत कराने तथा



सभी मंडलों में नोशनल वेतन वृद्धि के प्रकरणों को भी निस्तारित कराए जाने के लिए आश्वस्त किया।धरने का संचालन महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने किया।आज के धरने में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, नेता शिक्षक दल ध्रुव कुमार त्रिपाठी, महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा, पूर्व एमएलसी डा0 प्रमोद कुमार मिश्र, पूर्व महामंत्री इन्द्रासन सिंह, प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा0 आर0पी0 मिश्र, हेम राज सिंह गौर, रेखा शर्मा, संरक्षक रामेश्वर उपाध्याय, श्रीकृष्ण यादव सहित प्रदेशीय कार्यकारिणी के पदाधिकारी/सदस्य, मंडल एवं जनपदों के पदाधिकारी एवं प्रदेश के विभिन्न जनपदों के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# कप्तान की मेहनत पर पानी फेर रहे जिले के कोतवाल- ओपी यादव

**● थाना दिवस-तहसील दिवस बने नौटंकी का मंच**

**फरियादियों की अनसुनी से गम्भीर अपराधों में वृद्धि**

**मिल एरिया के प्रगतिपुरक कालोनी निवासी अभिषेक यादव हत्याकांड में नहीं लिखी गयी एफआईआर**

**महरानीगंज के व्यापारी दम्पत्ति हत्याकांड में नहीं हुई गिरिफ्तारी**

**थाना डीह की पुलिस ने निर्दोष को मारकर गम्भीर चोटे पहुँचाई**

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली,** सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पूर्व डीजीसी (फौ0) ओपी यादव ने जिले में बढ़ते अपराधों पर चिंता व्यक्त की है। श्री यादव ने कहा है कि जिले के कप्तान कानून व्यवस्था ठीक करने के लिए लगातार प्रयासरत है, परन्तु जिले के थानों में तैनात कोतवाल अपनी तिजोरी भरने के चक्कर में अपराधों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। ईमानदार कप्तान की मेहनत पर पानी फेर रहे हैं। जिले में आयोजित किए जाने वाले थाना दिवस व तहसील दिवस मात्र नौटंकी का मंच बनकर रह गए हैं, किसी फरियादी की समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, फरियादियों की फरियाद में पैसे ढूँढे जाते हैं।

फरियादियों की अनसुनी से गम्भीर अपराध जन्म लेते हैं। थाना चन्दपुर में यदि फरियादी की सुनी गयी होती तो सुनीत की जान न जाती। सरला के प्रार्थना-पत्र पर यदि मुकदमा लिख गया होता तो न तो गुरदत्त सिंह के पुरवा, मजरे ज्योना में सुनीता की जान न जाती और न ही राजेन्द्र, रवीन्द्र व सरेन्द्र गम्भीर रूप से घायल होते, वहाँ के सामंतियों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त होने के कारण यह घटना घटित हुई। थाना मिल एरिया ने फरियादी की सुन ली होती तो जमालपुर करौंदी के इन्द्रेश की हत्या न हुई होती। थाना मिल एरिया में प्रगतिपुरम निवासी अभिषेक यादव की हत्या की एफआईआर तक पंजीकृत नहीं की गई, रिपोर्ट न लिखने के कारण आरोपियों को साक्ष्य मिटाने का पर्याप्त मौका थाना मिल एरिया की पुलिस दे रही है, बिसरा रिपोर्ट की जाँच के नाम पर पुलिस अपनी जेबें गरम कर रही है। मुकदमा वादी को लगातार थाने में बुलाकर उसका मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न किया जा रहा है। थाना खीरों के महरानीगंज में व्यापारी दम्पत्ति हत्याकांड के 11 दिन बीत जाने के बाद भी एक गिरिफ्तारी नहीं हुई है। थाना लालगंज के बेलहटा गांव व थाना शिवगढ़ के पड़ौरा में गांव में खूनी संघर्ष न होता, लेकिन पुलिस तो सिर्फ पैसे ढूँढने में व्यस्त रहती है। थाना खीरों में मिश्रीलाल जाटव की पत्नी मायादेवी खेत से जानवर चराकर लौट रही थी तो सामंती व दबंगों ने उसकी हत्या कर दी, बचाने दौड़े मिश्रीलाल व उनकी बेटी आराधना को भी गम्भीर चोटें आयीं, अभी तक तीन अभियुक्त फरार हैं। जिले में अज्ञात लाशे भी मिल रही हैं, जो पुलिस की अकर्मण्यता का परिणाम है। चोरी, मारपीट, बलात्कार जैसी घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है।

थाना डीह की पुलिस ने तो पैसे कमाने के लिए सारे रिकार्ड तोड़ दिए और उस लाइन को चरित्रार्थ कर दिया ''कल दरोगा ने कहा थाने में ये दीवान से, आ गया कल्लन का पैसा छोड़ दो सम्मान से, शुक्र कल्लन ने कहा भला हो रिश्वत का वरना मार देते जान से। दलित ओम प्रकाश पुत्र स्व0 श्याम लाल निवासी सिद्धौर, शंकरपुर, थाना जगतपुर, जिला रायबरेली के विरूद्ध थाना डीह में न तो कोई प्रार्थना-पत्र है और न ही कोई रिपोर्ट दर्ज है। इसके बावजूद किसी को उपकृत करने के लिए प्रभारी निरीक्षक के चहेते सिपाही नागेन्द्र चौरसिया ने 21.06.2025 को उसे लुधियाना पंजाब से पकड़ लाये और उसकी जबरदस्त पिटाई की, उसी खाल निकाल कान का पर्दा फट गया, जिसका एम्स में इलाज चल रहा है। कप्तान साहब लाख कोशिशों के बावजूद थाना प्रभारियों द्वारा की जा रही लूट खसोट, अपराधियों को संरक्षण व निर्दोषों के उत्पीड़न पर अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं, लेकिन जवाबदेही तो उन्हीं की है। गुलशन में जब किसी गुल का कत्लेआम होता है, शबब कुछ भी हो बागवां बदनाम होता है। श्री यादव ने कप्तान साहब से थाना प्रभारियों की कार्यशैली में सुधार किये जाने की मांग की है।

### पहला चौराहा में एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टिट्यूट की नई ब्रांच का हुआ भव्य उद्घाटन



**मिश्रिख (सीतापुर)** एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टिट्यूट की नई ब्रांच का भव्य उद्घाटन गुरुवार को रामगढ़ चीनी मिल्स ,पहला चौराहा में किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि बबलू सिंह ने एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का फीता काटकर उद्घाटन किया। एक्सपर्ट कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पिछले 10 साल से कंप्यूटर शिक्षा प्रदान कर रहा है। जिसकी स्थापना सन 2016 को मिश्रिख क्षेत्र में हुई थी। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कम फीस पर बेहतर शिक्षा देना है। यहां सरकारी व गैर सरकारी नौकरियों में मान्य समस्त कंप्यूटर कोर्स सिखाए जाते हैं। इस अवसर पर संस्था के फाउंडर आर. एम. मौर्य, मैनेजर रिंकल पाल, प्रधान लोकनाथ मौर्य, नंद किशोर यादव, रमेश राठौर, श्यामा मौर्य पत्रकार, कपिल मौर्य, अमित मौर्य, ज्ञानेंद्र मौर्य पत्रकार, राजबहादुर मौर्य, अनुज, विमल, महेंद्र मौर्य, आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है- उमानन्द शर्मा

**● गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान, पायनियर मांटेसरी स्कूल, बाराबंकी में हुई 442वें युगऋषि वाङ्मय की स्थापना**



स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत पॉयनियर मॉन्टेसरी स्कूल, लखपेड़ा बाग, बाराबंकी के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं0 श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 442वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री रत्ना श्रीवास्?तव ने अपने दिवंगत पति विकास श्रीवास्?तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की।

इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम संस्थान की प्रधानाचार्या सोनिका मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर गायत्री ज्ञान मंदिर के प्रतिनिधि देवेन्द्र सिंह, डॉ0 नीलम गुप्ता, रत्ना श्रीवास्तव तथा पॉयनियर डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 वी0 के0 तिवारी, संस्थान की प्रधानाचार्या सोनिका मिश्रा, संस्थान के प्रबन्धक बृजेन्द्र सिंह सहित शिक्षक शिक्षिकायें एवं छात्रगण मौजूद थे।

# श्रावण मास के पहले दिन नैमिषारण्य के देव देवेश्वर में एसडीएम शैलेन्द्र मिश्रा ने आधिकारियों के साथ की मंदिर की सफाई

**● देव भूमि को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसडीएम ने चलाया स्वच्छता अभियान।**

स्वतंत्र प्रभात



**मिश्रिख (सीतापुर)** मिश्रिख के उपजिलाधिकारी शैलेन्द्र मिश्रा ने श्रावण मास के पहले दिवस पर नैमिषारण्य स्थित प्राचीन देवदेवेश्वर महादेव मंदिर में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की और मंदिर, घाट पर स्वयं झाड़ू लगाकर सफाई की।इस अवसर पर उन्होंने लोगों से अपील की कि धार्मिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। एसडीएम ने कहा कि स्वच्छता सिर्फ सरकारी अभियान नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी ने मंदिर परिसर की सफाई में योगदान दिया और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

एसडीएम ने सफाई कर्मचारियों को श्रावण मास के दौरान सभी घाटों और मंदिरों की नियमित सफाई के निर्देश दिए। उनकी इस पहल की क्षेत्र के लोगों ने सराहना की। इस कदम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। एसडीएम के साथ तहसीलदार अजीत जायसवाल व नायब तहसीलदार अजय कुमार ,रामसूरत यादव, और नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी विंध्याचल गौतम, राजकुमार कश्यप अमीन व लेखपाल अन्य सहकर्मी भी मौजूद रहे।

# श्रावण मास के पहले दिन भवरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**● ...श्रावण मास के पहले दिन दिखा इतिहास और आस्था का अद्भुत संगम।**

स्वतंत्र प्रभात

विनीत कुमार मिश्रा/जिला संवाददाता







**लखनऊ/**लखनऊ, उन्नाव और रायबरेली की त्रिसीमा पर सई नदी के तट पर स्थित सुप्रसिद्ध भवरेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के पहले दिन भक्तों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। इस मंदिर का इतिहास बेहद रोचक है, जो पौराणिक कथाओं और ऐतिहासिक घटनाओं से जुड़ा हुआ है।

पौराणिक कथा के अनुसार, द्वापर युग में पांडव अपनी माता कुंती के साथ अज्ञातवास के दौरान यहां आए थे। माता कुंती शिव पूजा के बिना जल ग्रहण नहीं करती थीं, और आसपास कोई शिव मंदिर न होने पर भीम ने यहां शिवलिंग की स्थापना की। कालांतर में नदी की मिट्टी से शिवलिंग दब गया। सैकड़ों वर्ष पहले सुदौली रियासत के राजा को स्वप्न में शिवलिंग की जानकारी मिली, और उन्होंने शिवलिंग को निकलवाकर मंदिर का निर्माण करवाया, जो भीमेश्वर महादेव के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

मुगल शासक औरंगजेब ने जब इस मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया, तो 80 फीट की खुदाई के बाद भी शिवलिंग का दूसरा छोर नहीं मिला। हाथियों से शिवलिंग को उखाड़ने का प्रयास किया गया, तभी अचानक लाखों भंवरों ने निकलकर मुगल सेना पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से मंदिर भवरेश्वर महादेव के नाम से विख्यात हो गया। आज भी यह मंदिर अपनी आस्था और महत्व के लिए प्रसिद्ध है। श्रावण मास के पहले दिन मंदिर में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा, जहां शिव भक्तों ने शिव का जलाभिषेक कर हर-हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारे लगाए।

निगोहां पत्रकार संगठन के अध्यक्ष विमल सिंह चौहान ने बताया कि सुप्रसिद्ध भवरेश्वर शिव मंदिर की मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से मंदिर में प्रार्थना करता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है। इन्हीं मान्यताओं के कारण लोगों में भवरेश्वर मंदिर के प्रति आस्था का जन सैलाब श्रावण मास के दौरान देखने को मिलता है। इस दौरान लाखों भक्त शिवरात्रि और सावन के महीने में यहां पहुंचते हैं और अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं।

# चन्दापुर थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद में महिला की मौत के मामले में- पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पीड़ित परिवार से की मुलाकात

स्वतंत्र प्रभात

**चन्दापुर/ रायबरेली/** बीते पांच दिन पूर्व चन्दापुर थाना क्षेत्र के लामी चौराहा पर जमीनी विवाद को लेकर हुई हिंसक घटना में एक महिला की मौत हो गई थी। इस दुखद घटना की सूचना मिलने के बाद आज क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक बछरावां रामलाल अकेला पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुँचे। राम लाल अकेला ने शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी और उन्हें भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में भाजपा सरकार और वे स्वयं हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रदेश सरकार और प्रशासन से मिलने वाली हर प्रकार की सहायता पीड़ित परिवार को दिलाई जाएगी। पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा, "यह दुखद घटना हम सभी के लिए पीड़ादायक है। भाजपा सरकार पीड़ित परिवार के साथ है। मैं आपका बेटा बनकर आपके साथ खड़ा हूँ और हर प्रकार की सहायता के लिए तत्पर रहूँगा तो वही पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने जमीनी विवाद में जो यह घटना घटी है वह दुर्भाग्यपूर्ण है व ऐसी घटनाओं से सरकार की किरकिरी भी हो रही है मैं राजस्व विभाग के अधिकारियों से व पुलिस विभाग के अधिकारियों से यह मांग करता हूं कि दोनों दोनों विभाग के लोग व सक्षम अधिकारियों की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश हो और जो जिसका हो वह ले ले तथा प्रशासन को कठोर से कठोर कदम उठाकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। घटना को लेकर क्षेत्र में शोक का माहौल है और स्थानीय लोग न्याय की मांग कर रहे हैं। प्रशासनिक स्तर पर भी मामले की जांच जारी है।

भाजपा नेता व पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने कहा कि रायबरेली जिले के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह पर पूरा भरोसा है कि वह ऐसे जघन्य अपराध को कारित करने वाले अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे जरूर भेजेंगे और इस विवाद में क्षेत्र के एक दरोगा वा एक सिपाही का शामिल होना पाया जा रहा है जिसकी चर्चा संपूर्ण क्षेत्र में है वा पीड़ित परिवार भी बयां कर रहा है कि सिपाही व



दरोगा अगर समय रहते चेत जाते तो ऐसी घटना ना कारित होती।

लामी चौराहे पर जमीनी विवाद में एक महिला की हुई मौत के मामले में पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाने पहुंचे पूर्व विधायक रामलाल अकेला ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा जो घटना घटी है वह अत्यंत निंदनयी है लेकिन इस घटना को जातीय रंग ना दिया जाए और इस घटना में शामिल हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए चाहे व किसी भी जाति का हो मैं पुलिस अधीक्षक से यह मांग करता हूं कि घटना को कारित करने वाले व षड्यंत्र मे शामिल लोगों पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जाए।

# सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया जिला कारागार का निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात

**रायबरेली** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली राजकुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा जिला कारागार, रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अनुपम शौर्य अपर जिला जज/सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक, चिकित्सालय व लीगल ऐड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। सचिव द्वारा दौरान निरीक्षण बन्दियों से उनके पास अधिवक्ता उपलब्धता के सम्बन्ध में व जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी।

निरीक्षण उपरांत महिला बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन महिला बैरक में किया गया। इस विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर में जिला कारागार में निरुद्ध महिला बन्दियों की शिक्षा एवं व्यवसाय के सम्बन्ध में चर्चा की गयी। जिससे अधिक से अधिक महिला बन्दी लाभान्वित हो सके। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक प्रभात सिंह, जेलर हिमांशु रौतेला, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल जय सिंह यादव, जेल चिकित्सक डा0 सुनील अग्रवाल, उपकारापाल धर्मपाल सिंह, उपकारापाल सुमैया परवीन व असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल योगेश चन्द्र उपस्थित रहे।

# क्या आपके पास है नागरिकता प्रमाणपत्र?

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के विवादास्पद सघन अभियान के बाद से मै परेशान हूँ और सोच रहा हूँ कि मै अगली बार विधानसभा या लोकसभा चुनाव में मतदान कर भी पाऊंगा या नहीं, क्योंकि मेरे पास तो नागरिकता प्रमाणपत्र जैसा कोई दस्तावेज है ही नहीं. भारत ने आजादी के बाद से अब तक प्रत्येक नागरिक को आधार कार्ड देने की मुहिम तो चलाई लेकिन नागरिकता प्रमाण पत्र के बारे में कभी नही सोचा. भारत में सत्ता में बने रहने के लिए दर अअसल इससे पहले कभी कोई राजनीतिक दल चुनाव में गैर भारतीयों के भाग लेने को लेकर फिक्रमंद हुआ भी नहीं. भाजपा ने भी दो चुनाव बिना किसी डर के जीते लेकिन जब तीसरे आम चुनाव में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा जनता ने नकार दिया तो भाजपा को फिक्र हुई और भाजपा सरकार के कहने पर पहली बार केंद्रीय चुनाव आयोग यानि केंचुआ ने बिहार से मतदाताओं की नागरिकता जांचने की मुहिम शुरु की, जो कि अब सुप्रीम कोर्ट में जेरे बहस है. मै इस मुहिम के साथ खडा होता यदि ये मुहिम भारत सरकार का गृह मंत्रालय उसी तर्ज पर चलाता जैसे कांग्रेस सरकार ने आधार पहचान पत्र के लिए देशव्यापी मुहिम चलाई थी. मेरी जानकारी में दुनिया के तमाम देशों में जन्मजात और अनुवांशिक नागरिकता प्रचलित है इसलिए सभी के पास अलग से कोई नागरिकता प्रमाण पत्र नही होता. नागरिकता प्रमाणपत्र उन्ही परदेशियों के लिए जारी किया जाता है जो इसके लिए बाकायदा आवेदन करते हैं. भारत में आमतौर से कोई भी शासकीय सुविधा या अधिकार पाने के लिए आयकर प्रमाण पत्र से ज्यादा महत्व आधार पहचान पत्र को दी जा रही है.. मेरे पास वंशानुगत या जन्म आधारित नागरिकता है लेकिन इसका कोई प्रमाण पत्र नहीं है. आपके




पास भी शायद नहीं होगा.

दुर्भाग्य देखिए कि जिस पारपत्र( पासपोर्ट) के आधार पर पूरी दुनिया हमें भारतीय मानकर अपने यहां आने- जाने देती है, कारोबार करने देती है उसी पासपोर्ट को हमारे अपने देश में नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं माना जाता.मान लीजिये कि यदि विदेशी सरकारें भी भारत सरकार की तरह पासपोर्ट के आधार पर हमें भारतीय मानने से इंकार कर दें तो हम कहीं के नहीं रहेंगे. क्योंकि पासपोर्ट जारी ही तब किया जाता है जब जन्म का, आवास का, संपत्ति का और पुलिस द्वारा चरित्र का सघन सत्यापन करा लिया जाता है.कमोवेश यही प्रक्रिया मतदाता पहचान पत्र जारी करने मे अपनाई जाती है. ऐसे में यदि बिहार या देश के किसी भी राज्य में जारी मतदाता पहचान पत्रों को संदिग्ध माना जा रहा है तो दोषी केंद्रीय चुनाव आयोग है. उसका बीएल ओ से लेकर जिला स्तर का अधिकारी दोषी है. उसके खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज होना चाहिए. मान लीजिये कि बिहार में करोड, दो करोड मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से उन्हे गैर भारतीय मानकर काट भी दिए जाएं तो क्या भारत सरकार इन कथित गैर भारतीयों को कहाँ भेजेगी? दर असल केंचुआ के सघन पुनरीक्षण अभियान के पीछे कोई राष्ट्र भक्ति नहीं है. केंचुआ भूमिनाग से शेषनाग बनने की असफल, नाजायज़ कोशिश कर रहा है. दुर्भाग्य से केंचुआ के सामने हमारी न्यायपालिका भी असहाय नजर आ रही है क्योंकि केंचुआ के ऊपर सरकार का वरदहस्त है. और सरकार से टकराना अब आसान काम नहीं. सामान्य सांसद से लेकर उप राष्ट्रपति ही नहीं राष तक सुप्रीम कोर्ट की बखिया उधेडने में लग जाते हैं. यानि संवैधानिक संस्थाओं की तो छोडिए न्यायपालिका का अपमान करने में इन्हे संकोच नहीं होता, शर्म नहीं आती. देश में आपातकाल में भी कुछ -कुछ ऐसा ही हुआ था और जिसका खामियाजा देश ने भुगता था. आपको बता दूं कि भारत में नागरिकता प्रमाण पत्र की सटीक संख्या के बारे में कोई आधिकारिक, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध आंकड़ा नहीं है जो यह बता सके कि कितने लोगों के पास यह प्रमाण पत्र है। भारत सरकार, विशेष रूप से गृह मंत्रालय नागरिकता प्रमाण पत्र जारी करता है, लेकिन इसकी कुल संख्या को लेकर व्यापक डेटा सार्वजनिक डोमेन में आसानी से उपलब्ध नहीं है।

नागरिकता प्रमाण पत्र मुख्य रूप से उन लोगों को जारी किया जाता है जो जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिकरण या क्षेत्रीय समावेशन के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त करते हैं, नागरिकता अधिनियम, 1955 के मुताबिक, भारत में जन्मे अधिकांश लोग स्वतः नागरिक माने जाते हैं, और उनके लिए नागरिकता का प्रमाण आमतौर पर जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, या अन्य दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी आदि के माध्यम से स्थापित किया जाता है।दुर्भाग्य ये है कि इस मुद्दे पर हमारा सर्वोच्च न्यायालय और केंचुआ ही नहीं बल्कि सरकार भी एकमत नहीं हैं.

भारत में नागरिकता साबित करने के लिए आमतौर पर जन्म प्रमाण पत्र, भारतीय पासपोर्ट, वोटर आईडी, या अन्य सरकारी दस्तावेजों का उपयोग होता है। हाल ही में सरकार ने स्पष्ट किया है कि आधार कार्ड और पैन कार्ड को नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। केवल जन्म प्रमाण पत्र और भारतीय पासपोर्ट को ही प्राथमिक दस्तावेज माना जाता है। राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर बनाकर मौजूदा सरकार ने असम में एन आर सी प्रक्रिया के तहत नागरिकता सत्यापन करने का अभियान चलाया था जिसमें लगभग 1.9 मिलियन लोग नागरिकता साबित करने में असफल रहे थे, लेकिन इनमें से किसी को देश निकाला नहीं दिया गया. यही सब बिहार में बिना एन आर सी के करने की कोशिश की जा रही है. बिहार से किसी को नहीं निकाला जाएगा, केवल उनका मताधिकार छीना जाएगा ताकि वे भाजपा को न हरा सकें. भारत की कुल जनसंख्या लगभग 140 करोड़ है, इनमें से अधिकांश लोग जन्म के आधार पर स्वतः नागरिक हैं।केवल उन लोगों को नागरिकता प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ती है जो गैर-नागरिक पृष्ठभूमि से आते हैं या जिन्होंने पंजीकरण/ प्राकृतिकरण के माध्यम से नागरिकता प्राप्त की है। ये आंकडा सरकार के पास होगा ही, लेकिन कहीं पै निगाहें, कहीं पै निशाना लगाना भाजपा की पुरानी आदत है.

**राकेश अचल**

# सफलता भाग्य का नहीं परिश्रम का पुरस्कार

**भाग्य के भरोसे ना बैठें**

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैद्य वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैद्य पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंद्य इस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं।असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंद्य वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता,चुनौतियां स्वीकार करता है,और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज़ से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,÷ जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता÷ मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर,अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें, सफलता को अपनी आदत में शुमार कर लीजिए फिर देखिए दुनिया आपकी, संसार आपका, सफलता आपके द्वार पर होगी। क्या आपने कभी विचार किया की ओलंपिक में गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा और नीरज चोपड़ा की सफलता का राज क्या है, निसंदेह उनके मन में केवल मेहनत परिश्रम और साहस था, उनके दिमाग में डर नाम की कोई चीज नहीं थी। यही उनकी सफलता का बड़ा फलसफा है। प्राचीन यूनानी कवि वर्जिन में युवाओं को संबोधित करते लिखा था कि ÷भाग्य सदैव साहसी लोगों का साथ देता है÷,ऐसे लोगों का साथ न दीजिए, उनसे मित्रता न कीजिए जो हमेशा अपनी उपलब्ध सुविधा के नाम पर रोना रहता रोते हैं, और अपनी परिस्थितियों से लगातार शिकायत करते हैं, ऐसे लोग सदैव खोजते रहते हैं कि मैं किसी बड़े धनवान व्यक्ति के घर में क्यों पैदा नहीं हुआ, जहां अपार सुख सुविधाएं उपलब्ध है और मैं भी सुख पूर्वक जीवन व्यतीत करता, पर वह यह नहीं जानता कि बड़े व्यक्ति के बड़े होने के पीछे कितनी मेहनत साहस और ऊर्जा अंतर्निहित है। हमारे शास्त्रों में भी लिखा गया है की लक्ष्मी निष्क्रिय और निठल्ले लोगों का साथ नहीं देती, एवं निष्क्रिय लोगों के पास नहीं जाती है। अब्राहम लिंकन ने भी कहा कि डर कमजोर दिमाग के निशानी है।, मनुष्य को डर अपने दिमाग से निकाल देना चाहिए, डर के परिणाम स्वरुप ही शंका पैदा होती है, और शंका व्यक्ति के मन में कमजोरी लाती है। डरा हुआ व्यक्ति हमेशा नकारात्मक विचारों वाला होता है और यही नकारात्मक विचार असफलता को जन्म देते हैं, गीता का भी ज्ञान है कि कर्म किए जा फल की इच्छा मत रख ए इंसान, आप स्वयं एक दिन कह उठेंगे भाग्य साहसी व्यक्ति का साथ देता है।

**संजीव ठाकुर**

# दैनिक राशिफल



डॉ.कौशलेन्द्र पाण्डेय जी
ज्योतिष सेवा केन्द्र लखनऊ




**मेष**–शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। हल्की हंसी-मजाक न करें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर भरोसा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**वृष**–सुख के साधनों पर व्यय होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। निवेश शुभ रहेगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। नौकरी में प्रमोशन? मिल सकता है। चोट व रोग से बचें। यश बढ़ेगा। बेचैनी रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन**–स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। घर में अतिथियों का आगमन होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। नौकरी में अधिकार मिल सकते हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। बाहर जाने का मन बनेगा। बड़ा काम करने की योजना बनेगी। लाभ होगा।

**कर्क**–कानूनी अड़चन सामने आएगी। अज्ञात भय सताएगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रयास सफल रहेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देंगे।

**सिंह**–प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**कन्या**–व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में संतोष रहेगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शारीरिक कष्ट संभव है।

**तुला**–व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। भूमि व भवन संबंधी कार्य लाभदायक रहेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक**–संपत्ति की खरीद-फरोख्त में सफलता मिलेगी। स्थायी संपत्ति की दलाली बड़ा लाभ दे सकती है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। सभी ओर से खुश खबरें प्राप्त होंगी। पारिवारिक चिंता रहेगी। अज्ञात भय सताएगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**धनु**–कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनागम होगा। प्रतिद्वंद्वी अपना रास्ता छोड़ देंगे। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी भी प्रकार के झगड़ों में न पड़ें। वाणी पर नियंत्रण रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मकर**–धार्मिक कार्य में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। निवेशादि करने का मन बनेगा। विवेक से कार्य करें, लाभ होगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**कुंभ**–शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक समस्या से चिंता बढ़ सकती है। नई आर्थिक नीति बन सकती है। कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन से भविष्य में लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग कार्य में गति प्रदान करेगा। शत्रु सक्रिय रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

**मीन**–लेनदारी वसूल करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड इत्यादि से लाभ होगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

## संपादकीय

# स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारनी होगी

उत्तर प्रदेश में प्राइमरी शिक्षा को लेकर एक बहस चल रही है कि ऐसे प्राइमरी स्कूलों को बगल के दूसरे स्कूलों में मर्ज कर दिया जाएगा जिनमें छात्रों की संख्या बहुत कम है। हालांकि सरकार ने ऐसी किसी तैयारी के लिए फिलहाल मना किया है लेकिन विरोधी दलों ने इसके विरोध में स्वर उठाना शुरू कर दिया है। आखिर जब बात चली है तो उसमें कुछ सच्चाई तो होगी ही और यह भी सच है कि ऐसे स्कूलों का फायदा ही क्या जिसमें छात्र ही न हों। क्योंकि इन स्कूलों में सरकार का धन बेकार में व्यय हो रहा है और लाभ न के बराबर मिल रहा है। आखिर सरकारी प्राइमरी स्कूलों की यह हालत क्यों है जबकि हमारे देश में शिक्षा का बजट भारी भरकम है। सरकारी इंटर कॉलेज में तो हम बच्चों को पढ़ा लेते हैं लेकिन प्राइमरी एजूकेशन हम प्राइवेट ही कराना चाहते हैं। इसमें कहीं न कहीं हमारी खामियां ही नजर आ रही हैं। क्या प्राइमरी के शिक्षक अच्छी शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, या हमारे सिस्टम में ही कमी है। पुरानी बात करें तो सभी इन्हीं सरकारी स्कूलों में शिक्षा ग्रहण करते थे लेकिन धीरे-धीरे इन सरकारी प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा का स्तर गिरने लगा और बच्चे दूर होने लगे। भारी भरकम सेलरी उठाने वाले शिक्षक सरकारी प्राइमरी स्कूलों में बच्चों की संख्या नहीं बढ़ा पा रहे हैं। जब कि वही कम तनख्वाह में प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक अपने स्कूल में बच्चों को बढ़ाने का प्रयास करते देखे जा सकते हैं। केवल स्कूलों को मर्ज करने से काम नहीं चलेगा। हमें इन स्कूलों में शिक्षा में गुणवत्ता सुधारनी होगी ताकि अभिभावक स्वयं इन स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने का प्रयत्न करें। सरकारी प्राइमरी स्कूलों में शिक्षा का सुधार करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। इसमें शिक्षकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, डिजिटल टूल्स और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित करना आवश्यक है। इससे वे छात्रों को बेहतर ढंग से पढ़ा सकेंगे। हमें शिक्षकों के ऊपर भार को भी देखना होगा क्योंकि कहीं पर छात्रों की संख्या कम है तो कही शिक्षकों की संख्या भी कम है इसलिए




एक शिक्षक के ऊपर अधिक छात्रों का बोझ न हो, इसके लिए शिक्षकों की संख्या बढ़ाने पर ध्यान देना जरूरी है। स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार की अति आवश्यकता है तथा हमें स्कूलों में सुविधाएं भी बढ़ानी होंगी। स्कूलों में पर्याप्त कक्षाएँ, स्वच्छ शौचालय, पीने का स्वच्छ पानी और खेल के मैदान जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है। वर्तमान में डिजिटल शिक्षा का युग चल रहा है। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, स्मार्ट क्लासरूम और ई-लाइब्रेरी जैसी डिजिटल सुविधाएं छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने में मदद कर सकती हैं ख। हमको छात्रों के लिए योजनाएं बनानी होंगी जिससे छात्रों का रुझान इन स्कूलों की तरफ बढ़े। वैसे तो सरकार मिड डे मील जैसी योजनाएं चला रही है लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए छात्रवृत्ति योजनाएं लागू करने और स्कूलों में पौष्टिक मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता सुधारने से छात्रों की उपस्थिति बढ़ेगी और उनकी शारीरिक व मानसिक वृद्धि बेहतर होगी। प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा 5-6 वर्ष के बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश से पहले एक संगठित, पोषण और खेल-आधारित शिक्षा देना आवश्यक है। उत्तर प्रदेश सरकार ने 2026 तक सभी सरकारी स्कूलों में यूकेजी या बाल वाटिका शुरू करने का लक्ष्य तय किया है। स्कूल प्रबंधन समितियों की भूमिका इसमें काफी मददगार साबित हो सकती है। माता-पिता और समाज को स्कूलों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति और अधिक जिम्मेदार बनाया जा सकता है।

उत्तर प्रदेश की प्राइमरी शिक्षा में तमाम तरह के दोष हैं जो छात्रों के भविष्य को प्रभावित कर सकते हैं। इनमें कुछ प्रमुख समस्याएं हैं जिनमें सुधार की आवश्यकता है। छात्र संख्या में कमी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। प्रदेश में 27,931 स्कूलों में छात्रों की संख्या 50 से भी कम है, जो एक बड़ी समस्या है। इससे सरकार ने इन स्कूलों को मर्ज करने का फैसला लिया है, जिसका विरोध भी हो रहा है। स्कूलों के विलय से हजारों शिक्षकों की नौकरी और नई भर्ती पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। शिक्षकों को स्थानांतरित किया जा रहा है या फिर अन्य स्कूलों में अटैच किया जा रहा है। कई स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं जैसे कि स्वच्छ शौचालय, पीने का स्वच्छ पानी और खेल के मैदान की कमी है। प्रदेश के अधिकतर राज्यों में प्राइमरी और सेकेंडरी शिक्षा का बहुत ही बुरा हाल है, जिससे गरीब परिवार के बच्चे अच्छी शिक्षा से वंचित हैं। स्कूलों के विलय से ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में रहने वाले बच्चों को स्कूल पहुंचने में परेशानी हो सकती है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो सकती है। सरकार की नीतियों में खामियों के कारण लोग प्राइवेट स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने को मजबूर हो रहे हैं। इन समस्याओं का समाधान करने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने होंगे, जैसे कि शिक्षकों की भर्ती, बुनियादी सुविधाओं का विकास और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार।

**जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं, संवाद, सहानुभूति और समय है

डिप्रेशन एक ऐसा भावनात्मक अंधकार है जो बाहर से सामान्य दिखने वाले व्यक्ति के भीतर गहराई से छिपा हो सकता है। यह कोई कमजोरी नहीं, कोई मानसिक असंतुलन या पागलपन नहीं, बल्कि एक जटिल मानसिक स्थिति है जो धीरे-धीरे व्यक्ति की जीवंतता को क्षीण करती है। विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए जब व्यक्ति अपने भीतर की आशा, आत्मबल और जिजीविषा को खो बैठता है, तब वह अवसाद की गिरफ्त में आ जाता है। दुःखद यह है कि ऐसे समय में कुछ लोग जीवन को खत्म कर देने का विकल्प चुनते हैं, जिसे आत्महत्या कहा जाता है। परंतु यह न केवल स्वयं के जीवन का अपूरणीय नुकसान है, बल्कि उसके परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए भी गहरी क्षति है। आत्महत्या कोई समाधान नहीं, बल्कि उस पीड़ा का स्थायी विस्तार है, जिसे थोड़ी समझदारी, थोड़ा संवाद, थोड़ी सहानुभूति और कुछ समय देकर कम किया जा सकता था। डिप्रेशन का इलाज आत्महत्या नहीं, बल्कि जुड़ाव है–एक ऐसा जुड़ाव जिसमें पीड़ित को यह महसूस कराया जाए कि वह अकेला नहीं है। उसे बस यह विश्वास दिलाने की आवश्यकता है कि कोई है जो उसकी सुनेगा, समझेगा और बिना जज किए उसका साथ देगा।



आज जब हम समाज के विभिन्न वर्गों की ओर देखते हैं–चाहे वह विद्यार्थी हो या नौकरीपेशा व्यक्ति, गृहिणी हो या व्यवसायी, पत्रकार, कलाकार हो या किसान–हर जगह से आत्महत्या की खबरें सामने आ रही हैं। इनके पीछे का एक बड़ा कारण डिप्रेशन है, जो अक्सर बिना शोर किए भीतर ही भीतर बढ़ता रहता है। इस स्थिति में सबसे जरूरी है यह स्वीकारना कि डिप्रेशन न तो कोई कलंक है और न ही इसका इलाज कठिन। जैसे हम शरीर की बीमारियों का इलाज डॉक्टर से कराते हैं, वैसे ही मन की व्याधियों के लिए भी मनोचिकित्सक से सहायता लेना एक सामान्य प्रक्रिया होनी चाहिए। डिप्रेशन से ग्रस्त व्यक्ति अक्सर चुप होता है। वह अपनी पीड़ा को शब्द नहीं दे पाता। कभी भय, कभी शर्म, और कभी यह सोचकर कि लोग क्या कहेंगे–वह अपने मन की बात छुपा लेता है। यहीं पर परिवार, मित्रों, शिक्षकों और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि किसी के व्यवहार में अचानक परिवर्तन दिखे–जैसे उदासी, आत्मग्लानि, चिड़चिड़ापन या एकांतप्रियता–तो हमें सतर्क हो जाना चाहिए। आलोचना या उपदेश देने के बजाय संवाद करना चाहिए, और उससे यह कहना चाहिए–"मैं तुम्हारे साथ हूँ, तुम अकेले नहीं हो।"

डिप्रेशन का सामना कर रहे व्यक्ति को सलाहों की नहीं, सच्ची सहानुभूति की जरूरत होती है। उसे चाहिए एक ऐसा हाथ जो उसके कांपते हाथ को थाम सके, एक ऐसा कंधा जिस पर वह कुछ देर सिर रखकर रो सके, और एक ऐसा मन जो उसकी बात बिना टोके सुन सके। सहानुभूति का अर्थ केवल संवेदना प्रकट करना नहीं, बल्कि यह दिखाना है कि उसकी पीड़ा हमारी भी है। यह एक ऐसा भाव है जो डिप्रेशन के भीतर छिपी निराशा की दीवार को तोड़ सकता है। यह भी समझना आवश्यक है कि डिप्रेशन से उबरने की प्रक्रिया समय मांगती है। यह कोई जादू नहीं कि दवा खाते ही सब ठीक हो जाए। कभी-कभी इसमें महीनों या वर्षों का समय लगता है। लेकिन यह पूरी तरह ठीक हो सकता है–यदि हम धैर्य रखें, उम्मीद बनाए रखें और एक-दूसरे का साथ न छोड़ें। जीवन की सबसे अंधेरी रात भी किसी भोर की ओर ले जाती है। जो आज असहनीय लगता है, वही कल जीवन का सबसे बड़ा सबक बन सकता है। समस्या की गहराई से अधिक महत्वपूर्ण है उसका समाधान। और समाधान है–संवाद, सहानुभूति और समय। ये तीनों ही ऐसे शक्तिशाली साधन हैं जो किसी को टूटने से बचा सकते हैं। जो आज किसी के मन को बोझिल कर रहे हैं, वे कारण समय के साथ हल्के पड़ जाते हैं, बशर्ते व्यक्ति उन्हें झेलने का, उनसे बाहर आने का प्रयास करता रहे। अंततः यही कहना उचित होगा कि आत्महत्या कोई बहादुरी नहीं, बल्कि एक अधूरे प्रयास का अंत है। जीवन कठिन हो सकता है, लेकिन असंभव नहीं। यदि हम एक-दूसरे के प्रति थोड़े संवेदनशील हो जाएं, सुनने और समझने का धैर्य रखें, तो बहुत से जीवन बचाए जा सकते हैं। चुप न रहिए, बोलिए। शर्मिंदा न होइए, मदद लीजिए। सहानुभूति दिखाईए, उपदेश नहीं दीजिए। क्योंकि जीवन, हर हाल में, मृत्यु से बेहतर विकल्प है। संवाद कीजिए–क्योंकि शब्द कभी-कभी वह कर जाते हैं जो दवा नहीं कर पाती। यही जीवन का संदेश है–चलते रहिए, क्योंकि हर रात के बाद एक नई सुबह होती है।

**डॉ मनमोहन प्रकाश**

# आत्मकथ्य कबीरा खड़ाबाजार में लिये लुआठी हाथ जो घर फूकें आपणा चले हमारे साथ

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हम निशाने पर इस लिये हैं क्यूंकि आप के सामने हैं, पास और फेल वह होता है जो परीक्षा देता है जिसे इन चीजों से वास्ता ही नहीं उसके लिए किसी नतीजे का क्या मतलब? जिन्हें परिसर की दीवारों की बदहाली नही दिखती वह आप से,ष्ट की पाइप अंदर करने के लिये नही कहता, जिन्हें परिसर में टहलने-घूमने में दिक्कत ना हो उसे रास्तों के अतिक्रमण से शिकायत नही



होगी, जो तस्वीरों की हरियाली से मोहित होंगे उन्हें व्यवहार में परिसर की हरियाली से क्या लेना-देना? जिनका परिवार यहाँ नही रहता उन्हें अपने फ्लैट में ऑफिस, कैंटीन, तय समय के लिये किराए पर कमरे उपलब्ध कराने में क्या हानि है, अच्छे पैसे मिल रहे हैं ,यही जीवन का मूलमंत्र हैं, सफलता का पैमाना है,न वे आपसे शिकायत करेंगें न आप नाराज होंगे, स्थितियों में सुधार हो ना हो इससे मतलब नहीं अब क्या करना है यह तय तो आपको करना है। आप जगे हैं या सो रहे हैं? जगना-सोना तो दिनचर्या है पर खुली आंखों से सोना निष्क्रियता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### देवरिया विधानसभा क्षेत्र के रैश्री चौराहे पर कांग्रेस की बैठक संपन्न



**देवरिया।** कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के तहत देवरिया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत रैश्री चौराहे पर आयोजित बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष मुलायम यादव ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर बूथ को मजबूत किया जायेगा। जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन में केवल समर्पित और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस को जन-जन तक पहुंचाना हम सबका दायित्व है, और इसके लिए हम सब तन, मन, धन से समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। बैठक में संगठन के विधान सभा प्रभारी जिला उपाध्यक्ष जुलेखा खातून मौजूद रहीं। संगठन प्रभारी जिला उपाध्यक्ष भरत मणि त्रिपाठी ने कहा कि गौरी बाजार, बैतालपुर और देवरिया सदर विकास खंड को नये ढंग से पुनर्गठित कर आगामी समय में संगठन को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम में रामाशीष साहनी, राजेश सिंह व्यास, अब्दुल जब्बार, सच्चिदानंद मिश्रा, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, मानवेन्द्र तिवारी, विनोद दुबे, पन्नालाल पाठक, सुनील कुमार द्विवेदी चन्द्रभान गुप्ता, मनिष पाण्डेय, मोती गुप्ता, यासीन समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### देवरिया के अस्मिता की प्रतीक है बैतालपुर चीनी मिल - सुयश



**किसानों का धरना 210वें दिन जारी**

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति एवं संयुक्त महा मोर्चा के संयोजन में बैतालपुर चीनी मिल को अभिलंब चलाने हेतु अन्य मांगों को लेकर किसानों का धरना देवरिया कलेक्ट्रेट परिसर में आज 210 वें दिन जारी रहा । धरने की अध्यक्षता करते हुए नेता सुयश मणि त्रिपाठी ने कहा कि बैतालपुर चीनी मिल देवरिया के अस्मिता की प्रतीक है यही एकमात्र चीनी मिल है जिसके पास सर्वाधिक उपयुक्त भूमि क्षेत्र है केवल मिल गेट क्षेत्र ही इतना अधिक है जिससे मिल को पूरी क्षमता से चलाया जा सकता है इसी को आधार बनाकर बीते दिनों में पूर्ववर्ती सरकार ने अन्य मिल को बेचते समय इस मिल को नवीनीकरण करके चलाने हेतु अनुबंध करके विक्रय किया और इसी अनुबंध के शर्त पर किसान मिल को चलाने हेतु धरनारत हैं। मुख्यमंत्री ने भी चीनी मिल चलाने की देवरिया जिले की सभा में चार-चार बार घोषणा कर चुके हैं पर वह अपने ही घोषणा को पूरा नहीं कर पाए। हम उनसे आग्रह करते हैं कि तत्काल चीनी मिल चालू कर अपने ही वादे को पूरा करें अन्यथा किसान अपने सहनशीलता के सीमा को पार कर शीघ्र बड़ा आंदोलन खड़ा करेंगे। धरने पर समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी, राम प्रकाश सिंह, विकास दुबे ,पन्नी लाल चौहान, रामनिवास पांडे, जयप्रकाश पांडेय ,अशोक मालवी, वरुण सिंह बघेल, वीरेंद्र सिंह सर्वजीत प्रदीप , बहादुर सिंह, गोपाल जी मिश्रा, जितेंद्र चौहान, राजेंद्र यादव, अयोध्या दुबे, कैलाश भारती, शंभू नाथ तिवारी, पुरुषोत्तम यादव, अनूप कुमार सिंह राम इकबाल चौहान ,संजीव शुक्ला, जयप्रकाश प्रसाद, अमित सिंह, मुन्ना सिंह, राधा कृष्ण यादव ,चंद्रशेखर पांडे, राम ज्ञान यादव, रामेश्वर यादव, नईम खान, विजय शंकर कर्मयोगी, जयप्रकाश, बरकत अली, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

### अभियान चलाकर की गयी चेकिंग

**नियमों का पालन न करने वालों का एमवी एक्ट में चालान**

**देवरिया।** यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर क्षेत्र में अभियान चलाकर दो पहिया वाहन पर बिना हेलमेट,तीन सवारी एवं सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले बस,आटो एवं ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध एम0 वी0 एक्ट में कार्यवाही की , जिसमें 118 वाहनों का ई-चालान किया गया, 4 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया ।

# गोरखपुर के हाटा बाजार में दिल दहलाने वाली घटना- आवारा कुत्ते ने नवजात शिशु की ली जान, सीसीटीवी फुटेज से खुलेगा राज

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** जिले के गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार में शुक्रवार सुबह एक ऐसी घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक आवारा कुत्ते ने नवजात शिशु को काटकर मार डाला, जिसका क्षत-विक्षत शव सुबह करीब 6 बजे हाटा बुजुर्ग गांव में पाया गया। इस घटना ने न केवल स्थानीय लोगों में दहशत फैला दी, बल्कि प्रशासन की लापरवाही पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। हाटा बुजुर्ग निवासी ताहिर ने गगहा थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में बताया कि सुबह करीब 6 बजे उनकी बेटी तंजिला खातून घर के हाते में साफ-सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसने देखा कि एक आवारा कुत्ता एक नवजात शिशु को नोच रहा है। तंजिला ने तुरंत अपने पिता को सूचना दी। ताहिर ने मौके पर पहुंचकर कुत्ते को भगाया और शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग जमा हो गए। ताहिर ने तत्काल पीआरवी 112 और थाना प्रभारी गगहा को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस और पीआरवी ने नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रारंभिक जांच में शिशु की उम्र 3 से 5 दिन बताई जा रही है। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसे देखकर लोग सिहर उठे।

**पुलिस की कार्रवाई**

गगहा थाना प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है। चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि नवजात का शव कहां से और कैसे वहां पहुंचा। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**लोगों में आक्रोश और सवाल**

इस घटना ने स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। लोग तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। कुछ का मानना है कि शिशु को किसी ने जानबूझकर वहां छोड़ा होगा, जबकि अन्य लोग आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर नगर प्रशासन और स्थानीय निकायों की लापरवाही पर सवाल उठा रहे हैं। गोरखपुर में पहले भी आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन इस तरह की दिल दहलाने वाली घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया।

**आवारा कुत्तों का आतंक**

हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों, जैसे कि कुशीनगर, बाराबंकी, और इंदौर में आवारा कुत्तों द्वारा बच्चों और नवजातों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं। कुशीनगर में एक 5 वर्षीय बच्चे पर कुत्तों के झुंड ने हमला किया था, जिसे एक महिला ने बचाया था। इसी तरह इंदौर के महू सिविल अस्पताल में एक नवजात का शव कुत्ते द्वारा घसीटे जाने की घटना सीसीटीवी में कैद हुई थी। इन घटनाओं ने आवारा कुत्तों की समस्या पर ठोस कार्रवाई की जरूरत को उजागर किया है।

**प्रशासन पर दबाव**

स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि प्रशासन आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए तत्काल कदम उठाए। गोरखपुर में पहले भी "ऑपरेशन त्रिनेत्र"के तहत सीसीटीवी कैमरों की मदद से अपराध नियंत्रण में सफलता मिली है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर प्रशासनिक व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है।

# विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह व विधायक प्रदीप शुक्ला ने वार्ड-3में सीसी रोड का किया उद्घाटन

**●भाजपा सरकार में नहीं थमेगी विकास की रफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी –** गोरखपुर खजनी तहसील क्षेत्र वार्ड-9 स्थित नगर पंचायत उनवल में लगभग मीटर लंबी सीसी रोड का उद्घाटन सहजनवा विधायक प्रदीप शुक्ला ने विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के हाथों से विधिवत सिलपत का पूजन कर फीता काटकर सड़क का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

विधायक प्रदीप शुक्ला ने कहा कि माननीय विधान परिषद सदस्य डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में क्षेत्र के समग्र विकास के लिए वह निरंतर प्रयासरत हैं यह कार्य डॉ धर्मेंद्र सिंह जी के द्वारा स्वीकृत किया गया है जनता से किए गए वादों को पूरा करना ही उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि गली-नालियों से लेकर सड़क, जल निकासी, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता संतोष त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की रफ्तार थमने वाली नहीं है 16315 लख रुपए की लागत से 260 मीटर लंबी सीसी रोड इस गांव व आम जनता के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस अवसर पर हरकेश राम त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष वरिष्ठ नेता रामपाल सिंह सतीश उपाध्याय घनश्याम मिश्रा गबरू मद्धेशिया देवेंद्र यादव मनीष पांडे इंदु कुमार निगम सुमित सिंह विनोद पांडे देवानंद पासवान अवधेश गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनता उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद को लेकर के खजनी तहसील में हंगामा



**मौके पर शांति व्यवस्था काम रखने के लिए दिये आदेश उपजिलाअधिकारी खजनी राजेश प्रताप सिहं**

**खजनी –** गोरखपुर तहसील खजनी क्षेत्र के ग्राम सभा कूड़ा भरत में जमीनी विवाद को लेकर दो दिन से दो पक्षों में आपसी विवादचल रहा है इसमें एक पक्ष अपना निर्माण करवा रहा है दूसरा पक्ष रीमा पत्नी सनोज निवासिनी कूड़ा भरत पहले चौकी उनवल से लगायत क्षेत्राधिकार को आवेदन पत्र दी निर्माण कार्य को रोकने के लिए निर्माण नही रूका पीड़ित आज खजनी तहसील में पहुंचकर उप जिलाधिकारी खजनी को आवेदन पत्र देकर विवादित भूमि पर निर्माण कार्य को रोकवाने का निवेदन किया उप जिला अधिकारी खजनी द्वारा निर्माण कार्य को रोकने से मना कर दिये आवेदन पर कोई आदेश न करने पर अधिवक्ता उग्र हो गए अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी के चेंबर में हंगामा किये उसके बाद उपजिलाधिकारी ने शांति व्यवस्था कायम करने के लिए थाना अध्यक्ष को निर्देशित किये उप जिलाधिकारी खजनी ने बताया कि मौके पर शान्ति व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी खजनी को निर्देशित कर दिया गया है।

# स्कूल वैन की चपेट में आने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर –** गोरखपुर के गोला उपनगर में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय युवक सुरेश विश्वकर्मा की स्कूल वैन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना देवरिया-गोरखपुर मुख्य मार्ग से चकदेइया जाने वाली सड़क पर दोपहर करीब 3:00 बजे हुई। गोला तहसील रिपोर्टर वृजनाथ त्रिपाठी अनुसार गोला थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 निवासी सुरेश, पिता यमुना विश्वकर्मा, टावर से संबंधित कार्य करते थे। हादसे के समय वह अपनी मोटरसाइकिल से कार्य के लिए निकले थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चकदेइया मार्ग पर एक स्कूल वैन बच्चों को उतारने के लिए रुकी थी। इस दौरान पीछे से तेज गति से आ रहे सुरेश की मोटरसाइकिल वैन के गेट से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुरेश को गंभीर चोटें आई। आसपास के लोगों ने तुरंत उनकी मदद की और उन्हें इलाज के लिए मुंडेरा बाजार स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही गोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने स्कूल वैन को भी अपने कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि हादसा वैन के अचानक रुकने और मोटरसाइकिल की तेज गति के कारण हुआ। पुलिस वैन चालक से पूछताछ कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि हादसे के लिए जिम्मेदार कौन था। सुरेश के परिवार में शोक की लहर है। उनके परिजनों का कहना है कि वह मेहनती और परिवार का एकमात्र कमाने वाले थे। इस हादसे ने उनके परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल वाहनों की जांच और सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोरखपुर के दुर्गावती अस्पताल में महिला स्टाफ की आत्महत्या, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** एक दिल दहला देने वाली घटना ने गोरखपुर के बड़हलगंज थाना क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। स्थानीय दुर्गावती अस्पताल में कार्यरत एक महिला स्टाफ की फंदे से लटकी लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक महिला की पहचान चांदनी के रूप में हुई है, जो अस्पताल में रसोइया के तौर पर काम करती थी। इस दुखद घटना ने न केवल अस्पताल प्रशासन को झकझोर दिया, बल्कि चांदनी के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गोला बाज़ार रिपोर्टर बृजनाथ त्रिपाठी अनुसार, गुरुवार देर रात दुर्गावती अस्पताल परिसर में चांदनी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका पाया गया। अस्पताल के कर्मचारियों ने तुरंत इसकी सूचना बड़हलगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में इसे आत्महत्या का मामला माना जा रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू की गहन छानबीन कर रही है।

**परिजनों का दर्द**

सवाल बरकरार चांदनी के परिजनों का कहना है कि वह एक मेहनती और जिंदादिल महिला थी, जो अपने परिवार के लिए दिन-रात मेहनत करती थी। उनके अचानक इस तरह चले जाने से परिवार सदमे में है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इस बात से आहत हैं कि आखिर ऐसी क्या वजह थी कि चांदनी ने इतना बड़ा कदम उठाया। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। क्या यह सिर्फ आत्महत्या थी, या इसके पीछे कोई और कहानी छिपी है?

**पुलिस और फोरेंसिक जांच**

बड़हलगंज पुलिस ने घटनास्थल को सील कर दिया है और फोरेंसिक टीम के आने का इंतजार कर रही है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि फोरेंसिक जांच और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने परिजनों और अस्पताल के कर्मचारियों के बयान दर्ज करने शुरू कर दिए हैं ताकि इस मामले की तह तक जाया जा सके।

**अस्पताल में मातम,समुदाय में शोक**

दुर्गावती अस्पताल में इस घटना के बाद मातम का माहौल है। चांदनी की सहकर्मी और अन्य स्टाफ सदस्य इस सदमे से उबर नहीं पा रहे। स्थानीय समुदाय में भी इस घटना ने गहरी चोट पहुंचाई है। लोग चांदनी को एक हंसमुख और मददगार इंसान के रूप में याद कर रहे हैं। आगे क्या? यह घटना न केवल एक परिवार की त्रासदी है, बल्कि समाज के लिए भी एक गंभीर सवाल खड़ा करती है। मानसिक स्वास्थ्य, कार्यस्थल का दबाव, और सामाजिक समर्थन की कमी जैसे मुद्दों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। क्या चांदनी की जान बचाई जा सकती थी? यह सवाल हर किसी के मन में कौंध रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और जांच में सहयोग करें। हम इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं और जल्द ही नए अपडेट्स के साथ आपके सामने होंगे।

# रजिस्ट्रेशन पॉली क्लीनिक का लेकिन संचालित हो रहा है पूरा अस्पताल

**●अस्पताल मे न तो कोई डाक्टर और न ही कोई पैरा मेडिकल लेकिन यहां होता है गंभीर महिला रोगो का इलाज मुन्नाभाई करते हैं अल्ट्रासाउंड लिखते हैं लम्बा चौडा दवा, आम जनता है हलकान**

**सल्टौवा सीएचसी अन्तर्गत सेखुई भिरिया बाजार मे संचालित लक्ष्मी हास्पिटल का मामला अल्ट्रासाउंड का पूरा घटनाक्रम कैमरे मे हुआ कैदअस्पताल प्रबन्धन के विरूद्व होगी कठोर कार्यवाही दर्ज होगा अभियोग- डा0 राजीव निगम**

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले मे स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही कहें या उदासीनता अथवा मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध यह स्थिति निरीह मरीजों के जीवन पर संकट बन कर खडा है। जिले मे नाजायज तरीके से संचालित हो रहे ऐसे अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेन्टरों की संख्या मे विभागीय कृपादृष्टि से भारी इजाफा हुआ है। अस्पताल और अल्ट्रासाउंड सेन्टर जिले कोने- कोने मे गाजर मूली की दुकानों की भांति खुलेआम संचालित हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग अन्धा और बहरा हो चुका है वह न तो देखता है और न ही सुनता है। जाहिर है ऐसे लोग गैर कानूनी कार्य का अपना परचम तो लहराते रहेंगे। जी हां हम बात कर रहे हैं सल्टौवा सीएचसी अन्तर्गत सेखुई भिरिया बाजार मे विगत दो वर्षो से संचालित लक्ष्मी हास्पिटल का। जिसका रजिस्ट्रेशन पॉली क्लीनिक का है लेकिन महिला रोगों से लेकर यहां गंभीर से गंभीर रोगों के इलाज का दावा किया जाता है। यहां बिना पीसीपीएनडीटी के अल्ट्रासाउंड भी किया जाता है। इसका खुलाशा तब हुआ जब प्रेस की टीम ने इस अस्पताल का स्टिंग आपरेशन किया और महिला रिपोर्टर का नगद 600 रूपये जमा कर अल्ट्रासाउंड भी कराया। हैरानी की बात तो यह थी कि इस कथित अस्पताल मे न तो कोई वैध चिकित्सक ही मौजूद है और न ही कोई अनुभवी पैमेडिकल। फिर यहां डिलीवरी , भ्रूणहत्या से लेकर अनेकों गंभीर रोगों का इलाज करने का दावा किया जा रहा है।

प्रेस की टीम प्रातः करीब 11.30 बजे लक्ष्मी हास्पिटल सेखुई भिरिया बाजार पर पहुंची जहां महिला रिर्पोटर को पेट का दर्द बताकर हास्पिटल मे उपस्थित डाक्टर का भेष बनाकर कर बैठे बृजेश भट्ट के एडवाइज पर अल्ट्रासाउंड कराया गया और रिर्पोट कब्जे मे लिया गया कथित चिकित्सक ने आधा दर्जन से अधिक दवाएं भी लिखे। लेकिन दवा वहां पर खरीदा नही गया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो कैमरे मे कैद हो गया। इस प्रकार से क्षेत्रीय जनता के साथ धोखाधडी करते हुए अस्पताल प्रबन्धन द्वारा मरीजों के जान से खिलवाड किया जा रहा है। ऐसे नीम हकीम नान मेडिकल के हवा हवाई इलाज से न जाने कितने मरीज इस दुनिया से कूच कर गये होंगे और न जाने जाने कितने लोग गलत इलाज के चलते अपने अज्ञानता तथा अस्पताल प्रबन्धन के द्वारा किये गये इलाज पर आंसू बहा रहे होंगे। अस्पताल प्रबन्धन चन्द रूपयों के लालच मे इन्सान से हैवान बन चुका है। अवैध धन उगाही के लिए अन्जान निरीह मरीजों मरीजों का जान भी लेने पर आमादा है। जिसका कोई नियंत्रण स्वास्थ्य महकमा नही कर पा रहा है। नाम न छापने के शर्त पर क्षेत्र के दर्जनों लोगों ने प्रेस को बताया कि इस अस्पताल मे न तो कोई डाक्टर है और न ही कोई पैरामेडिकल मगर यहां सभी महिला सम्बन्धी नाजायज और प्रतिबन्धित कार्य धडल्ले से किये जाते हैं और जब किसी मरीज की हालत बिगडती है तो मरीजों के परिजनों को बस्ती ले जाने का दबाव देते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि इस अस्पताल मे अनेकों मरीजों के साथ गलत इलाज हुआ है। पीडित मरीजों ने आवाज भी उठाया है लेकिन पहुंच के बल पर मरीजों का आवाज दबा दिया गया है। इस सम्बन्ध मे मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 राजीव निगम ने पूछने पर बताया कि ऐसे अस्पतालों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश नोडल अधिकारी को दिया गया है उन्होने कहा कि नाजायज तरीके से प्रशासन को धोखे मे रखकर अल्ट्रासाउंड करना गंभीर अपराध है शीघ्र ही इस अस्पताल के विरूद्व कडी कार्यवाही की जायेगी और प्रबन्धन के विरूद्व अभियोग भी पंजीकृत कराया जायेगा।

# बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर की संदिग्ध मौत, हॉस्टल में बेड पर मिला शव, मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर।** बाबा राघवदास (बीआरडी) मेडिकल कॉलेज, गोरखपुर में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एनेस्थीसिया विभाग के जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर अबिषो डेविड (32) अपने हॉस्टल के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए। केरल के तिरुअनंतपुरम जिले के निवासी डॉ. अबिषो डेविड की मौत ने पूरे मेडिकल कॉलेज परिसर में शोक और सनसनी का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मामले की गहन जांच में जुट गई है, लेकिन मौत का कारण अभी तक रहस्य बना हुआ है।

**क्या हुआ था घटनास्थल पर?**

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह जब डॉ. अबिषो डेविड समय पर अपने विभाग में नहीं पहुंचे, तो एनेस्थीसिया विभाग के अध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार ने एक कर्मचारी को उनके हॉस्टल कक्ष की जांच के लिए भेजा। कर्मचारी ने पाया कि कमरा अंदर से बंद था और बार-बार खटखटाने के बावजूद कोई जवाब नहीं मिला। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए विभागाध्यक्ष और अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे। काफी प्रयासों के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उसे तोड़कर अंदर प्रवेश किया गया। वहां बेड पर डॉ. अबिषो डेविड का शव पड़ा मिला।

**पुलिस और फॉरेंसिक जांच शुरू**

घटना की सूचना तुरंत गुलरिहा थाना पुलिस को दी गई, जिसने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने कमरे से साक्ष्य इकट्ठा किए और हॉस्टल के अन्य रेजिडेंट डॉक्टरों व कर्मचारियों से पूछताछ शुरू की। पुलिस के अनुसार, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, हालांकि कुछ लोगों ने दावा किया कि एक नोट मिला था, जिसे पुलिस ने खारिज कर दिया।

**मेडिकल कॉलेज में अफरा-तफरी, छात्रों में दहशत**

डॉ. अबिषो की मौत की खबर फैलते ही मेडिकल कॉलेज में अफरा-तफरी मच गई। प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल, वरिष्ठ चिकित्सक, और रेजिडेंट डॉक्टर मौके पर पहुंचे। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों में डर और असमंजस का माहौल है। परिसर में मरीजों के तीमारदारों की भीड़ भी जमा हो गई, जिससे कुछ देर के लिए स्थिति तनावपूर्ण रही।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार?**

विभागाध्यक्ष डॉ. सतीश कुमार ने बताया, "डॉ. अबिषो डेविड की मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। यह आत्महत्या है या स्वाभाविक मृत्यु, इसका पता पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के बाद ही चलेगा। हम पुलिस के साथ पूरा सहयोग कर रहे हैं।"प्राचार्य डॉ. रामकुमार जायसवाल ने इसे कॉलेज के लिए दुखद घटना बताते हुए कहा, "हम हर पहलू की जांच कर रहे हैं। मानसिक दबाव, पारिवारिक परेशानी या अन्य कारणों का पता लगाया जाएगा।"

# घर घर दस्तक देगी स्वास्थ्य विभाग की टीम

**● - नगरीय क्षेत्र से सीएमओ ने दस्तक अभियान का किया शुभारंभ**

स्वतंत्र प्रभात



**देवरिया-** जिले में शुक्रवार को दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। सीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता ने नगरीय क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय भटवलिया से फीता काटकर अभियान की शुरुआत की। इस दौरान आशा, आंगनबाड़ी के साथ विद्यालय के बच्चों ने रैली निकलाकर बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर दस्तक देकर बुखार, खांसी, जुकाम, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करेंगी। सीएमओ ने कहा कि दस्तक अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत जिले में सभी आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी, जुकाम, मलेरिया, चिकनगुनिया, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार के लक्षण वाले मरीजों सहित कुपोषित बच्चे की सूची तैयार करेंगी। जिले में कुल 2840 आशा कार्यकर्ताओं की टीम हैं।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुपोषित तथा अति कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पोषाहार उपलब्ध कराएंगी और आवश्यकता पड़ने पर पोषण पुर्नवास केंद्रों पर रेफर किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता लोगों को संचारी रोगों के खतरे और बचाव की जानकारी देंगी। अभियान के तहत मच्छरों से बचाव के लिए फुल आस्तीन के कपड़े पहनने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने घर के आस-पास एवं घरों में सात दिन से अधिक समय तक किसी भी बर्तन में पानी जमा न होने देने, कूलर में भरे पानी एवं फ्रिज के पीछे की ट्रे, गमलों, टूटे हुए टायर, अन्य बर्तनों के पानी को साफ करने के साथ ही घरों के दरवाजों और खिड़कियों में जाली का प्रयोग करने की सलाह दी जाएगी। इस मौके पर एसीएमओ अर्बन नोडल अधिकारी डॉ आरपी यादव, जिला मलेरिया अधिकारी सीपी मिश्रा, डॉ विनीत युवराज, एचईओ एलबी चौधरी, डीसीपीएम राजेश कुमार सहित आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल होंगी विधायक मोना

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना आज शनिवार को दिन में बारह बजे लालगंज में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके बाद वह जनसमस्याओं की सुनवाई करेंगी। विधायक मोना अपरान्ह तीन बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रावण माह को लेकर प्रबन्धों का भी अवलोकन करेंगी। सायं चार बजे वह खानीपुर गांव पहुंचेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### एक मुश्त जमा किए गए धना पर मिलेगी 10% की छूट, नगर आयुक्त नगर निगम शाहजहांपुर

**शाहजहाँपुर-** जनपद की सीमा में स्थित समस्त भवन स्वामियों को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है, जो आगामी 30 सितम्बर 2025 तक जारी रहेगी, किन्तु छूट का लाभ तभी दिया जायेगा जब मांग पत्र में दर्शित सम्पत्ति कर की सम्पूर्ण धनराशि एक मुश्त निगम कोष में जमा की जायेगी। नगर निगम द्वारा सभी भवन स्वामियों को मांग पत्र वितरित कराये जा रहे है। यदि किसी भवन स्वामी को अपना सम्पत्ति कर जमा करना है वह ई-नगर सेवा (https://e-nagarsewaup.gov.in) से स्वय ही बिल डाउनलोड कर सकते है।

### खुदागंज पुलिस टीम द्वारा चोरी के माल सहित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**खुदागंज शाहजहाँपुर।** खुदागंज पुलिस टीम द्वारा चोरी के अभियोग का खुलासा करते हुये एक अभियुक्त को मय चोरी माल के गिरफ्तार किया है । पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल निर्देशन में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी निरीक्षक खुदागंज के नेतृत्व में थाना खुदागंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली । वादी मुकदमा विकास अग्रवाल पुत्र अनिल अग्रवाल निवासी मो0 हनुमान गली कस्बा व थाना खुदागंज जिला शाहजहाँपुर ने अभियुक्त अज्ञात चोर के विरुद्ध वादी की दुकान मे चोरी करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 165/2025 धारा 305 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था मुकदमे में माल मुल्जिमान की तलाश लगातार जारी थी । जिसके क्रम मे मुखबिर की सूचना पर निगोही रोड पर थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर के पास अभियुक्त राकेश पुत्र राजेश्वर निवासी ग्राम कन्धरापुर थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर को मय चोरी किये गये माल 2000 रुपये, एक, दो, पांच रूपये के सिक्के -कुल 800 रूपये,एक सफेद धातु की गणेश जी की मूर्ति के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त व माल को नियामानुसार कब्जा पुलिस मे लेकर मुकदमा उपरोक्त के अन्तर्गत धारा 305/317(2) BNS मे अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही आवश्यक कार्यवाही की जा रही है ।

### भैंसी नदी के किनारे वृक्षारोपण का कार्य पूर्ण जिला अधिकारी



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने भैंसी पुल के निकट वन महोत्सव 2025 वृक्षारोपण अभियान पर उन्होंने ग्रामीणों को बताया 20 दिन के अंदर वृक्षारोपण का जोकर पूर्ण किया गया है वह सराहनीय है और इसमें सरकार का एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया है। जिलाधिकारी नहीं बताया की अभियान शुरू होने से पूर्व सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने कमेंट किए थे कि वृक्षारोपण तो किया जाएगा लेकिन पानी कहां से मिलेगा जिला अधिकारी ने वृक्षारोपण कार्य पूर्ण होने के बाद भैंसी नदी में पानी की समस्या को भी निजात दिलाने के लिए प्रयास किए हैं इस वृक्षारोपण कार्य को ग्रामीणों ने जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की सराहना की है। ग्रामीणों ने बताया जनपद में पहली बार जिला अधिकारी ने भैंसी नदी को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया है तथा नदी के दोनों और वृक्षारोपण करने का कार्य सराहनीय है ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से गोमती नदी के किनारे वृक्षारोपण एवं सौंदर्य करण कराए जाने की मांग की है।

### प्रदेश आपदा प्रबंधन की बैठक में रेड क्रॉस ने किया प्रतिभाग

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी द्वारा प्रदेश के गैर सरकारी संगठन एवं नागरिक सामाजिक संगठनों की संयुक्त प्रावधान में आयोजित बाढ़ आपदा प्रबंधन विषय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग माध्यम से प्रदेश स्तर की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें जनपद शाहजहांपुर से जिला प्रशासन के निर्देश पर इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ विजय जौहरी ने प्रतिभाग किया और एडीएम वित्त नोडल आपदा प्रबंधन अधिकारी अरविंद कुमार द्वारा सराहनीय आपदा प्रबंध की पूर्व में की गई तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी और रेड क्रॉस द्वारा आपदा प्रबंधन में जो सामग्री आवश्यक होगी रेड क्रॉस द्वारा उसे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

# नोडल अधिकारी डॉक्टर निशांत गुप्ता के सामने बौने साबित हो रहे शासन के आदेश आरोप

● **नोटिस देने के तीन माह बाद भी नहीं की गई झोलेछाप डॉक्टर पर कार्यवाही**

● **आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों में फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगा शासन प्रशासन को किया जा रहा गुमराहद्ध आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** मामला च पसगवा क्षेत्र अंतर्गत कस्बा मैगलगंज में हर गली मोहल्ले में कुकुरमुत्ता की तरह उगे झोलाछा डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के नाम पर महज नोटिस देकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर लिए जाने के आरोप नोडल अधिकारी डॉक्टर निशांत गुप्ता पर लगाए जा रहे हैं। सूत्रों की माने तो उक्त नोडल अधिकारी द्वारा आइजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायतों में फर्जी भ्रामक आख्या लगाकर शासन प्रशासन को गुमराह करने का खेल किया जा रहा है। मिली पुख्ता जानकारी के अनुसार कस्बा मेकलगंज में फैले मकडजाल पर डॉक्टर निषाद गुप्ता नोडल अधिकारी की विशेष कृपा होने के चलते कार्यवाही नहीं हो पा रही है। जिसके चलते झोलाछाप डॉक्टर बेखौफ खुलेआम लोगों की जान जोखिम में डालते के डालने के साथ-साथ शासन के आदेशों को खुली चुनौती दी जा रही है ।उक्त झोलाछाप डॉक्टरों से मिलने वाले नज़राने के चलते साहब ने आंखे बंद कर रखे हैं इन्हें कुछ भी दिखाई सुनाई नहीं पड़ रहा है ।झोलाछाप डॉक्टरों को बचाने का डॉक्टर निशांत गुप्ता का नायाब तरीका निकाले जाने का मामला सामने आया है।झोलाछाप डॉक्टरों और गैर पंजीकृत मानक बिहीन अस्पताल , पैथोलॉजी एवं अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर कार्यवाही के लिए नामीत नोडल अधिकारी डॉक्टर निशांत गुप्ता द्वारा झोलाछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने की बजाय उनको बचाने का एक नया तरीका निकाले जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है।सूत्रों द्वारा बताएं अनुसार कस्बा मेकलगंज में औरंगाबाद रोड पर प्राइमरी स्कूल के पास अरसे से संचालित डॉक्टर नीरज की क्लीनिक जो अब नर्सिंग होम का स्वरूप लेती दिखाई पड़ रही है। उक्त झोलाछाप डॉक्टर को आज के पांच माह पूर्व नोटिस दिया गया था और प्रेक्टिस करने से मना किया गया था। इससे पूर्व यह क्लीनिक डॉक्टर अश्विनी कुमार सी एच सी अधीक्षक द्वारा सीज भी की गई थी ।और मन मुताबिक प्रसाद लेकर लोगों की जान लेने के लिए उक्त झोलाछाप डॉक्टर की क्लीनिक को छोड़ दिया गया ।आज इस कथित डॉक्टर को नोटिस दिए गए 5 माह बाद भी उक्त झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध कोई कार्यवाही क्यों नहीं की जा रही है ?क्या इनकी क्लीनिक का पंजीकरण हो गया है या एमबीबीएस की डिग्री ले आए हैं ?जो झोलाछाप डॉक्टर नीरज पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। क्यों क्या यह डॉक्टर निशांत गुप्ता जी के करीबी हैं या फिर कामधेनु जो कि इन पर कार्यवाही नहीं की जा रही है ?उक्त प्रकरण में मनोज मिश्रा पुत्र ओंकारनाथ मिश्रा द्वारा मामले की लिखित शिकायत आइजीआरएस पोर्टल पर की गई थी जिसमें भी जिम्मेदारों द्वारा फर्जी और भ्रामक आख्या लगा शासन प्रशासन को गुमराह करते हुए झोलाछाप डॉक्टर को पुष्पित पल्लवित किया जा रहा है। ऐसा शिकायतकर्ता का आरोप है। शिकायतकर्ता ने मामले की लिखित शिकायत पुनः जिला अधिकारी से करने की बात कही है।

# यूरिया की किल्लत से किसान परेशान, सोसाइटी पर लग रही लम्बी लम्बी लाइनें

**स्वतंत्र प्रभात**




बॉक्स-सोसायटी पर आ रही यूरिया किसानों के लिए ऊंट के मुँह में जीरा साबित हो रही। घण्टों लाइनों में खड़े होने के बाद भी किसान को नहीं मिल पा रही यूरिया।सिंगाही खीरी। क्षेत्र में यूरिया की कमी के कारण किसानों को परेशानी हो रही है, जिसके कारण खाद की दुकानों व सोसाइटियों पर लंबी कतारें लग रही हैं। किसानों को यूरिया खाद प्राप्त करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है, और कुछ प्राइवेट दुकानदारों के यहां पर कालाबाजारी भी हो रही है, जहां यूरिया अधिक कीमतों पर बेंची जा रही है। सिंगाही क्षेत्र की बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति खैरीगढ़ के केंद्र पर शुक्रवार को यूरिया खाद के लिए सुबह से ही किसानों की लंबी लाइन देखने को मिली। बीते करीब दो सप्ताह से खाद न मिलने के कारण किसानों में बेचैनी बनी हुई थी। जैसे ही बुधवार को यूरिया खाद की नई खेप केंद्र पर पहुंची, गुरुवार सुबह तड़के ही चेक वाले किसानों की भारी भीड़ इकठ्ठा हो गई। शुक्रवार को नगद खाद प्राप्त करने वालों की सुबह से ही लम्बी लाइनें लग गयी। खाद की उपलब्धता की सूचना मिलते ही सोसाइटी क्षेत्र के किसान केंद्र पर जुटने लगे। कुछ किसान तो सोसाइटी खुलने के पहले से ही केंद्र के पास लाइन में लग गए थे ताकि उन्हें समय पर खाद मिल सके। भीड़ को देखते हुए सोसाइटी सचिव को स्थानीय प्रशासन का सहयोग लेना पड़ा।भीड़ ने बताया की सुबह से लाइन में घंटों खड़े रहने के बाद भी उन्हें खाद नही मिल सकी है क्योकि सुबह से केवल 50 टोकन ही बटे जिसमे टोकन वालों को ही नहीं मिल सकी खाद। किसानों ने बताया कि धान की रोपाई के बाद ही खाद की जरूरत सबसे अधिक होती है। खाद की किल्लत से फसल की तैयारी प्रभावित हो रही थी, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई थी। जिन्हें खाद मिल गयी उन्हें तो कुछ राहत मिली लेकिन जिन्हें नही मिल सकी वो किसान अब भी परेशान है। मांग के अनुरूप आपूर्ति अभी भी कम बताई जा रही है। सोसाइटियों पर जो खेप पहुंच रही है वो ऊंट के मुंह मे जीरा साबित हो रही।

## सीएचसी अधीक्षक मितौली ने पुष्पगुच्छ देकर विधायक कस्ता को किया सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात**




**मितौली खीरी ।** विकासखंड मितौली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपकेंद्र स्तरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू पहुंचे। कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता को मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र सिंह व कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया है। जिसके बाद फीता काटकर 16 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया। जिसके लागत लगभग सवा करोड रुपए हुई हैं।वहीं कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने कहा कि हमारे द्वारा और हमारे पिता द्वारा लगातार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने का काम किया जा रहा है।जिससे क्षेत्र की जनता को सीधा लाभ प्राप्त हो सकेगा। जो इतनी जगह इतनी जगह उपकेंद्र बनेंगे। जो निम्नहैं। मुंडाहरदासपुर, देवमनिया, गणेशपुर, शिवपुरी, बल्लीपुर, ओडहरा, रसूलपुर, अमेठी, डोकरपुर, बजरखा, करमानी, कैमाबुजुर्ग, अतरौली, भवदाबढ़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली 20 शैया वार्ड, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट सेंटर।इतनी जगह बनेंगे उप स्वास्थ्य केंद्र। वहीं मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर राहुल कुमार आयुष्मान आरोग्य मंदिर बबौना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी ने परिवार नियोजन में उत्कर्ष कार्य करने पर कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू व खीरी सीएमओ डॉक्टर संतोष गुप्ता,मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है।

# पीड़िता ने लेखपाल जेपी वर्मा पर लगाए अश्लील और जाति सूचक गालियां देने के आरोप

● **घरौनी बनाने के नाम पर लिए गए पैसे वापस मांगने पर लेखपाल ने दी अश्लील और जाति सूचक गालियां**

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला के अंतर्गत परगना कुकूरा के गांव हरदुआ निवासी पीड़िता लक्ष्मी ने लेखपाल जे . पी.वर्मा पर घरौनी बनाने के नाम पर ?30000 लेने तथा पैसा वापस मांगने पर अश्लील जाति सूचक गालियां देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता लक्ष्मी ने जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में लेखपाल जेपी वर्मा पर उक्त आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है लक्ष्मी देवी पत्नी स्वर्गीय सोनू का आरोप है कि लेखपाल जेपी वर्मा ने उसे घरौनी बनाकर देने के नाम पर 30000 की मांग की थी ।लक्ष्मी देवी ने अपने गहने गिरवी रखकर लेखपाल जेपी वर्मा को आज के आठ माह पूर्व 30000 बतौर सुविधा शुल्क दी थी, परंतु आज तक उसे घरौनी नहीं मिल पाई तो उसने अपने 30000 वापस करने को लेखपाल से कहा जिस पर लेखपाल जेपी वर्मा आग बबूला हो गए और भद्दी भद्दी गालियां देते हुए कहा कि बाबा जी की सरकार है चमारिन औकात में रहे चमारों की वैसे भी खैर नहीं है दोबारा पैसा मांगने आई या शिकायत की तो तेरी खैर नहीं होगी ।अपना सब कुछ जाते और अपने आप को ठगा और अपमानित महसूस करते हुए लक्ष्मी देवी ने जिला अधिकारी खीरी को लिखित शिकायत की और मामले की जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है पीड़िता ने हमारे संवाददाता को ऑन कैमरा बताया है कि न्याय न मिलने पर वह योगी जी के जनता दर्शन में जाकर शिकायत करेगी तथा न्यायालय की शरण लेने को विवश होगी अब देखना यह जिले की इमानदार जिलाधिकारीदुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा कार्रवाई की जाती है या फिर यूं ही दर-दर की ठोकरे खाते फिरते रहेगीपीड़िता ।इस संबंध में जब लेखपाल जेपी वर्मा से संपर्क कर उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो घंटी बजती रही लेकिन उनका फोन नहीं उठने से उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकी। वहीं राजस्व निरीक्षक ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है लेखपाल जेपी वर्मा से जानकारी ली जाएगी।

## मैगलगंज वन रेंज की बेहजम बीट में लकड़ी माफिया का कहर

**बेहजम खीरी** के मैगलगंज वन रेंज में लकड़ी माफिया सक्रिय हो गए हैं। बेहजम बीट के खेरवा क्षेत्र स्थित बिल्लाई गांव में रात के अंधेरे में हरे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है।यह कार्रवाई उस समय हो रही है जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 9 जून 2025 तक 37 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। सरकार पौधारोपण पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है।स्थानीय सूत्रों के अनुसार, यह अवैध कटाई वन विभाग और पुलिस विभाग की मिलीभगत से हो रही है। अधिकारियों की ओर से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे न केवल सरकारी धन का नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंच रही है।




# सहकारिता विभाग के जिम्मेदारों की कर परसरी में फल फूल रहा भ्रष्टाचार आरोप

● **मामला चौभाल कृषि सहकारी समिति का है जहां साइक्लोन अकाल जमीन पर आज भी कथित भूमाफियाओं का कब्जा बरकरार**

● **कई एकड़ जमीनों के हो गए महीना में जाट के बाद 9:00 बजाना में के दाखिल खारिज पर लगी रोक**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी** सुबे में भले ही कानून का राज भ्रष्टाचार मुक्त उत्तर प्रदेश और सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त होने के बड़े-बड़े दावे और वादे शासन सत्ता और उनकी मशीनरी द्वारा किए जा रहे हो पर यह दावे और वादे सिर्फ वादे ही होकर रह गए हैं। जनपद खीरी में यह दावे सिर्फ जुमला साबित होते दिखाई पड़ रहे हैं ।प्रशासन और सहकारिता विभाग के चंद्र धनलोलुप जिम्मेदारों के बीच चल रही सेटिंग गेटिंग के चलते आदेशों का गर्दा उड़ते हुए सरकारी जमीनों पर आज भी दबंग और भूमाफियाओं की सैकड़ो एकड़ जमीनों पर गन्ना या धान की फैसले लहरा रही हैं ।और जिम्मेदार इन दबंग अवैध कबजेदारों के ताल पर थिरकते नजर आ रहे हैं ।ऐसा ही एक मामला चौभाल कृषि सहकारी समिति बसेगापुर में देखा जा सकता है। यहां सरकारी समिति की सैकड़ो बीघा जमीन पर स्वरचित एवं समिति के दस्तावेजों में खुद-बुर्द कर सरकारी जमीन की बिक्री कर दिए जाने और काफी जमीन पर दबंग और रसूखदार लोगों की फैसले खड़ी सरकारी आदेशों को मुंह चिढ़ा रही हैं ।सबसे मजे की बात तो यह है कि ए आर कोऑपरेटिव साहब अपने ही आदेश का प्रभावी अनुपालन करने में पूर्णत विफल साबित हो रहे हैं क्यों ?सूत्र बताते हैं सन 1958 में पंजीकृत इस चौभाल सहकारी समिति के नाम 258 एकड़ जमीन दर्ज कागजात थी। उक्त जमीन पर कुछ दबंग और कथित भूमाफियाओं की नजर लगी थी जिसके चलते कुछ फर्जीबाड़ा करने में महारत हासिल लोगों की एंट्री कराकर समिति की जमीन को खुद-बुद्ध करने का योजना बद्ध तरीके से खेल शुरू हुआ और सहकरिता विभाग के तत्कालीन ए . डी.सी.ओ. से लेकर ए. आर कोऑपरेटिव की मिली भगत से फर्जी लोगों को खड़ा करके शहर के एक भूमाफिया द्वारा काफी जमीन बेच डाली गई और काफी जमीन पर आज भी अपना आदमी रखकर पर्दे के पीछे से फसल बुबाकर अनुचित लाभ लिया जा रहा है। लंबे अरसे से चली आ रही लड़ाई में पूर्व समिति सचिव सरदूल सिंह की मेहनत रंग लाई और नए बैनामों के दाखिल खारिज प्रक्रिया को रोक दिया गया ,और मामले की जांच के लिए ए आर कोऑपरेटिव के निर्देशन में जांच टीम गठित कर दी गई । डी . आर कोऑपरेटिव लखनऊ की सख्ती के बाद भी कच्छप गति चली जांच में भारी फर्जीबाड़ा और भ्रष्टाचार सामने आने की बात सूत्रों से प्रकाश में आ रही है। उक्त सबके बाद सहकारिता विभाग द्वारा थाना अध्यक्ष फूलबेहड को रजि0 डाक से पत्राचार करके कार्यवाही एवं जमीन पर कृषि कार्य किए जाने पर रोक लगाई जाने का आदेश जारी किए जाने की भी बात सामने आई है। और इसकी पुष्टि ए आर कोऑपरेटिव द्वारा टेलिफोनिक लिए गए पक्ष में स्वीकार की गई है। कि कृषि कार्य पर रोक लगाई गई है ।उसके बाद भी उक्त जमीन पर कृषि कार्य होना थाना प्रभारी निरीक्षक फुलबेहड और सहकारिता विभाग के जिम्मेदारों की नाकामियों को दर्शाता है और मिली भगत होने की ओर संदेह पैदा करता है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार उक्त समिति की जमीन की एक बड़े भूभाग पर प्रकाश चंद अरोड़ा का आज भी कब्जा होना बताया जा रहा है और लगाया जा रहा धान इनका ही बताया जा रहा है ।जो इनके द्वारा रखे गए व्यक्ति रामू बाजपेई द्वारा लगवाए गए हैं ।यह आरोप मेरा नहीं है सूत्रों पर आधारित है। वही प्रकाश अरोड़ा ने बताया कि मेरा कोई मतलब समिति से नहीं है और ना ही मेरा कोई कब्जा है यहां पर प्रकाश अरोड़ा का बयान संदेह पैदा करता है ।



**जब समिति से मतलब नहीं तो क्यों हाई कोर्ट में डाली याचिकाद्ध**

प्रकाश अरोड़ा द्वारा एक तरफ कहां जा रहा है कि मुझे समिति से कोई मतलब नहीं है और नहीं मेरा कोई समिति की जमीन पर कब्जा ही है तो फिर हाई कोर्ट में क्यों योजित की याचिका?अहम सवाल बना हुआ है और योजित याचिका में 20 वर्षों से कब्जा होने की भी बात प्रकाश अरोड़ा द्वारा कही गई है। उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में योजित याचिका में उनके द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से किए गए कथन में उनके द्वारा समिति की जमीन पर अवैध कब्जा की बात पुष्टि होने को काफी है ।यदि ईमानदारी से हुई जाच तो मामले में कई लोगों पर गाज गिरना तय है ।लेकिन यहां हमाम में सभी नंगे ही नजर आ रहे हैं। तो मेरी ढको मैं तेरी ढकी के खेल में सैकड़ो बीघा समिति की जमीन पर भूमाफिया कब्जा किये है।और हर वर्ष कई लाख रुपए का चुना समिति को लगाया जा रहा है । यदि समय रहते ए आर कोऑपरेटिव ने की होती करवाई और फसल बोने से रोकने का किया होता प्रयास तो रोक के बावजूद समिति की जमीन पर धान लगाने से दबंगो को रोका जा सकता था।

**वर्जन** - इस संबंध में जब ए आर कोऑपरेटिव से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया की बोर्ड द्वारा चौभाल कृषि सहकारी समिति की जमीन पर कृषि कार्य करने से रोक लगाई गई है बोर्ड के जांच रिपोर्ट आ जाने के बाद उक्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एडीएम एफआर अरविंद कुमार के साथ सहयोग संस्था ने किया पौधारोपण

**स्वतंत्र प्रभात**



**शाहजहांपुर।** न्यू सिटी ककरा स्थित बायोडायवर सिटी पार्क में सहयोग संस्था के सभी पदाधिकारियो ने पौधारोपण किया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने कहा कि यह संस्था बहुत ही अच्छा कार्य कर रही है , और यह समय पौधा रोपण का ही है, इसलिए सभी लोग ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए, क्योंकि पेड़ों के कटान होने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है, जिसको मेंटेन करना अति आवश्यक है, अन्यथा एक बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी । कार्यक्रम में पहुंचे एडीएम का संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता प्रधान व शाहनवाज खा एडवोकेट ने बुके देकर स्वागत किया । संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता की शादी की सालगिरह होने पर उन्होंने अपने पति राम जी गुप्ता के साथ मिलकर अपने पल को यादगार बनाते हुए पौधा रोपण किया , और कहा कि सभी को अपना जन्मदिन, अपनी शादी की सालगिरह आदि ऐसे पलों को पौधारोपण कर अवश्य ही यादगार बनाना चाहिए, इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना, डायरेक्टर तराना जमाल, सैय्यद अनवर, सरदार हरजीत सिंह, डॉक्टर पुनीत मनीषी,स्तुति गुप्ता सुमन गुप्ता, राजविंदर सिंह राजा, नवनीत गुप्ता, एडवोकेट शफीकुद्दीन अंसारी, रामजी गुप्ता, अंकुश गुप्ता , मोहम्मद नाजिम , पार्षद मनीष गुप्ता, पार्षद शिवओम सक्सेना, फरमान, रुद्राक्ष गुप्ता, तन्मय गुप्ता, शबाब, सृस्टि सक्सेना,मुगीश अंसारी श्रेष्ठ कुमार, शानवी शर्मा, अवनीश कुमार पटेल आदि सभी उपस्थित रहे।

### चुनौती करने वाले अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, माल बरामद

**शाहजहाँपुर।** थाना मदनापुर पुलिस टीम ने मोबाइल छिनैती के अभियोग का खुलासा करते हुए 02 अभियुक्तो को चोरी (झपटमारी) के 02 मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वांछित अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के नेतृत्व में गठित टीम के सदस्य उ0नि0 अंकित चौधरी मय फोर्स के थाना मदनापुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 156/25 धारा 304(2) BNS से सम्बन्धित अभियुक्तगण धीरज पुत्र बबलू सिंह, पवन पुत्र अश्वनी सिंह निवासीगण ग्राम सिकन्दरपुर कलां थाना मदनापुर जनपद शाहजहाँपुर को आज वाहन चैकिंग के दौरान समय 13:29 बजे बरीखास पुलिया के पास से मय चोरी (झपटमारी) के दो मोबाइल सहित गिरफ्तार किया गया ।

## बण्डा पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार माल बरमद

**स्वतंत्र प्रभात**



**शाहजहाँपुर।** थाना बण्डा पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित / प्रकाश में आये अभियुक्तगण के खिलाफ बडी कार्यवाही की हैं।थाना बण्डा पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 346/2025 धारा 331(4)/ 305/317(2) बीएनएस में वांछित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर कब्जे से एक जोडी कानो की झुमकी पीली धातु, एक माँग बेदा पीली धातु, दो मगंलसूत्र पीली धातु, एक अगूठी पीली धातु, एक कमर बिछुआ सफेद धातु, एक जोडी खडुआ सफेद धातु, तीन जोडी पायल सफेद धातु बरामद कर विधिक कार्यवाही की गयी । मुखबिर की सूचना पर आलमपुर पिपरिया से सुनासीरनाथ मन्दिर की तरफ जाने वाले गेट के पास से शिवम पुत्र स्व0 रामभजन उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम दलेलपुर जगदीशपुर थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर की पीठ पर टागे हुए पिट्ठू बैंग से एक छोटा ज्वैलरी बाला पर्स जिसमें एक माँग बेदा, काली मोती माला में लगा हुआ एक पेन्डिल, एक लेडिज अँगूठी सभी पीली धातु तथा एक कमर बिछुआ एक ज्वैलरी पायल दोनो सफेद धातु बरामद हुआ तथा पहने जीन्स पैन्ट की बायी जैब से 250 रुपये नकद बरामद हुये। तथा दूसरे व्यक्ति सोनपाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम मियांपुर सनबात थाना बण्डा जनपद शाहजहाँपुर से पहने जीन्स की पैन्ट की पीछे वाली जेब से एक लाल रंग का ज्वैलरी वाला पर्स जिसमें एक जोडी झुमकी एक पैण्डल एक ओम सभी पीली धातु व एक जोडी जेवरी वाली पायल, एक जोडी बच्चो की पायल, एक जोडी खडुआ सफेद धातु बरामद हुआ तथा जीन्स की दूसरी जैब से 350 रुपये बरामद हुए । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### देसी तमंचा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार



**कलान शाहजहाँपुर।** थाना कलान पुलिस ने देसी तमंचा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण में एवं प्रभारी निरीक्षक कलान के कुशल नेतृत्व में संदिग्ध व्यक्ति एवं अवैध शस्त्र के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना कलान पुलिस को बडी कामयाबी हासिल हुई । थाना कलान पुलिस द्वारा चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति,वाहन एव क्षेत्र गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त रामखिलाडी पुत्र श्यामवीर यादव उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम झकरेली पितई नगला थाना कलान जिला शाहजहांपुर को एक देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज के साथ मिलकिया तिराहे से ग्राम मिलकिया जाने वाले रोड पर से गिरफ्तार किया गया ।

## संक्षिप्त खबरें

### बैजनाथ धाम के लिए सुरियावा से कांवरियों का जत्था रवाना



**सुरियावा** से कांवरिया संघ सावन के पहले दिन सुरियावा से सुल्तानगंज और जल भरकर बाबा बैद्यनाथ धाम जिला अभिषेक किया जाएगा कांवरिया आशीष उपाध्याय रिंकू सोनी आकाश जायसवाल बाबू जायसवाल करन जायसवाल संदीप विश्वकर्मा आज कांवरिया रवाना हुए।

### सुरियावां में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**भदोही।** सुरियावां थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक वनवासी परिवार की आठ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के पिता की तहरीर के आधार पर सुरियावां पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की गहन छानबीन शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी घर में चारपाई पर सोई हुई थी, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और बच्ची की तलाश शुरू कर दी। खोजबीन के दौरान, बालिका अपने घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर मिली। पुलिस ने तत्काल बालिका का चिकित्सीय परीक्षण कराया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।इस गंभीर मामले पर पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि बालिका के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर थाना सुरियावां में संबंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और पुलिस जल्द ही इस घृणित अपराध को अंजाम देने वाले व्यक्ति की पहचान कर उसके खिलाफ कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही करेगी। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और न्याय सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है।

### आकाशी बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत परिजनों में मचा कोहराम




**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हथेडा गाव मे शुक्रवार को सुबह आकाशी बिजली की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही परिजनों मे कोहराम मच गया प्राप्त जानकारी के अनुसार चिंतामणि पाल 65 वर्ष निवासी हथेड़ा थाना हलिया जनपद मिर्जापुर अपने घर से 200 मीटर दूर पर भेड़ चराने के लिए गए थे तभी आकाशी बिजली गिरने से चिंतामणि पाल झुलस गये परिजनों ने आनन फानन में लेकर तुरंत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद डॉक्टर ने देखते ही चिंतामणि को मृत घोषित कर दिया चिंतामणि पाल के लड़के श्यामलाल पाल ने बताया कि हम पोस्टमार्टम नहीं करवाना चाहते हैं की चिंतामणि पाल को वापस उनके परियोजनो ने अपने कब्जे में ले लिया।

### उपकार संकुल स्तरीय बगहा समिति की बैठक खण्ड विकास अधिकारी ने ली



**सीखड़, मीरजापुर।** शुक्रवार को क्लस्टर बगहा में गठित उपकार संकुल स्तरीय समिति की बैठक खंड विकास अधिकारी राम जी मिश्र ने ली। उक्त बैठक उपायुक्त स्वतःरोजगार मीरजापुर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के आदेशानुसार आहुत की गई थी। बैठक में समूह की सभी महिलाएं उपस्थित रहीं। खण्ड विकास अधिकारी ने समूह की समीक्षा करते हुए महिलाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान निर्मला देवी,धीरज त्रिपाठी , ब्लाक मिशन मैनेजर लालबहादुर सहित समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## यूपीआई के माध्यम से साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़ित के खाते में 35000/- धनराशि को कराया गया वापस

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही-** जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त के क्रम में आवेदक अतीक अहमद पुत्र मो0 इरशाद निवासी बालीपुर थाना ज्ञानपुर जनपद भदोही के साथ यूपीआई के माध्यम से कुल ?45000/- बैंक खाते से फ्रॉड होने की ऑनलाइन शिकायत की थी। साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा उक्त हृष्टक्क का अवलोकन कर त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना श्री बृजेश सिंह व का0 अभिषेक शुक्ला, म0का0 प्रीती सिंह परिहार द्वारा ?35000/- की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया।पीड़ित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि- भूरि प्रशंसा की गयी।




**साइबर फ्रॉड के बचने के लिए सावधानिया-**

1.साइबर फ्रॉड होते ही तत्काल 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करें।

2.किसी अन्जान व्यक्ति के कहने पर कोई एप डाउनलोड़ न करें।

3.वर्क फ्राम होम, शेयर ट्रेडिंग करने से पहले सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर ही उपयोग करें।

4.कृपया किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा पैसो की मांग किये जाने पर अच्छे से जाँच ले एवं अपने खाते का बैलेंस चेक कर ले, किसी के बहकावे में न आये।

5.अज्ञात व्यक्ति/अज्ञात मोबाइल नम्बर द्वारा भेजी गयी लिंक को क्लिक न करें।

## जिला पोषण समिति की सीडीओ ने की समीक्षा बैठक

● महिलाओं व बच्चों के पोषण व शिक्षा सहित समग्र विकास पर जोर- सीडीओ

चेहरा प्रमाणीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश- सीडीओ



स्वतंत्र प्रभात

**भदोही 11 जुलाई, 2025:-** जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देश में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्टेऊट सभागार में सम्पन्न हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि एफआरएस (चेहरा प्रमाणीकरण) के समीक्षा के दौरान बताया कि चेहरा प्रमाणीकरण पर ही पोषाहार वितरित किया जायेगा। जनपद के सभी आगनबाड़ी केन्द्रो पर कुल लाभार्थी 84284 के सापेक्ष 59385 की प्रगति 70.50 प्रतिशत होने पर सभी सीडीपीओ को निर्देश दिया कि अपने-अपने क्षेत्रों में शत-प्रतिशत एफआरएस के कार्यो को पूर्ण कराये। साथ ही आगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाओं को निर्देश दिया कि अपने-अपने केन्द्रो में शत्-प्रतिशत बच्चों, गर्भवतीधात्री महिलाओं का अवशेष एफआरएस कार्य पूर्ण कराये, अन्यथा कठोर कार्यवाही की जायेंगी।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद की उज्वल आजीविका एवं रानी लक्ष्मी बाई स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार पोषण पोटली प्रोटीनला का आगनबाड़ी केन्द्रों व लाभार्थियों तक उपलब्ध कराया जायेगा। सैम मैम बच्चों की पहचान करने हेतु आगनबाड़ी कार्यकत्री एवं आशा की संयुक्त टीम बनाकर पहचान करने का निर्देश दिया। सीडीओ ने डीपीआरओ संजय मिश्र को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत निधि से जनपद के सभी आगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों के वजन व लम्बाई हेतु स्केल मशीन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सम्भव अभियान के कुशल संचालन हेतु सीडीपीओ, चिकित्सा प्रभारी डाटा फीडिंग को सुनिश्चित कराये।

जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि पोषण पुर्नावास केन्द्र में सैम बच्चों को प्रभावी प्रयास कर भर्ती कराये जाने हेतु सीडीओ ने निर्देश दिये। आगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण के सम्बन्ध में बताया गया कि जो केन्द्र फिनिसिंग स्तर पर है उन्हें जल्द ही पूर्ण कराकर हस्तगत करा लिया जाये। बाल विकास परियोजना अधिकारी, खण्ड शिक्षाधिकारी व प्रभारी चिकित्साधिकारी के साथ समन्वय बैठक कर महिला व बालकों के हित में धरातली स्तर पर अधिक प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया गया। पीएफएमएस पोर्टल पर आगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका का आधार व मोबाइल सत्यापन के कार्यो पर बल दिया गया। प्रधानमंत्री मातृ बन्दन योजना के अवशेष कार्यो को अविलम्ब पूर्ण करने हेतु सीडीओ ने निर्देश दिये। बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रभारी मुख्य सेविका, ब्लाक क्वाडिनेटर के साथ समस्त विभागीय इन्डीकेटर पर बैठक करायी गयी और जिन इन्डीकेयर की प्रगति खराब पायी गयी उनमें सुधार करायी जाने के निर्देश दिये गये तथा भविष्य में प्रगति खराब पायी गई तो दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।बैठक में प्रभारी बीएसए विकास चौधरी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, मुख्य सेविकाएं, आदि सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### बाढ़ प्रबंधन हेतु जनपद मुख्यालय पर स्थापित इमरजेंसी आपरेशन सेंटर में कर्मचारियों की गई तैनाती

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जनपद में स्थापित इमरजेंसी सेंटर में बाढ़ के प्रबंधन हेतु जनपद मुख्यालय स्थित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के कक्ष में स्थित ई0ओ0सी0 कलेक्ट्रेट जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बाढ़ कंट्रोल रूम की स्थापना (जिसका दूरभाष नम्बर-054242-256357) करते हुए 24 घण्टे के लिए कर्मचारियों की तैनाती शिफ्टवार की हैं।

जिलाधिकारी ने अपने आदेश के तहत अपर उप जिलाधिकारी सदर को प्रभारी अधिकारी बाढ़ कंट्रोल रूम तथा आपदा विशेषज्ञ अंकुर गुप्ता मोबाइल नम्बर-9990137940 को सहायक प्रभारी बाढ़ कंट्रोल रूम नामित किया हैं।

कंट्रोल रूम में जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है उनमें विशाल सिंह कनिष्ठ सहायक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक मो0 न0-8081343640 प्रातः 06 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक, रामचन्द्र कनिष्ठ सहायक बाणसागर खण्ड-5 मो0 नं0-9452159480 एवं संजय सैनी टी0 जी0- 2 कार्यालय अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड-2 मो0 नं0-6380307515 अपरान्ह 02 बजे से रात्रि 10 बजे तक, सतीश कुमार कनिष्ठ सहायक कार्यालय बाणसागर खण्ड-5 मो0 नं0-8948999187 एवं राजित राम कनिष्ठ सहायक कार्यालय विद्युत वितरण खण्ड-2 मो0 नं0-9794857516 रात्रि 10 बजे से प्रातः 06 बजे तक ड्यूटी लगाई हैं। जिलाधिकारी ने अपने आदेश के तहत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बाढ़ कंट्रोल रूम में कोई भी कर्मचारी अपने रिलीवर के आने पर ही ड्यूटी स्थल छोड़ेगा।

## शिवपुर में रेलवे फाटक हुआ बन्द

● विंध्याचल त्रिकोण मार्ग पर लोगों ने फुट ओवर ब्रिज की उठाई मांग



स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** विंध्याचल त्रिकोण पथ पर स्थित शिवपुर बाजार में रेलवे क्रासिंग शुक्रवार को सीमेंटेड दीवार खड़ा कर बंद किए जाने पर स्थानीय नागरिकों ने बिना विकल्प दिये मार्ग बन्द किए जाने को अन्याय बताया। बगल में ही स्थित राजकीय बालिका इन्टर कालेज की सैकड़ों छात्राओं ने नारेबाजी कर ओवर ब्रिज की मांग किया। कहा कि सामने घर होने के बावजूद उन्हें करीब 3 किमी का चक्कर लगाना पड़ेगा। छात्राओं ने नारेबाजी कर अपने आक्रोश का इजहार किया। इतना ही नहीं त्रिकोण करने निकले यात्रियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्हें आगे बढ़ने के बजाय पीछे की लौटकर अनानाहक चक्कर लगाना होगा। शिवपुर में ही भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित रामेश्वर मंदिर और तारापीठ मंदिर में लाखों की संख्या में भक्त आते हैं। उन्हें दर्शन के लिए करीब तीन किलोमीटर पैदल अधिक चलने पर मजबूर हो जाएगे। क्षेत्र के हजारों परिवारों को चक्कर लगाना होगा।

समस्या के समाधान के लिए फुट ओवर ब्रिज बनवाने की मांग लोगों ने की। क्षेत्रीय सांसद केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को पत्र लिखा गया है। क्षेत्र के महेश भट्टाचार्य प्राइमरी पाठशाला शिवपुर और कोइरान बस्ती में दो विद्यालय के बच्चों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शिवपुर में पढ़ने वाली मड़गुड़ा, गोपालपुरा, शिवपुर कोइरान, अष्टभुजा आदि कई गांव की बालिकाओं का आवागमन रेलवे फाटक से ही होता था। अब उन्हें विद्यालय चक्कर लगाकर आना जाना पड़ेगा। ग्रामीणों के विरोध पर पहुंचे रेलवे के विभागीय अधिकारियों ने FIR कराने की बात कही। जिस पर विरोध करने वाले पीछे हट गए।

### न्यायालय द्वारा महिला का धारदार हथियार से हत्या करने के दोषी अभियुक्त को आजीवन सश्रम कारावास तथा 15,000/- अर्थदंड से दंडित किया गया

**भदोही** दिनांक 07.04.2024 को थाना औराई पर थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत आरोपी द्वारा वादिनी मुकदमा के पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित करते हुए धारदार हथियार से हमला कर हत्या करने के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-77/2024 धारा-302,498 भा0द0वि0, 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम एवं 4/25 आयुध अधिनियम में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित विवेचनात्मक कार्यवाही व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए आरोपीगण के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में एवं अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में "ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा अधिकतम व त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व एडीजीसी विनय बिन्द की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक 11.07.2025 को मा0 न्यायाधीश पुष्पा सिंह मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-1 भदोही- ज्ञानपुर द्वारा धारदार हथियार से हत्या करने के दोषी अभियुक्त मैनेजर उर्फ बब्लू गौतम पुत्र जयकरन गौतम निवासी भरतपुर थाना औराई जनपद भदोही जनपद भदोही को अंतर्गत धारा 302 भा.द.वि. व 4/25 आयुध अधिनियम में आजीवन सश्रम कारावास तथा 15,000/- अर्थदंडसे दंडित किया गया। अर्थदण्ड की धनराशि न अदा करने पर 06 माह अतिरिक्त कारावास से दंडित किया जाएगा।

### अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का महा महोत्सव है गुरु पूर्णिमा- श्री ब्रजरज दास जी महाराज

सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का यज्ञ एवं भंडारे के साथ हुआ समापन



**चुनार मिर्जापुर।** गुरुवार को नगर स्थित राजरतन लॉन में गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत गीता कथा एवं भक्ति यज्ञ का का समापन हवन यह के साथ हुआ। वृंदावन से पधारे श्री ब्रजरज दास जी महाराज ने कहा कि अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का महा महोत्सव है गुरु पूर्णिमा।इस दौरान सत्यम, गिरिजा, कैलाश, काजू सोनकर सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## विश्व जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता शरीर का आयोजन संपन्न

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही/**सुरियावा 11 जुलाई 2025 शुक्रवार को माननीय उच्च न्यायालय/भारत सरकार/उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश के अनुपालन में खंड विकास कार्यालय सुरियावा के सभागार में खंड विकास अधिकारी सुरियावा बृजेश कुमार तिवारी द्वारा जनसंख्या नियंत्रण पर विस्तृत पर चर्चा करते हुए बताया की जनसंख्या दर वृद्धि होने से किस-किस प्रकार की कठिनाइयां का सामना करना पड़ता है तथा जिला प्रोबेशनअधिकारी शत्रुघ्न कनौजिया द्वारा बताया गया कि भारत में जिस तरह से जनसंख्या वृद्धि बढ़ रही है इससे आने वाले भविष्य में हम सभी को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है हम जनसंख्या वृद्धि के नाते विकास से काफी पीछे रह जाएंगे इसलिए सबको मिलकर जनसंख्या वृद्धि नियंत्रण पर अंकुश लगाना होगा जिससे समाज एवं देश को नई दिशा प्रदान हो सके जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से डिफेंस काउंसिल के संदीप कुमार दुबे द्वारा जनसंख्या नियंत्रण पर बोलते हुए कहा कि जनसंख्या नियंत्रण इसी तरह चला रहा तो हम दुनिया से बढ़ सकते हैं इसलिए हम सबको मिलकर जनसंख्या नियंत्रण पर कार्य करना चाहिए ताकि आने वाले समय में हम अपने नई पीढ़ी को एक अच्छा नया भविष्य दे सके इसलिए हम सबको मिलकर जनसंख्या नियंत्रण को अपना कर देश की तरक्की में मदद करें इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राजेश कुमार पीएलबी नरेंद्र मिश्रा जिला कमिश्नर से विवेक कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



## विंध्याचल- मां विंध्यवासिनी धाम में चोरी की बढ़ती घटनाएं, श्रद्धालुओं में आक्रोश

● आजमगढ़ से आए दर्शन आरती का दीवान घाट पर स्नान करते समय समान व पैंट गायब

पेट के जेब में रखा लगभग 11000 रुपए मोबाइल फोर व्हीलर वाहन की चाबी भी साथ में गायब दर्शनार्थी परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी देवी धाम, जहां लाखों श्रद्धालु आस्था के साथ दर्शन-पूजन को आते हैं, इन दिनों चोरी की बढ़ती घटनाओं से चर्चा में है। गंगा घाटों पर आए दिन श्रद्धालुओं के सामान, पैसे और कीमती वस्तुओं की चोरी वहीं शुक्रवार को आजमगढ़ से मां विंध्यवासिनी देवी जी का दर्शन पूजन करने आए रमेश यादव पुत्र, राम मूरत यादव थाना कप्तानगंज जनपद आजमगढ़ सुबह लगभग पांच बजे विंध्याचल स्थित दीवान घाट पर स्नान करने पहुंचे अपना समान वहीं पास में पड़े एक लकड़ी के तकथ पर रखा था स्नान कर जब बाहर निकले तो उनके कपड़े ही गायब हो गए काफी देर इधर-उधर खोजने के बाद जब पता नहीं चला तो थाना विंध्याचल पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया वही बताया कि पेट के जेब में पड़े लगभग 11000 रुपए मोबाइल फोर व्हीलर वाहन की चाबी भी गायब हो गई इस प्रकार से बढ़नी चोरी की घटनाओं पर स्थानी पुलिस अंकुश लगाने में पूरी तरह निष्क्रिय साबित हो रही है जिससे

आस्था की इस नगरी की छवि को धूमिल हो रही है। स्थानीय लोगों और



पर्यटकों का कहना है कि पुलिस का ढुलमुल रवैया चोरों के हौसले बुलंद कर रहा है, जिससे अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। श्रद्धालु डर के साये में दर्शन करने को मजबूर हैं। कई मामलों में शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई न होने से लोगों में नाराजगी है। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई जाए और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं की आस्था बरकरार रहे।

## गुरु पूर्णिमा पर बाल योगियों को दिया गया गुरु संदेश

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** पतंजलि युवा भारत एवं विंध्य योग सेवा धाम के संयुक्त तत्वाधान में नगर के पांडेपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर आयोजित बाल योग शिविर में नन्हे नन्हे बाल योगियो को राष्ट्रीय योगासन जज योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने योग के माध्यम से गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बच्चों को वैदिक एवं ऋषि परंपरा के संस्कारों का जीवन में अनुसरण करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को जीवन में पूर्ण रूप से स्वस्थ और निरोग रहने के लिए योग के विविध प्रकार के आसन प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उन्हें शारीरिक मानसिक रूप के साथ-साथ आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहने का गुरु पूर्णिमा संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती रितु




भंडारी ने कहा कि गुरु पूर्णिमा जब भारतीय संस्कृति का सबसे प्राचीन पर्व है, जो पहले भी महर्षि वशिष्ठ विश्वामित्र की परंपरा रही है, इस परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य भी इन्हीं भारत के भविष्य के हाथों में है। इसलिए इन्हें गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरु संदेश के माध्यम से जीवन में शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों का भी समावेश करने का गुरु मंत्र दिया गया।

यह गुरु ने बताया कि इस पावन पर्व के अवसर पर इन्हें जीवन में सत्य की मार्ग पर चलने एवं जीवन के प्रथम गुरु माता-पिता और जीवन के आए हर गुरु का हमेशा आदर और सम्मान करना इनके व्यवहार का हिस्सा होना चाहिए। तभी जीवन में सफलता प्राप्त होगी। इस अवसर पर वीना श्रीवास्तव तृप्ति श्रीवास्तव भारतीय अस्थाना रुचिका, के साथ साथ बालयोगियों में मानस, शिवाय, शान्वी, काव्या, युगांश, माही, सृजया संग आदि लोग उपस्थित रहे।

### मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला खान अधिकारी, एन0एच0, एस0एच0 को ट्रैक्टर ट्राली, ट्रकी, भारी वाहनों जो टोल से गुजरते है उन सभी वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाने हेतु पत्राचार करें एवं परिवहन व पुलिस विभाग भी अभियान चलाते हुए रिफ्लेक्टर टेप लगवाते हुए लोगो में जागरूकता लाएं। उन्होंने कहा कि ढाबों का निरीक्षण करे तथा वहां देखे कि पार्किंग व्यवस्था है अथवा नही है यदि जहां पर पार्किंग की व्यवस्था वहां पर नोटिस जारी करते हुए पार्किंग व्यवस्था कराने का निर्देश दें। उन्होंने प्रभारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में ई-रिक्शा/टेम्पो के विरूद्ध अभियान चलाते हुए रिफ्लेक्टर टेप लगवाए ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सकें। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से चल रहे ई-रिक्शा, टेम्पो पर



नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। पुलिस विभाग द्वारा बताया गया कि शहर में 12 लोकेशन चिन्हित किए गए है जहां पर ई-रिक्शा व आटो खड़े किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह भी अवगत कराएं कि कौन-कौन से वाहन और कितने वाहन खड़े किए जा सकते है की जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देशित किया कि कूड़ा स्थल चिन्हित करते हुए अवगत कराएं। उन्होंने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी व प्रभारी यातायात को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्य मार्गो पर वृहद अभियान चलाते हुए लोगो को सड़क के किनारे बड़े वाहन न खड़ा करने हेतु जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर में सबसे अधिक व्यस्त सड़क है उसकी सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी स्कूलो, कालेजो प्रधानाध्यापको की कार्यशला का आयोजन करते हुए रोड सेफ्टी के बारे में जानकारी दे तत्पश्चात सभी प्रधानाध्यापक अपने-अपने विद्यालयों में छात्र-छात्राओं रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि सभी प्रधानाध्यापको से उनके विद्यालय के मास्टर ट्रेनरो की सूची लेते हुए उन सभी को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा अन्तर्गत जो भी व्यक्ति अथवा छात्र-छात्राएं उत्कृष्ठ कार्य कर रहे है उन्हें सम्मानित भी किया जाए। बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम, सहायक अभियंता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग बी0के0 पाण्डेय, निमार्ण खण्ड-2 सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

### जिलाधिकारी ने चकबंदी कार्यो के प्रगति की समीक्षा कर तेजी लाने का दिया निर्देश

**मीरजापुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चल रहे चकबंदी कार्य प्रगति की समीक्षा कर चकबंदी कार्यो में तेजी लाते हुए पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि चकबंदी के अधिकारी चकबंदी कार्य में शासन के निर्देशानुसार ग्रामीणों/कृषको के हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। बैठक में धारा-20 प्रारम्भि चकबंदी योजना का निर्माण प्रारूप-6 के अन्तर्गत धारा-23 चकबंदी योजना का पुनरीक्षण का स्तर प्रारूप-8 के अन्तर्गत धारा-27 अन्तिम अभिलेख की तैयारी आदि प्रारूपों पर बिन्दुवार चर्चा की गई व कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी सहित सभी चकबन्दी



अधिकारी व सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### सफर पर जा रहे हैं तो देख लें रूट डायवर्जन प्लान, कांवड़ यात्रा के लिए दिल्ली से हरिद्वार तक बदले रास्ते



**प्रयागराज।** कांवड़ यात्रा को लेकर गुरुवार से दिल्ली-हरिद्वार मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। इस दौरान रूट डायवर्जन किया गया है। इस साल कांवड़ यात्रा 11 से 23 जुलाई तक चलेगी। गाजियाबाद पुलिस के अनुसार, अगले 13 दिन तक एनएच-58 और दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वाले मार्ग पर भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। हल्के और मध्यम वाहनों की आवाजाही 18 जुलाई से बंद होगी। जो वाहन दिल्ली से होकर अमरोहा, हरिद्वार या लखनऊ जा रहे हैं, उन्हें यूपी गेट या गाजीपुर बॉर्डर से एनएच-9 से डासना इंटरसेक्शन तक जाना होगा। वहां से ईस्टर्न पेरिफेरल के जरिए आगे बढ़ना होगा। वहीं, बागपत से दिल्ली जाने वाले वाहन ट्रॉनिका सिटी और सोनिया विहार से गुजरेंगे।

**दिल्ली में इन रास्तों से प्रवेश-** दिल्ली में कांवड़ियों के प्रवेश के लिए अप्सरा बॉर्डर, भोपुरा बॉर्डर, लोनी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर, गाजीपुर बॉर्डर और चिल्ला बॉर्डर तय किए गए हैं। इस दौरान सुरक्षा और सुविधाओं के मद्देनजर बैरिकेड लगाकर पैदल पथ, मोटरसाइकिल गश्ती इकाइयां, साइन बोर्ड के अलावा कड़ी सुरक।

### कांवड़ यात्रा की तैयारियां डीएम-एसपी ने की बैठक, सुरक्षा और सुविधाओं के लिए निर्देश



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में श्रावण मास की कांवड़ यात्रा को सुरक्षित और सुविधाजनक बनाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शुक्रवार को कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया साथ ही प्रसिद्ध संत त्यागी बाबा के विश्राम स्थल का जायजा लिया 1 अगस्त को त्यागी बाबा हजारों अनुयायियों के साथ रतनगंज से जल भरकर लहरपुर होते हुए गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी जाएंगे। इसी को देखते हुए शुक्रवार को खेमकरण इंटर कॉलेज में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में शिव शक्ति सनातन सेवा समिति के पदाधिकारी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे अधिकारियों ने कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए कई निर्देश दिए इनमें शांति व्यवस्था, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था, खंभों पर पॉलिथीन लगाने, मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था शामिल है साथ ही कांवड़ियों के लिए रूट डायवर्जन की योजना भी बनाई गई बैठक में उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, पुलिस क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे, कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह और तंबौर थाना प्रभारी राकेश सिंह मौजूद रहे। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर अरविंद बाजपेई और डॉक्टर मनोज सिंह, बीडीओ अरुण वर्मा सहित कई अन्य अधिकारी और स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित थे!!

### पति की मौत के गम में 15 मिनट तक पानी की टंकी से लटकने के बाद कूद मरी युवती



**कानपुर।** आज यहां शुक्रवार को शास्त्री नगर के अंबेडकर नगर में रहने वाली महिला नैना देवी (35) 15 मिनट तक लटके रहने के बाद 70 फिट ऊंची पानी की टंकी से कूद कर मर गई। पुलिस वाले उसकी जान बचाने के बजाय वीडियो बनाने में लग रहे तभी महिला का हाथ छूट गया और वह नीचे आ गिरी जहां से अस्पताल ले जाने के बाद का उसे मृत घोषित कर दिया गया।

यह घटना शास्त्री नगर इलाके के ऊंचा पार्क की है। यहां के अंबेडकर नगर में रहने वाली महिला नैना देवी (35) के पति शुभम की 2 महीने पहले बीमारी से मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद से नैना टेंशन में रहती थी। महिला अपने सास-ससुर और परिवार के साथ रहती थी। उसकी 5 साल की एक बेटी है। पति की मौत के बाद से नैना अक्सर जान देने की बात कहती थी। मिली जानकारी के मुताबिक आज शुक्रवार सुबह वह शास्त्री नगर के ऊंचा पार्क पहुंची। वहां बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला को ऊपर चढ़ा देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सभी लोग महिला को रोकते रहे। लेकिन उसने किसी की बात नहीं मानी। पुलिस ने बताया कि लास को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर अगली कार्रवाई की जा रही है।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वकील से दुर्व्यवहार करने पर 25000 का जुर्माना लगाया

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** वाली न्यायिक व्यवस्था में सैनिकों की तरह काम कर रहे हैं, एक ग्राम प्रधान पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया, जिसने याचिकाकर्ता के वकील को अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मुकदमा चलाने की धमकी दी थी। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर बानो बीबी नामक महिला द्वारा अपने इलाके में कथिवकील से दुर्व्यवहार त अतिक्रमण के संबंध में दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहे थे।

जंग बहादुर नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर याचिकाकर्ता के वकील के साथ दुर्व्यवहार किया, जो तहसील में याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए थे। हालाँकि, उन्होंने उच्च न्यायालय के समक्ष अपने दुर्व्यवहार के लिए माफ़ी मांगी और हलफनामे में कहा कि उनकी वकीलों से कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है और उनका कानून के इस महान पेशे को नीचा दिखाने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने यह भी वचन दिया कि वह भविष्य में कभी भी ऐसा कोई कृत्य नहीं करेंगे।

संबंधित पक्षों को सुनने के बाद, अदालत ने कहा, "यह दुखद है कि बार के सदस्य, जो शांति के समय नागरिकों को न्याय दिलाने के लिए सैनिकों की तरह काम करते हैं, उन्हें एक बेहद तनावपूर्ण न्यायिक व्यवस्था में काम करते हुए, ज़रा सी मानवीय चूक या उनके नियंत्रण से बाहर के मामलों के लिए भी हर तरफ से आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है।"

जंग बहादुर के आचरण को गंभीरता से लेते हुए, अदालत ने टिप्पणी की कि उनके कृत्य आपराधिक अवमानना ??के दायरे में आ सकते हैं। अदालत ने कहा, "इन परिस्थितियों में, एक आम आदमी - विरोधी पक्ष के एक वादी- द्वारा किसी वकील को टेलीफोन पर गाली देना एक बहुत ही गंभीर मामला है, जो निश्चित रूप से, हमारी राय में, आपराधिक अवमानना की सीमा पर है।"

3 जुलाई के अपने आदेश में, अदालत ने जंग बहादुर पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया और कहा, "हमने इस मामले को आपराधिक अवमानना पीठ को सौंपने के बारे में सोचा था, और छठे प्रतिवादी को कानून के अनुसार निपटाए जाने के लिए उसी पीठ के पास भेज दिया था। लेकिन, उसके बिना शर्त पश्चाताप को देखते हुए, हम उस रास्ते से बचते हैं और इसके बजाय, सोचते हैं कि न्याय का उद्देश्य उसे भविष्य में सावधान रहने की कड़ी चेतावनी देकर और उस पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाकर पूरा किया जा सकता है।"

### कम या शून्य टीकाकरण वाले अस्पतालों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी पर होगी कार्रवाई- डीएम



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अर्बन टास्क फोर्स इम्यूनाइजेशन (UTFI) / सिटी टास्क फोर्स इम्यूनाइजेशन समिति 24 की बैठक सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने टीकाकरण अभियान की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सेशन न लगाने वाले कर्मियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। डी0टी0सी0 हुमायूं बाग में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम औसत लाभार्थी टीकाकरण पाए जाने पर वहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि शहरी क्षेत्रों में जीरो प्रतिशत सेशन वैक्सीनेशन वाले स्थानों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। न0प0क0 गीता नगर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बच्चों का टीकाकरण शून्य प्रतिशत होने पर उनका स्पष्टीकरण लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण की खराब स्थिति वाले इकाइयों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

## पवित्र श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की तैयारी कर रहे भगवान शिव के भक्तों, की व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** (प्रयागराज-वाराणसी मार्ग) के बीच 57 किलोमीटर लंबे रास्ते पर नंगे पैर चलने वाले कांवड़ियों को पुख्ता सुरक्षा प्रदान करने के लिए, प्रयागराज पुलिस ने पूरे मार्ग को तीन सुपर ज़ोन, सात ज़ोन और 17 सेक्टरों में विभाजित किया है और स्थिर बिंदुओं पर लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों को तैनात किया है। पुलिस ने 11 जुलाई से 9 अगस्त तक प्रभावी तीन-स्तरीय सुरक्षा योजना भी लागू की है। इसके अलावा, जिला यातायात पुलिस अधिकारियों ने शनिवार से प्रयागराज-वाराणसी खंड को एकतरफा मार्ग बनाने और भारी व व्यावसायिक वाहनों के लिए यातायात को वैकल्पिक सड़कों पर मोड़ने का निर्णय लिया है। इस व्यापक सुरक्षा योजना में तीन ड्रोन, स्थिर स्थानों पर 550 से अधिक सीसीटीवी निगरानी नेटवर्क, 12 मोबाइल पुलिस पिकेट और हेल्पडेस्क भी शामिल हैं।


गंगा घाटों और अन्य भीड़भाड़ वाले मार्ग बिंदुओं पर भी बैरिकेडिंग की गई है। लगभग 1,000 पुलिसकर्मियों को तीन शिफ्टों में चौबीसों घंटे स्थिर स्थानों पर तैनात किया गया है। डीसीपी (गंगा नगर) और नोडल अधिकारी (कांवड़ यात्रा) कुलीप सिंह ने कहा, "हज़ारों कांवड़ियों के पवित्र गंगा जल से जलाभिषेक करने के लिए वाराणसी के काशी विश्वनाथ कॉरिडोर पर आने की तैयारी के बीच, पुलिस के आला अधिकारियों ने कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए एक विस्तृत सुरक्षा और यातायात प्रबंधन योजना लागू की है।"

उन्होंने आगे कहा, "भक्त प्रयागराज में संगम, दशाश्वमेध और अन्य घाटों से पवित्र जल एकत्र करेंगे और जलाभिषेक के लिए काशी विश्वनाथ की ओर बढ़ेंगे।" चूँकि महाकुंभ के दौरान संगम तट से शास्त्री पुल और आसपास के इलाकों तक की सड़कों को पहले ही चौड़ा कर दिया गया था, इससे यातायात पुलिस को यात्रा के दौरान यातायात को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

सिंह ने बताया कि दैनिक यात्रियों को राहत देने के लिए शुक्रवार से एक विस्तृत यातायात योजना भी तैयार की गई है। पुलिस ने बाढ़ के मौसम को देखते हुए घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल पुलिस और पीएसी (बाढ़ नियंत्रण) के जवानों को भी तैनात किया है। बैरिकेड्स के अलावा, ज़रूरत पड़ने पर कांवड़ियों की मदद के लिए एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल भी तैयार हैं। विभाग ने शहर के प्रमुख शिव मंदिरों के पास एक अलग यातायात प्रबंधन योजना भी बनाई है और उसके अनुसार सुरक्षा बल तैनात किए जा रहे हैं।

# प्रयागराज- गंगा और यमुना का जलस्तर क्रमशः 2 सेमी प्रति घंटे बढ़ रहा है

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** जिससे बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों को एहतियाती कदम उठाने के लिए सतर्क कर दिया गया है। हालांकि, दोनों नदियाँ अभी भी खतरे के निशान 84.73 मीटर (दोनों नदियों के लिए) से 5 मीटर से अधिक नीचे बह रही हैं। अधिकारियों को सतर्क रहने और नदी किनारे बसे 57 गाँवों पर कड़ी नज़र रखने और ज़रूरत पड़ने पर लोगों को आश्रय स्थलों पर ले जाने के लिए कहा गया है। ज़िला सिंचाई विभाग के बाढ़ प्रभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, गुरुवार शाम को पिछले चार घंटों में फाफामऊ और छतनाग में गंगा का जलस्तर 8 सेमी बढ़ा है। गुरुवार शाम को नैनी में यमुना का जलस्तर भी पिछले चार घंटों में 4 सेमी बढ़ा है। नैनी में यमुना का जलस्तर 78.54 मीटर दर्ज किया गया। गुरुवार शाम 4 बजे फाफामऊ में 4 घंटे की अवधि के दौरान गंगा का जलस्तर बढ़कर 78.96 मीटर हो गया। इसी अवधि के दौरान छतनाग में नदी का जलस्तर 78.06 मीटर तक पहुंच गया।

अधिकारियों ने कहा, "सुबह और शाम के समय जलस्तर लगातार धीमी गति से बढ़ रहा था और संबंधित अधिकारी तदनुसार सुधारात्मक कदम उठा रहे हैं।" उन्होंने कहा कि केन और बेतवा नदियों से पानी आने के कारण यमुना का जलस्तर बढ़ रहा है। अधिकारी ने कहा, "दोनों नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि को देखते हुए, नदी के किनारों और निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया गया है और एसडीएम और तहसीलदारों सहित संबंधित अधिकारी स्थिति पर नज़र रख रहे हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में जलस्तर और बढ़ने की संभावना है और संबंधित विभाग अपनी रणनीति के अनुसार काम करेंगे और तदनुसार सुधारात्मक कदम उठाएंगे।अधिकारियों ने दावा किया कि बाढ़ से निपटने के लिए सभी तैयारियाँ कर ली गई हैं। जल पुलिस के जवान भी अलर्ट पर हैं और श्रद्धालुओं को गहरे पानी वाले क्षेत्रों में जाने की अनुमति नहीं दे रहे हैं।

## सड़क हादसे में राजगीर मिस्त्री की दर्दनाक मौत, परिवार में छाया मातम

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** प्राप्त जानकारी अनुसार जय सिंह पटेल उर्फ ललऊ प्रयागराज करछना तहसील क्षेत्र के सनई का पुरवा मड़ौका उपरहार नैनी थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं जय सिंह अपने परिवार का गुजर बसर राजगीर मिस्त्री का काम करके गुजारा करते थे। वह 6 जुलाई 2025 को अपने घर से दोपहर एक बजे के आसपास अपने घर की ओर मोहब्बत गंज की ओर से सड़क के किनारे से जा ही रहे थे कि महुअरिया भुख्खल आफिस के नजदीक पहुंचे ही थे कि पीछे से तेज रफ्तार ट्रेलर का ड्राईवर लापरवाही पूर्वक खम्बे से टकराते हुए राजगीर जय सिंह पटेल को टक्कर मार दिया और मौके पर ही जय सिंह पटेल की मौत हो गई। ट्रेलर वाहन मौके से भगा ले गया और घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने वाहन चालक को पकड़ लिया और वाहन चालक को बैठा लिया और नाम पूछने पर पता चला कि चालक का नाम दशरथ लाल पुत्र रामदेव निवासी बनपुरवा करछना बताने लगा और वाहन का नम्बर UP70 LT 6990 बताया। जब घटना की सूचना राजगीर जयसिंह के परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया और पत्नी मीरा देवी व बच्चों का रोना पीटना शुरू हो गया। इसी बीच मौका पाकर वाहन चालक फरार हो गया। घटना की सूचना नैनी थाने में दी गई तो मौके पर नैनी पुलिस पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए प्रयागराज भेज दिया गया।मृतक जय सिंह उर्फ ललऊ के दो बेटे और एक बेटी है बड़ा बेटा हर्षवर्धन पटेल 14 वर्ष और छोटा बेटा राजा 12 वर्ष और बेटी 8 वर्ष की है। पोस्टमार्टम हाउस से जब शव घर पहुंचा तो परिजनों व रिश्तेदारों का रोना पीटना शुरू हो गया। अब मृतक जय सिंह उर्फ ललऊ के बच्चों व पत्नी का गुजारा कैसे चल पाएगा। पत्नी मीरा देवी ने नैनी थाने में तहरीर दी और नैनी थाने में ट्रेलर वाहन व चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

# उद्घाटन से पहले ही नागपुर में पुल धंसा, घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** महाराष्ट्र के नागपुर में नये बने पुल का एक हिस्सा धंस गया। अभी इस पुल को लोगों के आने-जाने के लिए खोला जाना बाकी था। बताना होगा कि पिछले कुछ दिनों में नागपुर में भारी बारिश हुई और इस बारिश की वजह से पुल पर बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई दे रहे हैं और फिर इसका एक हिस्सा धंस गया। इससे सीधे तौर पर पुल के निर्माण में इस्तेमाल की गई सामग्री को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

नागपुर के यादव नगर के गवलीपुरा इलाके में यह पुल बनाया गया है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी है और ऐसा साफ दिखाई देता है कि पुल को बनाने में बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है।पुल के धंसने के बाद एक स्थानीय नागरिक ने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में दिख रहा है कि पुल का एक हिस्सा धंस गया है। चिंता इस बात की है जब यह पुल शुरू होगा तो लोगों के लिए इससे सफर करना कितना सुरक्षित होगा?

लोगों ने पुल को बनाने में इस्तेमाल की गई सामग्री और काम में लापरवाही की कड़े शब्दों में निंदा की है और सवाल उठाया है कि आम लोगों के टैक्स के पैसे से होने वाले सरकारी काम में इस तरह की लापरवाही क्यों की जाती है?

कुछ दिन पहले ही गुजरात के वडोदरा में गंभीरा नाम का पुल गिर गया और इसमें अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। इस पुल की खराब हालत को लेकर कांग्रेस के स्थानीय नेता हर्षद सिंह परमार ने अगस्त, 2022 में GujaratÓs Roads & Buildings (R&B) विभाग को पत्र लिखा था लेकिन प्रशासन ने इस ओर जरूरी ध्यान नहीं दिया और इतनी बड़ी घटना हो गई।

# चुनाव आयोग के बाहर प्रदर्शन मामला

### ● दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन समेत सभी 10 नेताओं को किया बरी।

स्वतंत्र प्रभात




**प्रयागराज।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अप्रैल 2024 में चुनाव आयोग के बाहर विरोध प्रदर्शन से जुड़े एक मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद डेरेक ओ' ब्रायन और 9 अन्य पार्टी नेताओं को बरी कर दिया है। इस मामले में उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। यह मामला 8 अप्रैल, 2024 को चुनाव आयोग के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन से संबंधित था।

यह मामला 8 अप्रैल, 2024 को चुनाव आयोग के बाहर हुए विरोध प्रदर्शन से संबंधित था। उस समय, अदालत ने टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले, सागरिका घोष, विवेक गुप्ता, अर्पिता घोष, डॉ. शांतनु सेन, अबीर रंजन बिस्वास और सुदीप राहा को समन जारी किया था।

अदालत के इस फैसले से टीएमसी नेताओं को बड़ी राहत मिली है। यह मामला ऐसे समय में सामने आया था जब लोकसभा चुनाव 2024 चल रहे थे और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर अपने चरम पर था। ज्ञरष्ट नेताओं ने चुनाव आयोग की भूमिका और कुछ फैसलों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था। राउज एवेन्यू कोर्ट का यह फैसला दर्शाता है कि अभियोजन पक्ष इन नेताओं के खिलाफ आरोपों को साबित करने में विफल रहा। इस घटनाक्रम का राजनीतिक गलियारों में निश्चित रूप से असर देखने को मिल सकता है, खासकर जब पश्चिम बंगाल में टीएमसी और बीजेपी के बीच लगातार सियासी खींचतान जारी है।

# जिंदा करने के लिए महिला को गोबर के नीचे किया दफ़न, महिला को सांप ने था डसा



**सीतापुर** जनपद सीतापुर में एक महिला को सांप ने डस लिया घर वालों ने एक तांत्रिक के कहने पर महिला को जिंदा कराने की आस में उसे रात को गोबर के नीचे दबा दिया और अभी तक नहीं निकाला गया है तांत्रिक ने कहा है कि मेरी बात मानोगे तो महिला में जान वापस आ सकती है परिवार वाले उस पर भरोसा करके अभी भी महिला को निकाल नहीं रहे हैं पुलिस मामले की जानकारी पर पहुंची तो परिजनों ने वापस कर दिया पूरा मामला तंबौर थाना क्षेत्र के चकपुरवा गांव का है। गांव की रहने वाली कलावती (60) पत्नी स्व. अर्जुनलाल अपने दो बेटों अनिल और हरेराम के साथ रहती हैं पति की मौत हो चुकी है और 5 बेटियों की शादी हो गई है गुरुवार को दोपहर करीब 1 बजे वह कंडे सही कर रही थीं तभी छिपे बैठे किसी सांप ने डस लिया घर वाले तत्काल उन्हें पास के बिसवां खुर्द गांव में एक बैद्य के पास उपचार के लिए ले जाया लेकिन वहां कोई लाभ नहीं हुआ इसके बाद कलावती को गंभीर हालत में खैराबाद स्थित बीसीएम अस्पताल ले जाया गया जहां तैनात डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया महिला की मौत से परिजन टूट गए लेकिन इसी बीच हजरतपुर निवासी एक बाबा कृपालदास ने परिजनों को चमत्कार की उम्मीद दिलाई वह तंबौर स्थित इस्माइलपुर मंदिर में पूजन अर्चन करते है उसने दावा किया कि यदि मेरी बातें मानी जाएं तो मृतका में जान वापस आ सकती है बाबा की बातों में आकर परिजन शव को लेकर घर लौट आए रामकृपाल ने कहा कि पहले शव को गाय के गोबर से पूरी तरह से ढका जाएगा तुरंत घर वालों ने आसपास के लोगों की मदद से गोबर इकट्ठा किया और महिला के शव को पूरी तरह से ढक दिया उसने बताया कि 24 घंटे यह पूरी प्रक्रिया चलेगी और जैसे-जैसे मैं बताऊंगा वो करना होगा गोबर से शव ढकने के बाद रातभर क्रिया जारी रखी लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला उसने 24 घंटे के लिए शव को गोबर के नीचे दफन रखने की बात कही है जिस पर अभी भी परिजन भरोसा कर रहे हैं रात 8 बजे महिला को ढका गया था तो आज रात 8 बजे ही निकाला जाएगा महिला के बेटे अनिल कुमार ने बताया कि गुरुवार को मम्मी कंडे को ठीक करने गई थीं। इसी दौरान उसमें बैठे सांप ने काट लिया हम लोग मम्मी को लेकर बिसवा खुर्द अस्पताल पहुंचे जहां 2 घंटे उपचार के बाद डॉक्टरों ने कहा कि खैराबाद BCM हॉस्पिटल लेकर जाओ वहां लेकर गए तो कुछ देर इलाज के बाद उनकी मौत हो गई हम लोग घर लेकर आए तो गांव में मंदिर के बाबा आए और उन्होंने शरीर में हल्की गुनगुनाहट देखी तो कहा कि कोई तंत्र विद्या है आप अगर चाहो को माता जी को 24 घंटे गोबर में रख दो भगवान की कृपा होगी तो आपकी मम्मी ठीक हो जाएंगी इसलिए हम लोगों ने गोबर में रख दिया है अभी 10-12 घंटे हो गए हैं करीब 8 बजे बजे तक उन्हें निकाला जाएगा तब देखते हैं क्या होता है इसमें किसी प्रकार की तंत्र क्रिया नहीं है पहले भी बाबा ऐसी क्रिया कहीं करा चुके हैं वहां कोई ठीक हो गया था इसलिए हम लोग उम्मीद लगाए हैं इस बीच मामले की जानकारी पर बजरंग दल सहित कई हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे तंबौर पुलिस भी वहां पहुंची लेकिन घर वालों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से साफ इनकार कर दिया प्रभारी निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि परिजनों ने अभी पोस्टमार्टम की कार्रवाई से इंकार कर दिया है!!

# बिकरू कांड जैसा सुल्तानपुर में कांड होते-होते बचा, दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला, दारोगा और सिपाही घायल

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में वारंटी की तलाश में गई पुलिस पर लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस टीम पर ईट-पत्थर से हमला कर दिया। इस हमले में दारोगा और सिपाही घायल हुए हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। गोसाईगंज थाने के सुदनापुर के रहने वाले कपिल देव सिंह के खिलाफ कुछ दिनों पहले वारंट जारी हुआ था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे द्वारिकागंज चौकी प्रभारी द्रिवेश त्रिवेदी पुलिस टीम के साथ दबिश देने पहुंचे। जैसे ही पुलिस आरोपी के घर पहुंची तो पुलिस टीम पर हमला बोल दिया गया। पुलिस टीम पर ईट-पत्थर बरसाए गए। पुलिस पर हमले की जानकारी होते ही आनन-फानन में थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद घेराबंदी कर आरोपी की तलाशी की गई, लेकिन आरोपी का कुछ पता नहीं चला।

पुलिस टीम पर हुए हमले में दारोगा द्रिवेश त्रिवेदी और कॉन्स्टेबल शिवम घायल हुए हैं। थानाध्यक्ष राम आशीष उपाध्याय ने बताया कि वारंटी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गई थी। टीम पर हमला किया गया था। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ महिलाओं को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दरअसल जुलाई 2020 में कानपुर के बिकरू गांव में दबिश देने गई पुलिस टीम पर कुछ इसी तरह से हमला किया गया था। इस हमले में आठ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी गई थी। इस हमले का मुख्य आरोपी विकास दुबे समेत पांच लोगों को एनकाउंटर में मार गिराया गया था। योगी सरकार में बिकरू कांड काफी चर्चा में रहा था। इस घटना के कई आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी हो गए हैं और कई अभी भी जेल में सजा काट रहे हैं।

## आईटीआई में लगा कैरियर काउंसलिगं मेला

**अलीगढ़।** विश्वविधालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र, एएमयू अलीगढ़ द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोल में कैरियर काउंसलिंग मेले का आयोजन कराया गया। कैरियर काउंसलिंग में शहर के प्रतिष्ठित महेन्द्रा कोचिंग संस्थान के निदेशक मुजीब अहमद खान द्वारा अभ्यर्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी संबधी जानकारी दी गई। सहायक निदेशक (सेवायोजन) डा0 पीपीसी शर्मा द्वारा सेवायोजन कार्यालय की कार्य प्रणाली की जानकारी एवं जिला सहायता रोजगार अधिकारी सिद्धार्थ मित्तल द्वारा व्यक्तित्व विकास की जानकारी प्रदान की गई। उक्त सूचना उप प्रमुख विश्वविद्यालय सेवायोजन सूचना एवं मंत्रणा केन्द्र एएमयू द्वारा प्रदान की गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ. रामदेव पासवान ने 42वें सिविल सर्जन, साहिबगंज के रूप में किया पदभार ग्रहण



**साहेबगंज, झारखंड-** साहिबगंज जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन एवं पर्यवेक्षण की अहम जिम्मेदारी संभालते हुए डॉ. रामदेव पासवान ने जिले के 42वें सिविल सर्जन के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने पूर्व सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया से विधिवत रूप से कार्यभार प्राप्त किया। पदभार ग्रहण के पश्चात डॉ. पासवान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य जिले में प्राथमिक से लेकर उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक सुगमता से पहुँचाना एवं जन जागरूकता एवं जन भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, चिकित्सकीय सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता एवं केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को वे सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य विभाग के वरीय पदाधिकारी, चिकित्सकगण, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य कर्मियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। सभी ने विश्वास जताया कि डॉ. पासवान के नेतृत्व में जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को एक नई दिशा और गति प्राप्त होगी।

### सदर अस्पताल पाकुड़ में अब छुट्टी के समय ही मिलेगा जन्म प्रमाण पत्र: विधायक निसात आलम



**पाकुड़, झारखंड-** अब सदर अस्पताल पाकुड़ में जन्म के तुरंत बाद, छुट्टी के समय ही बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। यह सुविधा विशेष रूप से ग्रामीण और गरीब परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। पूर्व में इस प्रक्रिया में कई दिन, यहां तक कि सप्ताह भी लग जाते थे, जिससे आम लोगों को सरकारी योजनाओं और दस्तावेज़ों—जैसे स्कूल में दाखिला, राशन कार्ड, पेंशन आदि—के लिए कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। यह सुविधा पाकुड़ विधायक मोहतरमा निसात आलम की पहल पर शुरू की गई है। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम बताया और कहा ,कि हमारी सरकार आम जनता की सेवा और सुविधा के लिए प्रतिबद्ध है। यह कदम उसी दिशा में एक छोटा लेकिन बेहद उपयोगी प्रयास है, जिससे पारदर्शिता, त्वरितता और सरलता सुनिश्चित होगी। इस नई व्यवस्था से न केवल प्रशासनिक बोझ कम होगा, बल्कि नागरिकों को अनावश्यक दौड़-भाग से भी मुक्ति मिलेगी।

### मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया बिनोद कुमार सिंह ने बच्चों के बीच फुटबॉल का किया वितरण



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत चौपारण पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि एवं पूर्व मुखिया बिनोद कुमार सिंह ने पंचायत क्षेत्र के बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करते हुए फुटबॉल का वितरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि "पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी आवश्यक है। इससे न केवल मानसिक तनाव दूर होता है, बल्कि शरीर में नई ऊर्जा का संचार भी होता है। बच्चों का सर्वांगीण विकास खेलकूद से ही संभव है। "फुटबॉल वितरण कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिनमें नगीना सिंह, धीरेन्द्र सिंह, अनुज कुमार सिंह, बबलू सिंह, पंकज सिंह एवं सत्यम सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

# पेंशन की राशि 1100 प्रतिमाह करने की घोषणा के साथ सुपौल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**● सीएम ने डीबीटी के माध्यम से भेजे 1227 करोड़, सुपौल के 2.75 लाख लाभुकों को मिला लाभ**

**स्वतंत्र प्रभात**





**सुपौल** दिनांक 11 जुलाई 2025 को मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा के तहत संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं की राशि में वृद्धि करते हुए इसे 400 से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह कर दिया गया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पूरे राज्य के 1.11 करोड़ पेंशनधारियों के खातों में 1227.27 करोड़ की राशि अंतरण किया। सुपौल जिला अंतर्गत कुल 2,75,042 लाभार्थियों को ?30.55 करोड़ की राशि उनके बैंक खातों में भेजी गई। इनमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 73,471, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,56,527, बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 16,789, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 11,321, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 15,916 एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1,018 लाभार्थी शामिल हैं। इस अवसर पर सुपौल जिले के जिला मुख्यालय सहित अनुमंडल, प्रखंड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पेंशनधारियों को जागरूक करने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों को मुख्यमंत्री का संदेश एवं उनका अभिभाषण सुनाया गया। सुपौल नगर भवन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री सावन कुमार (भा.प्र.से.), उप विकास आयुक्त सुश्री सारा अशरफ, अनुमंडल पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा कोषांग की सहायक निदेशक, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (आईसीडीएस) समेत 850 पेंशन लाभुक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभुकों ने पेंशन राशि में हुई वृद्धि को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

# परिवार स्वास्थ्य मेला का हुआ भव्य उद्घाटन : स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मिला सम्मान

**स्वतंत्र प्रभात**




**साहेबगंज,झारखंड-** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर साहेबगंज सदर अस्पताल परिसर में परिवार स्वास्थ्य मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती एवं पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार संथालिया एवं जिला कुष्ठ नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. किरण माला के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपायुक्त महोदय ने परिवार नियोजन अपनाकर दो बच्चों तक सीमित रहने वाले लाभार्थियों को पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट सेवा देने वाले चिकित्सा पदाधिकारियों, नर्सिंग स्टाफ एवं फ्रंटलाइन वर्करों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त श्री हेमंत सती ने कहा कि "स्वास्थ्य मेला जैसे आयोजन समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम हैं। परिवार नियोजन केवल एक व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि समाज के सामूहिक हित के लिए आवश्यक है। जनभागीदारी और स्वास्थ्य कर्मियों की सतत सक्रियता ही ऐसे अभियानों को सफल बनाती है।" इस दौरान डॉ. किरण माला को विगत वित्तीय वर्ष में सबसे अधिक 1008 लाभार्थियों का बंध्याकरण सफलतापूर्वक कराने हेतु विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया, जो उनके प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचायक है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी, सम्मानित नागरिक एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त सहभागिता की सराहना की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण, स्वास्थ्य जागरूकता एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन देना रहा।

# टोरी साइडिंग फायरिंग कांड में राहुल सिंह गैंग के छह गुर्गे गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**

**लातेहार-** चंदवा थाना क्षेत्र के टोरी साइडिंग फायरिंग कांड में शामिल कुख्यात अपराधी राहुल सिंह गिरोह के छह गुर्गों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने इनके पास से दो देशी पिस्टल, छह जिंदा गोली, चार मोबाइल फोन, एक पल्सर मोटरसाइकिल, एक ज्नड्स स्कूटी और 15 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। इस दल ने कार्रवाई करते हुए उन अपराधियों को दबोचा, जो 10 जून को टोरी साइडिंग में रंगदारी के लिए की गई फायरिंग में शामिल थे और दोबारा वारदात की साजिश रच रहे थे। गिरफ्तार अपराधियों में लोहरदगा के अलीनगर कुटमू के मोहम्मद शाहिद अंसारी, मोहम्मद मोजम्मिल अंसारी और शमशाद अंसारी, गुमला के हेठजोरी गांव के नितेश उरांव, चंदवा थाना क्षेत्र के चेटर गांव के तरुण यादव और डोटी गांव के मनोज तूरी शामिल हैं। मनोज तूरी के खिलाफ पहले से ही चंदवा और बालूमाथ थानों में छह मामले



दर्ज हैं। छापामारी दल में चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार, पुअनि अजीत कुमार, तकनीकी शाखा के अधिकारी, सैट-44 चंदवा और सैट-206 माल्हन के जवान शामिल थे।

# चश्मे रहमत ओरिएंटल कॉलेज मदरसा नहीं बल्कि एक सोसाइटी है

**स्वतंत्र प्रभात**

**गाज़ीपुर।** ख़बर गाज़ीपुर से है जहां जिले में बिना मान्यता एक मदरसा संचलित हो रहा है वर्षो से सोसाइटी के भरोसे शिक्षण कार्य चल रहा है। मदरसे में शासनादेश की धज्जी उड़ाते हुए कई शिक्षकों और कर्मचारियों को तैनाती हुई है। वर्तमान में मदद से में 32 शिक्षक की कर्मचारी तैनात है। जिनका वेतन भुगतान जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से लगता जारी है। विभागीय अफसरों से शिकायत के बावजूद मदरसा पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि शिकायतकर्ता विभाग से लगातार साक्ष्यों के आधार पर शिकायत कर रहा है। हैरानी तब होती है जब मदरसा के सूचना के संबंध में जनसूचना आयोग की तरफ से कई बार संबंधित अधिकारी पर 25 हज़ार का अर्थदंड तक लगाया गया, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने अब तक कोई सूचना नहीं दिया, वही मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने से बाद गोलमोल जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ लिया गया। शिकायतकर्ता सदर कोतवाली क्षेत्र के रजदेपुर शहरी मोहल्ला निवासी हिदायतुल्लाह अंसारी ने बीते 19 मार्च को मुख्यमंत्री को रजिस्टर्ड डॉक से पत्र भेज कर आरोप लगाया था कि चश्मे रहमत ओरिएंटल कॉलेज मदरसा नहीं बल्कि एक सोसाइटी है। जबकि जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी ने पत्र के माध्यम से बताया था कि चश्मे रहमत ओरिएंटल कॉलेज गाज़ीपुर अरबी फारसी मदरसे का नाम है। जिसका प्रमाण पत्र संख्या 1964/1985-86 दिनांक 5-11-2085 को जारी किया गया है एवं नवीनीकरण 9-10-2016 को कराया गया है।

शिकायतकर्ता ने विभागीय अधिकारी के पत्र के आधार पर उनके कार्य शैली पर आरोप लगाते हुए बताया कि सोसाइटी में प्रधानाचार्य और शिक्षकों का पद नहीं होता है। फ़िर भी वास्तविक तथ्यों को छिपाकर कूटरचित अभिलेखों के आधार पर चश्मे रहमत वो ओरिएंटल कॉलेज गाज़ीपुर के प्रधानाचार्य और शिक्षकों तथा कर्मचारियों को नियमित वेतानदि का भुगतान कराया जाता है। जिससे प्रति वर्ष करोड़ों रुपए के राजकीय धन का दुरुपयोग हो रहा है जिसको



रोका जाना राज हित में न्याय संगत होगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सच्चिदानंद तिवारी ने बताया कि मदरसा में तैनात शिक्षकों का वेतन एडी बेसिक से मिले पत्रावलियों के आधार पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि मदरसा के मान्यता को लेकर एक शिकायत आई थी जिसके बाद जांच की गई है। कमेटी भी बनी थी। निदेशालय तक मामला बहुत चुका है। लेकिन उन्होंने मान्यता को लेकर कहां कि उस कॉलेज की मानता कि कॉपी विभाग में नहीं है। सोसाइटी के आधार पर कॉलेज चलाने के प्रशन पर कहां कि या काफी पुराना मदरसा है और यहां भुगतान काफी पहले से होता आ रहा है। वही बताया कि विभाग एडी बेसिक से मिली कागज़ात के आधार पर भुगतान कर रहा है, जो शासनादेश के तहत है।

# सरस्वती शिशु मंदिर टूण्डला में छात्र संसद के पदाधिकारी व विभाग प्रमुखों का हुआ चुनाव

**● राधिका ने जीता प्रधानमंत्री का पद व न्यायाधीश बनी कशिश यादव और सेनापति बने ऋषभ शर्मा**

**स्वतंत्र प्रभात**

**टूण्डला-** स्थानीय विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर टूण्डला में शुक्रवार को छात्र संसद के पदाधिकारी व विभाग प्रमुखों का निर्वाचन? हुआ,चयन प्रक्रिया मतदान द्वारा सम्पन्न हुई। मतदान में तीन छात्रों ने प्रधानमन्त्री के लिए नांमाकन, किया जिसमें सर्वाधिक मत पाकर कक्षा अष्टम से बहन राधिका चौधरी ने प्रधानमंत्री का पद जीता, बहन जानवी निकटतम प्रतिद्वन्दी रही जिनको उप प्रधानमंत्री पद पर नामित किया गया प्रधानमंत्री ने अपने कार्यकारिणी मंडल में बहन कशिश यादव को न्यायाधीश, बहन माही श्रीवास्तव को सांस्कृतिक मंत्री ,सेनापति भैया योगेश यादव को उप सेनापति, काव्या शर्मा को उप सास्कृतिक मन्त्री भैया सूर्यांश को वादी का वकील व लक्षिता सिंह को सरकारी वकील नामित किया गया मतदान प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी के रूप में छात्र संसद प्रमुख आचार्या कुमारी आकांक्षा दीक्षित व सहायक पीठासीन अधिकारी नैनेश बाबू रहे। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया प्रधानाचार्य राममोहन



श्रीवास्तव की देखरेख में हुई। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ आचार्य मंजू सक्सेना, नूतन कुलश्रेष्ठ , स्नेह लता शर्मा विनीता शर्मा देवेंद्र शर्मा संजना कुमारी प्रियंका कुमारी दीपिका उपस्थित रही। आगामी कार्यक्रम इनका शपथ ग्रहण समारोह दिनांक 15 जुलाई को विद्यालय परिसर में होगा।

# अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया, परिवार नियोजन पखवाड़े की हुई शुरुआत

**स्वतंत्र प्रभात**

**त्रिवेणीगंज (सुपौल)।** अनुमंडलीय अस्पताल त्रिवेणीगंज में शुक्रवार को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अस्पताल प्रभारी डॉ. इंद्रदेव यादव ने की। इस अवसर पर डॉ. यादव ने बताया कि 11 जुलाई से 31 जुलाई तक जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान योग्य दंपतियों को जागरूक करते हुए उनकी आवश्यकता के अनुसार विभिन्न परिवार नियोजन के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. यादव ने कहा कि अस्थायी साधनों के रूप में गर्भनिरोधक गोली, इंजेक्शन, कॉपर-टी और कंडोम इत्यादि निःशुल्क दिए जाएंगे, जबकि स्थायी साधनों के तहत पुरुष एवं महिला नसबंदी की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। परिवार कल्याण सलाहकार इश्तियाक अहमद ने बताया कि शहरी और



ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स और चिकित्सकों के माध्यम से ये सेवाएं दी जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान एएनएम ट्रेनिंग स्कूल की छात्राओं द्वारा 'नटखट-नाटक' के माध्यम से जनसंख्या वृद्धि के दुष्परिणाम और परिवार नियोजन के लाभों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

मौके पर उपस्थित डॉ. उमेश कुमार ने



कहा कि बिहार देश में सर्वाधिक जनसंख्या वाले राज्यों में शामिल है, इसलिए जनसंख्या नियंत्रण की दिशा में गंभीर प्रयास की आवश्यकता है। डॉ. निखिल आर्य ने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण केवल जागरूकता से ही संभव है। इस अवसर पर प्रखंड स्वास्थ्य सलाहकार प्रवेश कुमार, अस्पताल की एएनएम, नर्सिंग स्टाफ व अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# गुरु पूर्णिमा पर संकट मोचन धाम, पथरोल में हुआ भव्य भजन-कीर्तन व महाआरती का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**

**पथरोल, मधुपुर, देवघर, झारखंड-** सिद्ध पीठ पथरोल के कालीधाम स्थित संकट मोचन धाम में आषाढ़ पूर्णिमा सह गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार देर शाम भव्य भजन-कीर्तन, हनुमान जी की महाआरती एवं खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन श्रद्धालुओं के सहयोग से सम्पन्न हुआ। बताते चलें कि वर्ष 2002 से ही संकट मोचन धाम में प्रत्येक पूर्णिमा पर हनुमान भक्ति से ओतप्रोत भजन संध्या, महाआरती और खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन भक्तों के सहयोग से नियमित रूप से किया जाता रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस बार भी भक्ति की रसधार बही। कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के पुजारी पंडित गौतम पाठक ने हनुमान चालीसा के पाठ से की। भजन गायक लालटू पाल, उपेंद्र



रवानी और कुमार जितेंद्र ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। संगत पर नाल में सुरेन दास और बैंजो पर दिनेश दास ने बेहतरीन सहयोग दिया। मंदिर प्रबंधक दिलीप पाठक ने जानकारी दी कि प्रत्येक पूर्णिमा को भक्तों के स्वैच्छिक सहयोग से इस तरह का आयोजन होता है, जो न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करता है, बल्कि सामाजिक समरसता का भी परिचायक है। कार्यक्रम की सफलता में मंदिर कमेटी के माधो मंडल, सुरेंद्र दास, उपेंद्र रवानी, पंचू शर्मा, अजय रवानी, अभय बच्चु मिश्रा, कारू रवानी, राजकिशोर, गुणधार मंडल, सरवन यादव, महेंद्र विश्वकर्मा, कामदेव रवानी, जग्गू रवानी, जटाशंकर राउत, सुशील सिंह, कामदेव महतो, गुड़ा पंडित, वरुण बावरी, बलदेव रवानी, रवि रवानी, राजेश रवानी, मनोज यादव, हीरो यादव सहित समस्त ग्रामवासियों ने तन-मन-धन से योगदान दिया।

# लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन कल

**स्वतंत्र प्रभात**

**मधुपुर, देवघर, झारखंड-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट वन एक्टिविटी' कार्यक्रम के अंतर्गत मधुमेह जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बताया गया कि यह स्वास्थ्य शिविर 13 जुलाई 2025, रविवार को शेखपुरा दुर्गा मंदिर मैदान में सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित होगा। बताया गया कि शिविर का आयोजन शहर के एक निजी डायग्नोस्टिक के सौजन्य से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन में मधुमेह के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक स्तर




पर जाँच के माध्यम से संभावित रोगियों की पहचान करना है। इस अवसर पर लायन प्रेम पाठक (अध्यक्ष), लायन विजय आनंद लछीरामका (सचिव), लायन रामानुज मिश्रा (कोषाध्यक्ष), लायन महेश बथवाल (सेवा चेयरपर्सन) और लायन शंभु मंडल (स्वास्थ्य परियोजना चेयरपर्सन) अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर के अध्यक्ष ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का लाभ उठाएँ।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि में लगभग तीन गुना बढ़ोतरी, माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया नववर्धित पेंशन राशि का अंतरण

**● गोपालगंज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम**

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)-** माननीय मुख्यमंत्री, बिहार नीतीश कुमार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की पेंशन राशि में वृद्धि के उपरांत पहली बार नववर्धित राशि के डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) के माध्यम से अंतरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभा कक्ष, गोपालगंज में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसका अवलोकन माननीय मंत्री गन्ना उद्योग विभाग बिहार -सह- प्रभारी मंत्री गोपालगंज कृष्णनंदन पासवान, जिला पदाधिकारी गोपालगंज पवन कुमार सिन्हा पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित (उप विकास आयुक्त कुमार निशांत विवेक अपर समाहर्ता राजेश्वरी पांडेय, अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन सादुल हसन, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अनिल कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ,विशेष कार्य पदाधिकारी प्रशांत अभिषेक, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अजय कुमार सहित सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं सैकड़ो की संख्या में उपस्थित पेंशनधारियों की उपस्थिति में किया गया। इस क्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार बंधु भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।कार्यक्रम में पेंशन योजना का एक विडियो प्रसारित किया गया। सामाजिक सुरक्षा के सभी छह पेंशन योजना की जानकारी लाभार्थियों को प्रदान की गयी साथ ही विभिन्न जिलों में उपस्थित लाभार्थियों को बोलने का अवसर प्रदान किया गया जिसमें उन्होंने पेंशन राशि में बढ़ोतरी से उनके आर्थिक परिस्थितियों में मजबूती को साझा किया।

जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत मिश्रा द्वारा माननीय मुख्यमंत्री के संदेश को पढ़कर सुनाया गया। जिसमें उन्होंने कहा किबिहार सरकार की नीति न्याय के साथ विकास पर आधारित है जिसका उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग को न्यायसंगत और समान अवसर प्रदान करना है। हमारी यह प्रतिबद्धता है कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। इसी उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है. जिनका समाज के कमजोर वर्गों की सहायता और संबल देना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो एवं उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले।



राज्य सरकार आपके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम जानते हैं कि आपको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान करना केवल सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं बल्कि हम सबका नैतिक कर्तव्य भी है। इसी क्रम में यह जानकारी साझा करते हुए मुझे प्रसन्नता हो रही है कि हमारी सरकार ने वृद्ध विधवा एवं दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून, 2025 से 400 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 रुपये प्रतिमाह करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है और आज राज्य के सभी पेंशनधारियों को बढ़ी हुई राशि का हस्तांतरण सीधे उनके बैंक खाते में किया जा रहा है। इसका लाभ राज्य के 1 करोड़ 11 लाख 69 हजार पेंशनधारियों को होगा। मैं इस अवसर पर सभी पेंशनधारियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ और आशा करता हूँ कि पेंशन योजना की राशि बढ़ाने के निर्णय से आप सभी के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा।

मुख्यमंत्री के अभिभाषण को सभी ने सुना जिसमें उन्होंने यह भी बताया कि महिला महिला संवाद कार्यक्रम के क्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बढ़ोतरी की मांग को देखते हुए यह कदम उठाया गया। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी कुल 6 पेंशन योजनाओं के अंतर्गत दी जाने वाली राशि को माह जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह कर दिया गया है। आज के इस कार्यक्रम के माध्यम से पेंशनधारियों को डीबीटी प्रणाली द्वारा नववर्धित पेंशन राशि रु 1100 उनके खातों में अंतरित की गई। इस अवसर पर उपस्थित पेंशनधारियों द्वारा तालियां बजाकर एवं हर्ष व्यक्त कर राज्य सरकार के इस जनकल्याणकारी निर्णय का स्वागत किया गया। यह वृद्धि पेंशनधारियों की लंबे समय से की जा रही मांगों के आलोक में की गई है, जिससे उनके जीवन-यापन में महत्वपूर्ण सहारा मिलेगा।

इस क्रम में माननीय मंत्री गन्ना उद्योग बिहार सह प्रभारी मंत्री द्वारा सामाजिक सुरक्षा के आए हुए लाभार्थियों को संबोधित करते हुए माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास किया जा रहा है। इस क्रम में कई पेंशनधारियों द्वारा पेंशन राशि खाते में आने की सूचना संबंधित मैसेज दिखाकर माननीय मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को जिला मुख्यालय के साथ-साथ सभी प्रखंड मुख्यालयों, पंचायत मुख्यालयों एवं राजस्व ग्राम स्तर पर भी उत्सव के रूप में मनाया गया। संबंधित स्थलों पर व्यापक जनभागीदारी रही, जिसमें पेंशनधारियों ने टीवी, लैपटॉप, स्मार्टफोन आदि के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़कर मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन एवं अंतरण कार्यक्रम को देखा और सुना। जिला प्रशासन द्वारा इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं ताकि प्रत्येक पात्र पेंशनधारी इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बन सके।

## संक्षिप्त खबरें

### संदिग्ध परिस्थितियों में आम के पेड़ से लटकता मिला युवक का शव क्षेत्र में सनसनी



**सुईथाकला, जौनपुर** सरपतहां थाना क्षेत्र समसुद्दीनपुर (नरवारी) में शुक्रवार की प्रातः आम के पेड़ के सहारे युवक का शव लटकते देख गांव में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आम के पेड़ के पास गांव वालों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी नदीम पुत्र इम्तियाज 18 वर्षीय का शव गांव के बाग़ में आम डाल पर रस्सी के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया और छानबीन में लग गई है। आपको बता दें कि मृतक के दो भाई सलमान, समीम व दो बहने हैं पिता इम्तियाज व मां जरीना का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ट्रेन से कटकर युवक की मौत, जीआरपी-आरपीएफ में क्षेत्राधिकार को लेकर उलझन, यात्री रहे परेशान



**जौनपुर।** जौनपुर जंक्शन से सुबह लगभग 07:45 बजे रवाना हुई 14854 मरुधर एक्सप्रेस से चाचकपुर (नदी के पहले) के पास एक युवक की कटकर दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा जाफराबाद और जौनपुर जंक्शन के बीच का बताया जा रहा है, जिससे रेलवे पुलिस (जीआरपी) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में कार्रवाई को लेकर क्षेत्राधिकार का विवाद खड़ा हो गया है। हादसे के बाद ट्रेन को करीब एक घंटे तक रोके रखा गया, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। एक ओर जहां मृतक की पहचान और कारणों की जांच अधर में लटकी रही, वहीं दूसरी ओर जिम्मेदार एजेंसियां मौके पर कार्रवाई के बजाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालती नजर आई। ट्रेन दुर्घटना के पश्चात मरुधर एक्सप्रेस ट्रेन समय लगभग 08:55 पर वाराणसी के लिए प्रस्थान हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार, इस प्रकार की घटनाएं क्षेत्र की सुरक्षा और समन्वय की कमी को उजागर करती हैं। जब तक जीआरपी और आरपीएफ के बीच समन्वय नहीं बनता, तब तक यात्रियों की सुरक्षा और समयबद्ध यात्रा एक सपना ही बनी रहेगी।

### समन्वय बना कर विकास कार्य करें, खण्ड विकास अधिकारी

**विकास कार्यों को लेकर भनवापुर में प्रधानों की बैठक, बीडीओ का हुआ स्वागत**



**सिद्धार्थनगर।** शुक्रवार को भनवापुर ब्लॉक परिसर में प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद उर्फ लाल जी शुक्ला की अगुवाई में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्रीय विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान नवागत बीडीओ ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान रोजगार सेवक और पंचायत सहायक से समन्वय बनाकर गांव में विकास कार्य करें। अगर कहीं किसी तरह की परेशानी आती है तो हमसे संकोच करके समस्या का समाधान करवाये। विकास कार्य में किसी तरह की कोई बाधा नहीं आनी चाहिए।

बैठक के उपरांत नवागत खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी का प्रधान संघ द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पंडित लवकुश ओझा, प्रधान भीम चौधरी, शत्रुघ्न मिश्रा, मंटू गुप्ता, शिवरतन अग्रहरि, राजकुमार चौधरी,अजय यादव, सुदामा यादव आदि मौजूद रहे।




# ट्रेन पर पथराव करने वाले 10 अभियुक्त गिरफ्तार

**● पूर्व बारात विवाद की रंजिश में की थी वारदात**



**स्वतंत्र प्रभात**

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और जन सुरक्षा की दृष्टि से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बरसठी पुलिस ने एक बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने 11 जुलाई 2025 को कटवार हाल्ट के पास चेन पुलिंग कर खड़ी ट्रेन पर पथराव करने वाले 10 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

**क्या था मामला?**

घटना दिनांक 09 जुलाई 2025 की है, जब जौनपुर से रायबरेली जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन को कटवार हाल्ट से पहले चेन पुलिंग कर रोका गया था। इसी दौरान पूर्व बारात विवाद को लेकर रंजिश के चलते आरोपियों ने ट्रेन में सवार युवकों की पहचान कर टेलीफोन के माध्यम से अपने साथियों को मौके पर बुला लिया। जब यात्रियों ने मारपीट और ट्रेन रुकवाने का विरोध किया, तो उपद्रवियों ने जानलेवा पथराव कर दिया। इस हमले में ट्रेन के शीशे टूट गए और यात्रियों के जान-माल को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

**ऐसे हुई गिरफ्तारी**

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव व निरीक्षक अपराध प्रमोद यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। वायरल वीडियो और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की मदद से अभियुक्तों की पहचान कर, विभिन्न स्थानों से उन्हें गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के नाम-

1.रोहित यादव पुत्र कृष्ण कुमार यादव,
2.शशिकांत यादव पुत्र सुनीलदत्त यादव,
3.अखिलेश यादव पुत्र खरपत्तू यादव,
4.आशु यादव पुत्र पन्नालाल यादव,
5.सागर बिन्द पुत्र तेजबहादुर बिन्द,
6.शुभम मौर्या पुत्र सन्तलाल मौर्या,
7.कृष्णा यादव पुत्र नन्दलाल यादव,
8.संकेत पाल पुत्र ओमप्रकाश पाल,
9.प्रिन्स बिन्द पुत्र अशोक कुमार,
10.पवन यादव पुत्र विजयनाथ यादव, ये सभी अभियुक्त थाना बरसठी क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं।)

**गिरफ्तारी में जुटी पुलिस टीम-** प्रभारी निरीक्षक राजेश यादव, निरीक्षक अपराध प्रमोद यादव, उपनिरीक्षक जितेन्द्र बहादुर सिंह, उपनिरीक्षक अम्ब्रीश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल पवित्र भूषण तिवारी, अखिलेश यादव, सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल शेर बहादुर यादव, राजबहादुर, प्रिन्स मौर्या

पुलिस की सख्त कार्यवाही से बढ़ा आमजन में विश्वास- इस कार्रवाई से एक ओर जहां यात्रियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस की तत्परता सिद्ध हुई है, वहीं आमजन में सुरक्षा व कानून व्यवस्था को लेकर विश्वास भी बढ़ा है। पुलिस अधीक्षक ने टीम को इस सफल ऑपरेशन के लिए सराहना भी प्रदान की है।

### जिला पंचायत से पढ़ रहे खड़ंजे हो रही अनियमिताएं भाजपा नेता की शिकायत



**बरेली/**जिला पंचायत के वार्ड संख्या 2 के गांव नकटी नारायणपुर में हो रहे कारं खड़ंजा निर्माण में हो रही है अनियमिताओं की शिकायत भाजपा नेता पीतांबर सिंह ने बताया खड़ंजा निर्माण में काफी विगरी ईट को लगाया जा रहा है यह निर्माण गांव के पश्चिमी दिशा में रोड के पूर्व दिशा में कार्य चल रहा है इस में पीली ईट मिला कर निर्माण किया जा रहा है इस बाबत निर्माण कार्य देख रहे मुन्शी ने बताया लेवर विगरी ईट लगा दी हो गी। इसे ठीक करवा देंगे परंतु खडंजा बिछाने के बाद उसे पर मिट्टी डालकर उसे बंद कर देते हैं ताकि उसे पर किसी की नजर ना पड़े और खाना पूरी की जासके इसकी शिकायत भाजपा नेता पीतांबर सिंह ने आधिकारियों से की ताकि ठीक से खड़ंजा निर्माण किया जा सके।

# पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर पूर्व प्रधान पर पैसा ऐंठने की प्राथमिक की दर्ज

**● पुलिस मामले की जाँच में जुटी**




**स्वतंत्र प्रभात**

**खेतासराय(जौनपुर)** विकास खण्ड शाहगंज सोंधी के अंतर्गत सुम्बुलपुर गांव में पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने का मामला सामने आया है। गांव के लाल मोहम्मद पुत्र शाह मोहम्मद ने पूर्व प्रधान मतलूब पर पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर 65 हजार रुपये ऐंठने का आरोप लगाते हुए थाना में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि उसने साल 2018 में पूर्व प्रधान मतलूब को पट्टा भूमि दिलाने के नाम पर 65 हजार रुपये कैश में दिए थे। लेकिन जब भूमि नहीं मिली तो पीड़ित ने पैसे वापस मांगने शुरू किए। पूर्व प्रधान ने न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि पीड़ित को ही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे डाली। थानाध्यक्ष रामाश्रय रॉय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर पैसे ऐंठने, धमकी देने समेत गाली-गलौज करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**मामला जमीन रजिस्ट्री का है- पूर्व प्रधान**

खेतासराय(जौनपुर) पट्टा दिलाने के नाम पर पूर्व प्रधान मतलूब पर प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्होंने मीडिया से कहा कि मामला जमीन रजिस्ट्री का है। उनके मुताबिक़ लाल मोहम्मद को उन्होंने जमीन दी थी लेकिन किसी कारण से अभी जमीन का बैनामा नही हुआ। लेकिन गांव के कुछ लोगों के बरगलाने पर लाल मोहम्मद ने पट्टे की भूमि का आरोप लगाकर झूठी प्राथमिक दर्ज कर दी है। जोकि पूरी तरह निराधार है।

# परियावरण बचाने को ब्लॉक प्रांगण में प्रमुख के साथ सांसद विधायक ने किया वृक्षारोपण

**स्वतंत्र प्रभात**





**बरेली/**सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने भदपुरा ब्लॉक प्रमुख रश्मि गंगवार के साथ ब्लॉक प्रांगण में वृक्षारोपण किया और कहा प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में 37 करोड़ वृक्ष लगाए जाएंगे जिन्हें मां के नाम एक पौधा लगाने का रूप दिया जाएगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निर्देश जारी किया गया है।

जिसके तहत सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों को एक-एक वृक्ष लगाकर इसे सफल बनाने की आवश्यकता है इसी क्रम में भाजपा के सुंदरी मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह ने भी मां के नाम एक वृक्ष लगाने का कार्य किया इसी क्रम में मुड़िया चौधरी के ग्राम प्रधान वेदपाल सिंह कनौजिया ने भी मन के नाम एक पेड़ लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई गई है। यहीं पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार ने स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए कहा विकासखंड भदपुरा के अंतर्गत 79 ग्राम पंचायत हैं इन सभी ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण करके पूरे ब्लॉक क्षेत्र में एक लाख से अधिक पौधे मां के नाम लगाकर वृक्षारोपण किया जाएगा जिसे सरकार की इस योजना को सफल बनाया जा सके इसके लिए ग्राम पंचायत को पौधे उपलब्ध कराए जा चुके हैं। गड्ढे भी मनरेगा के तहत बनवा दिए गए हैं यदि कहीं नहीं बन पाए हैं तो वहां पर भी बनवा दिए जाएंगे और वृक्षारोपण करके सरकार की मनसा के अनुरूप कार्य किया जाएगा इसके लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी पूरी तरह समर्पित हैं।

# गोली मारकर हत्या करने वाले तीन नामजद आरोपी मात्र दो घंटे में गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात**




**जौनपुर,** जिले के तेजीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बरईपार-सिकरारा मेन रोड पर ग्राम सकरदेल्हा स्थित एक पाइप फैक्ट्री के पास गुरुवार को शाम एक व्यक्ति की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना प्राप्त होते ही अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), क्षेत्राधिकारी सदर तथा तेजीबाजार थानाध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पहचान कराई गई, जिसके अनुसार मृतक की पहचान सरोज पाठक पुत्र दयाशंकर पाठक निवासी हरिगांव, थाना सिकरारा के रूप में हुई। सरोज पाठक बरईपार स्थित एक गैराज में कार्यरत थे और काम से लौटते समय इस हमले का शिकार हुए।

घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी गई, जिसके पश्चात मृतक के पुत्र अजीत पाठक की तहरीर पर तेजीबाजार थाना में एफआईआर संख्या 111/2025 अंतर्गत धारा 103(1) बीएनएस के तहत तीन नामजद अभियुक्तों और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मात्र दो घंटे के भीतर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई।

**गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम-**

1.घनश्याम पाठक पुत्र जयराम पाठक, निवासी हरिगांव, थाना सिकरारा

2.अदीप पाठक पुत्र घनश्याम पाठक, निवासी हरिगांव, थाना सिकरारा,

3.नागेन्द्र पाठक पुत्र आशाराम पाठक, निवासी हरिगांव, थाना सिकरारा,

**गिरफ्तारी करने वाली टीम-** उप निरीक्षक दिव्य प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष तेजीबाजार व उनकी पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस द्वारा पूछताछ व अन्य कानूनी कार्यवाहियां तेजी से की जा रही हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी टीमें सक्रिय कर दी हैं।

## जैतीखेड़ा में जानलेवा हमले की घटना दो आरोपी गिरफ्तार, शेष की तलाश जारी

**● पुलिस की तत्परता से हुआ त्वरित एक्शन, पीड़ित परिवार को मिला न्याय का भरोसा।**





**स्वतंत्र प्रभात**

**मोहनलालगंज, लखनऊ।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जैतीखेड़ा गांव में शुक्रवार को हुई मारपीट की एक गंभीर घटना में पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़िता रेनू पत्नी रामू निवासी जैतीखेड़ा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही गया प्रसाद, गणेश प्रसाद (दोनों पुत्र स्व. अंगनू प्रसाद), कृष्ण पुत्र गया प्रसाद, कुसुम पत्नी गया प्रसाद और चंद्र किरण पत्नी गणेश ने मिलकर उसके पति रामू और देवर दिनेश कुमार पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडों से बुरी तरह मारपीट करते हुए उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।सूचना मिलते ही मोहनलालगंज पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़िता की तहरीर के आधार पर गया प्रसाद और गणेश प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। शेष नामजद आरोपियों की तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

मोहनलालगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल है, लेकिन पुलिस की सक्रियता से स्थिति नियंत्रण में बनी हुई है। पुलिस द्वारा घायलों को चिकित्सीय सहायता भी उपलब्ध कराई गई है और पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है।

# समेसी गौशाला में किया गया पौधरोपण

**● ......विधायक अमरेश कुमार रावत समेत ग्राम प्रधान अशोक रावत ने रोपे छायादार पौधे।**



**स्वतंत्र प्रभात**

**नगराम, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के विकासखंड मोहनलालगंज क्षेत्र के समेसी ग्राम पंचायत स्थित गौशाला में मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक अमरेश रावत व एडीओ पंचायत अशोक यादव साथ में समेसी ग्राम प्रधान अशोक कुमार रावत ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। जहां पौधरोपण कार्य करने के बाद गोवंशीय पशुओं को विधायक ने गुड़ चना और केला खिलाया। इसी दौरान विधायक ने गोशाला में अति शीघ्र एक सोलर पैनल लाइट लगाने की बात कही है। वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का जनांदोलन का ग्राफ बढ़ रहा है इस कार्यक्रम में प्रदेश में करोड़ों वृक्षों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान विधायक ने गो पालको से वृक्षों की देखरेख करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गौशाला में पाकड़, बरगद , आम, शीशम समेत कई छायादार वृक्ष लगाया गया है जिससे पशुओं को कुछ राहत मिल सके। इस मौके पर एडीओ पंचायत अशोक यादव, एपीओ मनरेगा उदय राज शर्मा, सचिव केपी सिंह, ग्राम प्रधान अशोक रावत ने गो पालको के साथ पौधरोपण किया।



# श्रावण मास के प्रथम दिन लखनऊ में विशाल भंडारे का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**





**लखनऊ** लखनऊ के शिव मंदिर कपूरथला में शुक्रवार को श्रावण मास के प्रथम दिन एक विशाल 17 वें भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुबह शिव मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान शिव को अर्पण किया गया और विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। यह भंडारा सावन महीने के प्रथम दिन किया जाता है और इसका आयोजन भंडारे के आयोजक राकेश दास और संयोजक शिवबेज कॉर्नर के द्वारा हर वर्ष कराया जाता है।

भंडारे में पूरी सब्जी और बूंदी वितरित किया गया, जिसे शिव भक्त बड़े ही भाव से ग्रहण करते हैं। दूर-दूर से लोग पहुंचकर भंडारे में सम्मिलित होते हैं और प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह भंडारा सुबह शुरू होता है और शिव की इच्छा तक चलता है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह आयोजन भगवान शिव की कृपा और भक्तों की श्रद्धा का प्रतीक है।

भंडारे के मुख्य आयोजक दीवान सिंह ने कहा कि यह भंडारा बाबा बर्फानी और बाबा भोजी दास चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। उन्होंने भगवान शिव से प्रार्थना की कि हमारे बाद भी यह भंडारा ऐसे ही चलता रहे और लोगों को भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती रहे। इस अवसर पर लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

# भारत -नेपाल सुरक्षा जवानों की हुई समन्वय बैठक

**स्वतंत्र प्रभात**



**सिद्धार्थनगर।** सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के थाना तौलिहवा अन्तर्गत मर्यादपुर पुलिस चौकी नेपाल पर गुरुवार को नेपाल पुलिस व खुनुवां पुलिस की समन्वयक बैठक गुरुवार को हुई। बैठक में नेपाल पुलिस की ओर से एस एस आई सुरेन्द्र विक्रम शाह व खुनुवां पुलिस चौकी से इंचार्ज सुधीर कुमार त्रिपाठी ने प्रतिनिधित्व किया। सीमा सुरक्षा व्यवस्था, नशीली पदार्थों की तस्करी ,मानव तस्करी को लेकर दोनों देश की नागरिक पुलिस ने समन्वयक बैठक कर समीक्षा किया। समन्वयक बैठक में सीमा चौकियों, सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी व्यवस्था एवं स्थानीय दोनों देशों की पुलिस के समन्वय की स्थिति पर विशेष रूप से चर्चा की गई। अधिकारियों ने सीमा पार से होने वाली तस्करी, गौ तस्करी ,नशीली पदार्थो की तस्करी, मानव तस्करी, अवैध अतिक्रमण तथा अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूसरे के सहयोग दिए जाने पर सहमति जताई।बैठक का उद्देश्य सीमा की सुरक्षा को मजबूत करना और संवेदनशील बिंदुओं की पहचान कर आवश्यक सुरक्षात्मक कदम उठाना था। इस दौरान बैठक में खुनुवां पुलिस चौकी से कांस्टेबल अनिल गुप्ता, हेड कांस्टेबल रोशन बीके, गोपाल घर्ती पीआरसी नेपाल सुनीता केसी मौजूद रही।

## 50 लाख की रंगदारी मामले में वकील समेत 7 लोगों के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**कानपुर।** कमिश्नरेट के पूर्वी जोन के अंतर्गत थाना चकेरी में दर्ज 50 लाख रंगदारी मांगने, घर में घुस कर मारपीट समेत मामले में फरार अधिवक्ताओं समेत 7 लोगों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। विवेचक एस आई राजेश कुमार सिंह ने कोर्ट ने अर्जी दाखिल की, जिसमें बताया गया था कि कई बार दबिश के बावजूद आरोपी घर में नहीं मिले। उनकी गिरफ्तारी लंबे समय से नहीं हो सकी है। फरार आरोपी अपनी संपत्तियां बेचने की फिराक में है। जिसके बाद कोर्ट ने यह आदेश दिए हैं। चकेरी थाना क्षेत्र के लाल बंगला काजी खेड़ा निवासी मनोज कुमार गुप्ता ने वर्ष 2022 में जमीन कब्जाने, 50 लाख रंगदारी मांगने के आरोप मे थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कि 3 नवंबर 2022 को उनके प्लाट पर रामभरोसे दुबे, अमन शुक्ला, नीरज दुबे, अनूप शुक्ला, रचित पाठक, दीपक जादौन समेत 20 से 25 अज्ञात लोग आए और निर्माण गिरा दिया। विरोध करने पर मारपीट कर जमीन के बदले 50 लाख रंगदारी मांगी। साथ ही बेटे की जेब में पड़े 25 हजार छीन लिए। इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई थी। जांच में एडवोकेट दीनू उपाध्याय व उसके भतीजे मनु उपाध्याय का नाम सामने आया था। जिसके बाद मनु को 26 जून को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। क्राइम ब्रांच दीपक जादौन, दीनू के भाई संजय उपाध्याय, रचित पाठक, अमन शुक्ला, अनूप शुक्ल, धीरज दुबे, नीरज कुमार दुबे की तलाश कर रही थी। जब कई बार दबिश के बावजूद नहीं मिले आरोपी कई बार आरोपियों के घर दबिश दी गई, लेकिन आरोपी नहीं मिले। जिसके बाद विवेचक ने सीजेएम सूरज मिश्र की कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने के लिए याचिका दाखिल की थी। आज कोर्ट ने सभी आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया है।

# बाल श्रम के विरुद्ध डीटीएफ ने चलाया अभियान

**● 6 किशोर श्रमिकों को चिन्हिन्त कर 4 नियोजकों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी**




**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला टास्क फोर्स टीम ने शुक्रवार को इटवा में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाकर 6 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 4 नियोजकों फेमस लेडीज सूट सेंटर, उमर वस्त्रालय, यादव जी स्वीट्स, शिवनेरी चाय को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर 15 जुलाई तक जनपद में बाल श्रम के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शुक्रवार को इटवा में 6 किशोर श्रमिकों को चिन्हांकित कर 4 नियोजकों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। उन्होंने बताया बाल श्रम के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर नियोजकों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इस दौरान एएचटीयू प्रभरी निरीक्षक रामकृपाल शुक्ला, उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार सिंह, मुख्य आरक्षी देवेन्द्र यादव, आरक्षी अशुतोष सिंह शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चकेरी पुलिस ने वांछित वारंटी को गिया गिरफ्तार



**कानपुर ।** चकेरी पुलिस ने न्यायिक मजिस्ट्रेट कानपुर नगर द्वारा जारी एनबीडब्ल्यू वारण्टी अभियुक्त वांछित राजू पुत्र मुन्ना लंगडा निवासी ग्वालटोली थाना ग्वालटोली कानपुर नगर उम्र करीब 32 बर्ष को आज घर से गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्त धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का आरोपी है।

### जिला स्तरीय बालिका ताइक्कांडो प्रतियोगिता का किया आयोजन



**प्रतापगढ़।** स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को जिला स्तरीय बालिका ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला ने किया और जीवन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला।समापन समारोह के अवसर पर जिला खेल अधिकारी श्रीमती पूनम लता राज ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किया।प्रतियोगिता के दौरान स्टेडियम के सारे प्रशिक्षक टीमों के प्रशिक्षक तथा स्कूलों से आए हुए बालिकाएं तथा बहुत सारे खेल प्रेमी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।प्रतियोगिता के समापन पर उप क्रीडा अधिकारी रंजीत यादव ने सभी के प्रति सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया ।उक्त प्रतियोगिता 10 वेट कैटिगरी में संपन्न कराई गई। स्वर्ण पदक विजेताओं में पलक गांव मिस्टी, स्वपा जायसवाल साक्षी मिश्रा सबरीन बानो सृष्टि सिंह पायल गौड़ सृष्टि पांडे रिया तथा प्रिंस यादव हैं। रजत पदक विजेता तनिष्का पांडे मुस्कान सारा प्रिंसी शिवांगी आरिश यादव कामाक्षी प्रिशा अंशी सारा बानो, कांस्य पदक विजेताओं में पीहू राव अनन्या सरोज कृतिका यादव आराध्या उम्मे हानि श्रेया राज कीर्ति रेयांशी आराध्या मिश्रा अनामिका साक्षी अगस्ता अमान्य आईकॉन साक्षी वैष्णवी साक्षी शिखा अपेक्षा अंशिका चौधरी रहीं।कार्यक्रम का संचालन पूर्व रंजीत ट्रॉफी खिलाड़ी और क्रिकेट प्रशिक्षक आदित्य शुक्ला ने किया।

### इंस्टाग्राम पर अभद्र वीडियो पोस्ट करने के आरोपी पर केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** इंस्टाग्राम पर अभद्र वीडियो पोस्ट करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे जियन तिवारी रेहुआ लालगंज गांव निवासी सौरभ तिवारी पुत्र स्व0 सरदेन्दु तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि गांव निवासी आरोपी अजय कुमार गौतम पुत्र नन्हें लाल गौतम द्वारा ब्राम्हण समाज को अपमानित करने के उद्देश्य से एक अभद्र वीडियो बनाकर उसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया गया है। इससे ब्राम्हण समाज में आक्रोश बना है। प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम का कहना है कि जांच के बाद आरोपी अजय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अवैध गांजा के साथ धराया, भेजा गया जेल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** अवैध गांजा के साथ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लीलापुर थाने के दरोगा अमरेश कुमार यादव पुलिस बल के साथ गुरूवार की रात गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के जटाऊ वीर बाबा मंदिर के पास एक किलो आठ सौ सत्तर ग्राम अवैध गांजा के साथ आरोपी अजय सिंह पुत्र बाम्बे प्रसाद सिंह निवासी तुलापुर सराय संसारा को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है।आरोपी को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

## स्कूली वाहनों की भौतिक फिटनेस के लिए वृहद अभियान, 122 के विरूद्ध कार्रवाई, 1.84 लाख वसूले

स्वतंत्र प्रभात





**कानपुर।** परिवहन विभाग द्वारा जनपद कानपुर नगर में पंजीकृत कुल 869 स्कूली वाहनों में से अनफिट स्कूली वाहनों के समस्त प्रपत्र एवं फिटनेस प्रमाण-पत्र वैध करवाने हेतु संबंधित विद्यालय/महाविद्यालय के प्रबंधक / प्राचार्य को इस आशय का नोटिस प्रेषित किया गया कि वह अपने स्कूली वाहनों का परिवहन विभाग से भौतिक निरीक्षण करवाते हुए विभाग से फिटनेस प्रमाण पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें छात्र/छात्राओं की सुरक्षा एवं स्कूली वाहनों से हो रहे सड़क हादसों के दृष्टिगत परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश द्वारा अनफिट समस्त स्कूली वाहनों एवं अन्य ऐसे समस्त वाहन जो विद्यालय/महाविद्यालय से संबद्ध हो के विरुद्ध दिनांक 01.07.2025 से 15.07.2025 तक विशेष अभियान चलाते हुए नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए ।

उक्त के क्रम में साथ ही जनपद के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा दिनांक 01.07.2025 से 15.07.2025 तक चलने वाले विशेष अभियान के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर दिनांक 1 जुलाई 2025 से 11 जुलाई, 2025 तक स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए स्वयं विद्यालय में जाकर एवं मार्गो पर प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान अनफिट पाए जाने वाले स्कूली वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन कार्यवाही की गयी एवं प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि इस अभियान के दौरान उन सभी स्कूली वाहनों की कड़ी चेकिंग की जाए जिनकी फिटनेस समाप्त है या बिना परमिट चल रहीं हैं ।

अभियान कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, दिनेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, अनिल कुमार, यात्रीकर अधिकारी एवं श्री दीपक सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा चलाया गया जिसमें 122 स्कूली वाहनों के विरूद्ध चालान/बन्द की कार्यवाही । जिनसे रू0 1.84 लाख प्रशमन शुल्क वसूल किया गया । इसके अतिरिक्त इन वाहनों में सुरक्षा उपकरणों की भी जांच की गयी । स्कूली वाहन चाहें निजी स्वामियों के हों अथवा स्कूल प्रबंधन के स्वामित्व में हों बिना प्रपत्र और सुरक्षा मानकों के कोई भी स्कूली वाहन मार्ग पर संचालित नहीं होने दिये गये ।

## श्रावण मास के पहले दिन घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को उमड़ी भीड़

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पवित्र श्रावण मास के पहले दिन शुक्रवार को पौराणिक शिव धाम बाबा घुइसरनाथ के जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। वहीं मंदिर परिसर में जगह जगह श्रद्धालु रूद्राभिषेक करते भगवान भोले नाथ की भक्ति में लीन दिखे। मंदिर गर्भगृह का कपाट भोर में खुलते ही हर हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ जी का जलाभिषेक किया। इसके पहले मंदिर के महन्त मयंकभाल गिरि के संयोजन में बाबा घुइसरनाथ जी की भव्य आरती हुई। मंदिर में गर्भगृह में जलाभिषेक को लेकर मंदिर समिति के सदस्यों के साथ ही पुलिसकर्मी भी व्यवस्था को सुचारू रूप देने में जुटे नजर आये। श्रद्धालुओं ने बाबा घुइसरनाथ जी का जलाभिषेक करने के साथ ही मंदिर परिसर में स्थापित तिरूपति बाला जी महराज, श्रीरामजानकी, हनुमान जी आदि देवी देवताओं का भी दर्शन पूजन किया।

## स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर के निरीक्षण में स्वीपर व उपचारिका मिले गैरहाजिर, वेतन काटा



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उदय नाथ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कल्याणपुर का निरीक्षण प्रातः 08:30 किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डा. राजेश सिंह, डा. अंजली सचान, डा. विपिन राज डॉ अविनाश यादव उपस्थित थे। चिकित्सालय परिसर में साफ-सफाई संतोषजनक नहीं पायी गयी जो खेद जनक है। चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि स्वयं पर्यवेक्षण कर सफाई व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें एवं इस सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें।

निरीक्षण के दौरान नियमित चिकित्साधिकारी/कर्मचारियों में एच.एस. रमन पाल सिंह तथा संविदा कर्मचारियों में स्वीपर राजेश एवं उपचारिका श्वेता वर्मा अनुपस्थित पाए गए जिनका दिनांक 11 जुलाई, 2025 का वेतन बाधित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कल्याणपुर को निर्देशित किया है कि चिकित्सालय में सफाई संतोष जनक नहीं पायी गयी। चिकित्सालय के आंतरिक एवं बाहरी परिसर में स्वयं निरीक्षण कर साफ-सफाई कराना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान पायी गयी अनियमितताओं के सम्बन्ध में बिन्दुवार व्यवस्था सुदृढ़ कराना सुनिश्चित करें तथा अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर 02 दिवस में अनुपालन आख्या प्रस्तुत करें।

### मारपीट, हत्या के प्रयास फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** बुधवार को वादिनी का पुत्र 12 वर्षीय पड़ोस के रंजीत के साथ शौच हेतु गया था। वापस आने पर वादिनी के जेठ फूलचंद पुत्र रामखेलावन द्वारा गाली-गलौज किया गया और विरोध करने पर उसके पुत्र के सिर पर लाठी से प्रहार कर घायल कर दिया गया। बीच-बचाव करने पर वादिनी को भी चोट आई। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई तथा घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मान्धाता ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिसके संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना मान्धाता पर नामजद अभियोग पंजीकृत किया गया है।थाना प्रभारी मान्धाता अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक प्रभात मय हमराह तलाश वांछित अभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र राम खेलावन निवासी ग्राम धरमपुर थाना मान्धाता जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 57 वर्ष को थानाक्षेत्र मान्धाता के कुटुलिया शौभीपुर नहर पर पिपरी स्कूल पास से गिरफ्तार किया गया।

## नव चयनित आईएएस सौम्य शर्मा का किया गया सारस्वत सम्मान

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** श्री भट्ट ब्राह्मण सभा प्रतापगढ़ की जिला कार्यकारिणी द्वारा आईएएस में चयनित सौम्य शर्मा का सारस्वत सम्मान सांई मैरिज हाल, रूपापुर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री ब्रजेश शर्मा और विशिष्ट अतिथि जिला उद्यान अधिकारी सुनील शर्मा और भाजपानेता आशुतोष त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष कैप्टन ओंकार नाथ शर्मा और संचालन शिक्षक नेता अशोक राय ने किया। स्वागतम हाल में पहुंचने पर आईएएस सौम्य शर्मा का स्वागत बैण्ड बाजे और आतिशबाजी से किया गया।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री ब्रजेश शर्मा ने कहा कि सौम्य शर्मा का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होना ग्रामीण पृष्ठभूमि के किसी होनहार युवा के सपने को सच होने का मार्ग प्रशस्त करेगा।इनका यह परिणाम साबित करता है कि स्वामी विवेकानंद जी ने "उठो जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक अनवरत संघर्षरत रहो" का जो मार्ग दुनिया को दिखाया है, वह कभी व्यर्थ नहीं जाता है।जिला उद्यान अधिकारी सुनील शर्मा ने सौम्य शर्मा से युवा शक्ति के लिए रोल माडल बनने की अपेक्षा करते हुए निरन्तर कार्य क्षेत्र में ईमानदारी बरतने की बात कही।भाजपा नेता आशुतोष त्रिपाठी ने सौम्य शर्मा को प्रतापगढ़ का चमकता नक्षत्र बताया।

## श्रावण मास के पहले दिन परमट घाट पर दो युवक डूबे, एक को गोताखोरों ने बचाया, एक लापता

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** श्रावण माह के पहले दिन आज आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन करने आए दो किशोर गंगा में स्नान करने के दौरान तेज बहाव में फंस कर डूब गए। आसपास मौजूद गोताखोरों ने एक किशोर को बाहर निकाला, जबकि चार घंटे बाद भी दूसरे किशोर का कोई पता नहीं चला। मौके पर पहुंची ग्वालटोली पुलिस गोताखोरों की मदद से किशोर की तलाश में जुटी रही। वहीं घटना की जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे। सुबह 10 बजे घर से निकला था कर्नलगंज के बकरमंडी निवासी राजमिस्त्री विदेशी का 16 वर्षीय बेटा कृष्णा 9वीं का छात्र है। परिवार में मां सीमा, बड़ा भाई ऋषि व छोटी बहन खुशी है। मौसेरे भाई दीप ने बताया कि कृष्णा आज सुबह 10 बजे गुरुदेव केसा कालोनी निवासी मौसेरे भाई दीपक व मोहल्ले में रहने वाले दोस्त अजय के साथ आनंदेश्वर मंदिर दर्शन करने की बात कह कर घर से साइकिल से निकला था।

उसने बताया कि मंदिर में दर्शन के बाद कृष्णा और अजय परमट घाट में गंगा स्नान करने पहुंचे, जबकि दीपक घाट किनारे कपड़े लिए बैठा रहा। इस दौरान गहराई और तेज बहाव के चपेट में आने से अजय और कृष्णा डूबने लगे। चीख पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे गोताखोरों ने अजय को गंगा से बाहर निकाल कृष्णा की खोजबीन शुरू की, लेकिन चार घंटे बाद भी कृष्णा का कोई सुराग नहीं लगा। सूचना पर ग्वालटोली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों के मना करने के बावजूद किशोर गंगा में नहाने पहुंच गए थे। लापता किशोर की तलाश की जा रही है। पुलिस सुरक्षा के बीच कैसे पहुंचा गंगा स्नान करने सावन के मौके पर जहां एक तरफ आलाधिकारी घाटों की सुरक्षा के लिए पुलिस व पीएसी की मुस्तैदी का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर सावन के पहले दिन ही परमट घाट में किशोर गंगा में डूब गया।

## अभिभावकों की जेबों पर डाका डाल रहे प्राइवेट विद्यालय

● मनमाने रेट में बेच रहे किताब, और फीस के नाम पर वसूल रहे मोटी रकम

मानक विहीन ढंग से संचालित हो रहे कई विद्यालय मानक के अनुरूप नहीं है विद्यालय के पास जमीन और ना ही खेल मैदान

एक ही क्लास की अलग-अलग विद्यालय अपने-अपने ढंग से वसूल रहे फीस

कुछ विद्यालयों में तो अप्रशिक्षित शिक्षक दे रहे शिक्षा बच्चों के भविष्य से कर रहे खिलवाड़

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुल बाजार अमेठी।** अमेठी जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार विकासखंड के अंतर्गत निजी विद्यालय वाले अभिभावकों के जेबों पर डाका डालने का काम कर रहे हैं। एक ही क्लास की अलग-अलग विद्यालय अपने-अपने ढंग से मोटी रकम फीस के रूप में वसूल रहे हैं, तो कई विद्यालय ऐसे संचालित हो रहे हैं जिनके पास ना तो खेल मैदान है और ना ही मान्यता के अनुरूप विद्यालय के पास जमीन है। कुछ विद्यालय तो दुकान में संचालित हो रहे हैं और कुछ विद्यालय मानक विहीन ढंग से संचालित हो रहे हैं, जबकि हाई स्कूल तक संचालित विद्यालयों के लिए दूसरा मानक तो इंटर तक संचालित विद्यालयों के लिए दूसरा मानक है। यही नहीं कई विद्यालयों में तो अप्रशिक्षित टीचर बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं ,और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। जो सबसे बड़ी बात है वह यह है कि अलग-अलग विद्यालय एक ही क्लास की अलग-अलग ढंग से मन माने ढंग से फीस वसूल रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार किसी विद्यालय में कक्षा 5 की फीस 500 है, तो किसी विद्यालय में 600 प्रतिमाह किसी विद्यालय में इंटर की फीस 600 है तो किसी विद्यालय में 800 किताब के नाम पर मोटी रकम वसूली जा रही है कोई विद्यालय कक्षा एक से आठ तक की किताब 2500 में बेच रहा है तो कोई विद्यालय 4500 में बेच रहा है 15 से 25 पेज की पुस्तकों की कीमत 200 से 300 प्लस तक है जबकि इससे कम पैसे में सैकड़ो पेज वाली रामचरितमानस मिल जाती है, सूत्रों की माने तो अलग-अलग प्रशासन की किताबें मनमानी रेट में छपवा कर बेची जाती है इनमें विद्यालयों का मोटा कमीशन होता है। किसी तरह अविवाहक अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं लेकिन कई विद्यालय तो ऐसे हैं जो विद्यालय से ही किताब, ड्रेस और बैग बेचने का काम करते हैं। और इन सभी के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं, ऐसे में क्षेत्र वासियों ने शासन प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से किताब, ड्रेस और बैग के नाम पर वसूली जाने वाली मोटी रकम पर अंकुश लगाने की मांग की है, तथा सभी विद्यालयों में समान क्लास में समान फीस की मांग की है, योग्य प्रशिक्षित शिक्षक द्वारा ही शिक्षक कराया जाए इसकी मांग की है, साथ ही साथ कक्षा 1 से लेकर कक्षा 12 तक सरकारी पुस्तक निजी विद्यालयों में भी संचालित हो और पुस्तकों की कीमत सरकारी मूल्य पर निर्धारित की जाए यह भी मांग की है। सभी विद्यालयों में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक सरकारी पुस्तक और सरकारी मूल पर मिलने वाली पुस्तक ही पाठ्यक्रम में शामिल की जाए ऐसी मांग की है जिससे अभिभावक किसी तरह अपने बच्चों को शिक्षा दे सके, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र होने के चलते खेती किसानी और मजदूरी पर आधारित जनता की संख्या ज्यादा है ऐसे में अभिभावकों ने उपरोक्त मांग की है। उक्त विषय में खंड शिक्षा अधिकारी शुकुल बाजार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में प्रशिक्षित स्नातक ही शिक्षक के रूप में कार्य कर सकते है, साथ ही साथ महंगी किताब और मनमानी फीस पर कहा कि प्रकरण संज्ञान में आने पर उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दशरथ देवी महाविद्यालय में सैकड़ो वृक्षों का किया गया वृक्षारोपण

● एक वृक्ष 100 पुत्र समान वृक्षारोपण कार्य महान -डॉ बृजेश तिवारी

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुलबाजार अमेठी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि द्वारा अन्तरार्ष्ट्रीय पर्यावरण दिवस से ही वृक्षारोपण अभियान अनवरत जारी है उसी क्रम मे संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने शिक्षा क्षेत्र शुकुलबाजार अमेठी अन्तर्गत एस डी डी महाविद्यालय आदर्श नगर शुकुलबाजार पहुंचकर संस्था का सदैव मार्गदर्शन एवं सहयोग करने वाले प्राचार्य डॉ बृजेश तिवारी से मुलाकात कर सामाजिक विषयों पर चर्चा की एवं महाविद्यालय परिसर मे उनके साथ नीम का पेंड़ लगाकर वृक्षारोपण किया और कहा कि प्राचार्य डॉ बृजेश तिवारी ने विभिन्न प्रकार के पेंड़ों का वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया,संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह क्षेत्र मे पहुंचकर लोगों से वृक्षारोपण करने की अपील कर रहे हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके वहीं प्राचार्य डॉ बृजेश तिवारी ने संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया, प्रत्येक वर्ष पांच सौ से अधिक वृक्षारोपण करने वाले समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि इस वर्ष वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की कोशिश करेंगे उनकी इस मुहिम का समाज का प्रत्येक वर्ग सराहना कर रहा है। वही डॉक्टर बृजेश तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण के लिए इस समय सबसे उपयुक्त समय चल रहा है सरकार द्वारा भी वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जा रहा है ऐसे में सभी लोग कम से कम पांच वृक्षों का वृक्षारोपण करें उन्होंने कहा एक वृक्ष 100 पुत्र समान वृक्षारोपण कार्य महान।

## 20 करोड़ की ऑनलाइन ठगी का पर्दाफाश, मामले में तीन गिरफ्तार

●16 राज्यों से जुड़ी ऑनलाइन ठगी के 55 शिकायतों का पुलिस ने किया खुलासा

स्वतंत्र प्रभात



**प्रतापगढ़।** नये जमाने में ठगी की आड़ में डकैती लूट का तरीका बदल गया है।पहले सरेआम हथियाबंद डकैत असलहा के बल पर लूट करते थे लेकिन अब डिजिटल इंडिया के समय में लुटेरे एक जगह बैठकर ऑनलाइन ठगी के जरिए करोड़ों की लूट करने में सफल हो जा रहे हैं। साईबर ठगों द्वारा ऑन लाइन गेमिंग ट्रेडिंग एप्प आदि माध्यम से सीधे साधे लोगों को गुमराह कर साईबर ठगी का शिकार कर ले रहे हैं।

पुलिस अधीक्षक डॉ., अनिल कुमार के कुशल निर्देशन में साईबर सेल प्रतापगढ़ प्रभारी निरीक्षक दिवाकर सिंह एसआई विंध्यवासिनी तिवारी सीसीओ बिपिन बिहारी,अखिलेश उपाध्याय सत्येन्द्र कुमार यादव पंकज पाल दिग्विजय यादव सौरव सिंह ललिता तोमर ने तीन साईबर लुटेरे शिवम तिवारी पुत्र सूर्य प्रकाश तिवारी निवासी सगरा पूरे ओझा, अनुराग शुक्ला पुत्र राजेंद्र शुक्ला निवासी शुकुलपुर दहिलामऊ, अंकित पाल पुत्र प्रभाकर पाल निवासी भगवा चुंगी कोतवाली नगर को दो स्मार्ट फोन,दो कीपैड, दो सिम कार्ड,13 बैंक पासबुक,9 एटीएम कार्ड,5 चेक की प्रति,3 पैन कार्ड,6 आधार कार्ड की प्रति,34 क्यूआर कोड,32 यूएसडीटी ट्रांजेक्शन की प्रति के साथ गिरफ्तार किया गया। वादी मुकदमा आजम अली पुत्र मोश्इस्लाम निवासी ग्राम बीवीपुर थाना जेठवारा की तहरीर पर साईबर थाना प्रतापगढ़ पर दर्ज मुकदमा में साईबर षडयंत्र कारियों के गिरोह सरगना सदस्यों द्वारा लोन दिलाने का लालच देकर खाता खुलवाने के लिए शुक्रवार को एटीएल ग्राउंड पर बुलाया जहां से पुलिस ने गिरफ्तार किया। साईबर डाकुओं के तार 16 राज्यों में फैला हुआ है।जिसमें 55 शिकायतों के माध्यम से चौंकाने वाला खुलासा हुआ है जिसमें 20 करोड़ 5 लाख 86 हजार 879 रुपए की धोखाधड़ी 16 राज्यों में महाराष्ट्र गुजरात दिल्ली तमिलनाडु तेलंगाना उड़ीसा उत्तर प्रदेश केरल छत्तीसगढ़ आंध्र प्रदेश कर्नाटका उत्तराखंड हरियाणा मध्य प्रदेश राजस्थान आदि प्रमुख है।साईबर ठगों का तानाबाना व संबंध अन्य राज्य के साईबर घपलेबाजों के साथ है यह बात गहराई से छानबीन करने पर प्रकाश में आई है।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष का अनोखे ढंग से मनाया समर्थकों ने जन्मदिन

● जन्मदिन पर सैकड़ो वृक्षों का किया गया वृक्षारोपण

स्वतंत्र प्रभात



**शुकुलबाजार अमेठी।** भारतीय जनता पार्टी अमेठी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विकासखंड शुकुलबाजार अन्तर्गत ग्रामपंचायत मवैया रहमतगढ़ के गांव पूरे रग्घू शुक्ल निवासी गिरीश चन्द्र शुक्ला के जन्मदिन पर जहां लोगों का शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा वहीं सामाजिक कार्यो के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक ग्राम पंचायत भटमऊ शुकुलबाजार निवासी समाजसेवी पी के तिवारी ने संस्था का हमेशा मार्गदर्शन उत्साहवर्धन एवं सहयोग करने वाले वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला के आवास पर पहुंचकर उनके साथ आवास परिसर मे कटहल एवं अमरुद का पेंड़ लगाकर उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी वहीं वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र शुक्ला ने संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया एवं कहा कि संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी की निस्वार्थ भावना एवं कुशल नेतृत्व मे संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्य समाज के प्रति गौरवपूर्ण है और इस समय पर्यावरण दिवस से ही समाजसेवी पी के तिवारी वृक्षारोपण के प्रति काफी एक्टिव देखे जा रहे हैं समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह क्षेत्र मे पहुंचकर लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित एवं अपील कर रहे हैं जिससे पर्यावरण संरक्षण किया जा सके प्रत्येक वर्ष पांच सौ से अधिक वृक्षारोपण करने वाले संस्था प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने कहा कि वह इस वर्ष अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का प्रयास करेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं एवं जिला उपाध्यक्ष के समर्थकों ने अनोखे ढंग से जिला उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया, जहां ज्यादातर लोग जन्मदिन पर केक काटकर व तमाम ताम-झाम के बीच जन्मदिन मनाते हैं वहीं जिला उपाध्यक्ष ने सादगी के साथ वृक्षारोपण करते हुए जन्मदिन मनाया उनके समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी वृक्षारोपण करते हुए जन्मदिन मनाया जो की समाज के लिए एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह अनोखी पहल पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्यौहारी में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन 29 जुलाई तक

शहडोल .... प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ, ब्योहारी उमा पी राउत ने जानकारी दी है कि जवाहर नवोदय विद्यालय मऊ में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र भरे जा रहे हैं। जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी इस वेबसाईट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/Inde&/Registration पर जाकर अपना आवेदन भर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि सत्र 2025-26 में शहडोल जिले में निवासरत एवं जिले में स्थित विद्यालयों में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत् छात्र/छात्रायें इसके लिए पात्र हैं। आवेदन पत्र भरने हेतु पात्रता एवं निर्देश संबंधी अधिक जानकारी वेबसाईट https://navodaya.gov.in पर उपलब्ध है, साथ ही हेल्पडेस्क नं. 8085257727 एवं 8770285208 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बुलंदशहर- PWD के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर मनीष वर्मा ने गंगा नदी सेतु का किया निरीक्षण-दिए निर्देश

### गंगा नदी सेतु का निरीक्षण- बारिश के बाद मरम्मत कार्य जल्द शुरू होगा



**बुलंदशहर,** 10 जुलाई 2025-रितेश श्रीवास्तव गुरुवार को लोक निर्माण विभाग बुलंदशहर के अधीक्षण अभियंता मनीष वर्मा ने इंजीनियरों के साथ मुरादाबाद-गवां-बुलंदशहर मार्ग पर स्थित गंगा नदी सेतु का गहन निरीक्षण किया। आपको बता दे कि यह सेतु जनपद बुलंदशहर और संभल को जोड़ने वाला एक मुख्य व महत्वपूर्ण यातायात संपर्क मार्ग है।

गंगा नदी पर बना यह विशाल पुल 1080 मीटर लंबा है, जिसमें 30 मीटर के 36 स्पैन हैं। अधीक्षण अभियंता ने सेतु की संरचनात्मक स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता ने बताया कि बरसात के मौसम के पश्चात सेतु मार्ग पर मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा, जिससे यातायात और आम जनता को कोई असुविधा न हो। यह पुल न केवल क्षेत्रीय संपर्क के लिए, बल्कि आर्थिक गतिविधियों और ग्रामीण विकास के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधीक्षण अभियंता मनीष वर्मा ने कहा कि निगरानी और सुरक्षा के लिहाज़ इस पुल की स्थिति पर हम नियमित ध्यान दे रहे है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो बारिश का मौसम समाप्त होते ही युद्ध स्तर पर कार्य शुरू किया जायेगा।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक 14 जुलाई को




**मीरजापुर।** शुक्रवार को सांसद/अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दिनांक 14 जुलाई 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई हैं। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं गत बैठक की अनुपालन आख्या के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## दूसरी बार कांग्रेस नगर अध्यक्ष बने आदित्य गुप्ता पदयात्री



**चुनार, मिर्जापुर।** आदित्य गुप्ता पदयात्री लगातार दूसरी बार कांग्रेस पार्टी चुनार के नगर अध्यक्ष बनाए गए हैं। पदयात्री को पार्टी द्वारा दूसरी बार नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेता देवी प्रसाद त्रिपाठी, नियाज़ खान, प्रतीक त्रिपाठी, अफसर अली, डब्लू मिश्रा, इत्यादि कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त कर उन्हें बधाई दी है।

# न पक्ष न विपक्ष खबरें होगी निष्पक्ष अच्छे विचार वाले पुरुष की तारीफ करना कोई गुनाह नहीं है

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली** पटेल वैसे तो दिल्ली में बहुत ही राजनेता है उनकी बातें भी बहुत बड़ी बड़ी है जिसको जनता भली भांति देख और समझ भी रही है। दिल्ली के पटेल नगर विधानसभा में दो व्यक्तियों की चर्चा खूब होती है जिसमें एक है पटेल नगर के विधायक प्रवेश रत्न और दूसरे है अपनी समर्पण और जनता के लिए निस्वार्थ भाव से लगातार काम करने का जुनून लिए समाज सेवक एस के चौबे विधायक प्रवेश रत्न जहां बिना किसी का जाति धर्म पूछे हमेशा जनता के लिए काम करते देखे जा रहे है और तमाम विभागों के अधिकारियों से सख्ती से पेश आकर जनता के कार्यों को करवाने में लगे हुए है, वही एस के चौबे भी कई वर्षों से बिना किसी जाति धर्म, अमीर गरीब की भेदभाव नहीं करते हमेशा जनता के बीच अपनी सेवा देते देखे जाते ही है। एस के चौबे एक ऐसे व्यक्ति हैं जो सत्ताधारी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं की भी मदद करते देखे जाते है। ये दोनों व्यक्ति पढ़े लिखे होने के साथ चौबे की आधिकारिक पकड़ और बात करने की काबिलियत समाज में अच्छी छाप छोड़ती ही जा रही है। आज क्षेत्र की जनता जब किसी समस्या में पड़ जाती है और कोई जब दिखाई नहीं देता है तब वह एस के चौबे को याद करते है और उसका हर संभव मदद भी होता है जिसको जनता अनुभव भी कर रही है। जनता की भावनाओं को गंभीरता से समझे हुए इन दोनों व्यक्तियों की एक साथ तस्वीर इसलिए साझा कर रहा हूं की क्योंकि इनके विचार से प्रभावित है हमारी टीम। जब भी आप इन दानों लोगों से सवाल करोगे तो एक ही जवाब मिलेगा कि हमें जाति पाती से क्या लेना देना हमें जाति पाती से हटकर, बिना भेदभाव के समाज सेवा करना हैं, इनका एक कहना यह भी है कि भगवान ने जब यह सुंदर अवसर मुझे दिया है तो इसको हमें करना चाहिए जिसे प्रभु की आज्ञा मान हम वही कर रहे है। आज मुझे इन दोनों के अन्दर पटेल नगर की भविष्य दिखाई दे रही है। एस के चौबे की भावना जो जनता के प्रति है वह बहुत ही मार्मिक है, उनका कहना है कि जो हमारी जनता दिन रात मेहनत करके दो वक्त की रोटी कमाती है वह शाम को अपने घर आकर कभी पानी के लिए भटक रही है, कभी बच्चों को नशेड़ी होते देख परेशान हो रही है, कभी झुग्गी झोपड़ी को टूटने का भय, कभी बिजली कर्मियों की मनमानी से परेशान इन सभी समस्याओं से निजात पाने के लिए हमेशा संघर्ष करने के लिए तत्पर रहते है और सबके दुःख सुख में खड़े रहते है अपनी क्षमता अनुसार। यही कारण है कि एस के चौबे बिना किसी संवैधानिक पद न होने के बाद भी क्षेत्र की जनता के दिलों में राज कर रहे है जिससे विरोधियों के आंखों की किरकिरी बन गए वहीं प्रवेश रतन भी ग़रीब निर्धन की मदद करने के तत्पश्चात में अपनी छाप छोड़ रहे हैं आने वाले समय में प्रवेश रतन विकास पुरुष के नाम से जाने जायेंगे।

## डिजिटल वॉरियर कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को पुलिस टीम ने किया जागरूक



**सिद्धार्थनगर।** साइबर जागरुकता, डिजिटल वॉरियर कार्यशाला के तहत क्षेत्राधिकारी सदर मयंक द्विवेदी द्वारा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज बर्डपुर में कार्यशाला का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि अपना एटी.ए.एम. किसी को न दे, बैंकिंग ऐप का प्रयोग सावधानी से करें किसी भी अपरचित के साथ किसी प्रकार के ओ.टी.पी. का लेन देन न करें, अनजान नम्बर से आने वाले वीडियो काल को न रिसीव करें तथा डीप फेक, डिजिटल अरेस्ट जैसे गम्भीर मुद्दों पर अवगत कराया गया, हेल्पलाइन नंबर 1930 व साइबर क्राइम वेबसाइट व अन्य साइबर अपराध के सम्बन्ध में जानकारी दी गई । इस दौरान थानाध्यक्ष मोहाना रोहित कुमार उपाध्याय, चौकी प्रभारी पप्पू कुमार गुप्ता तथा साइबर थाना से महिला आरक्षी शिप्रा मौर्या और आरक्षी विशाल तिवारी मौजूद रहे।

# अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में लापरवाही न हो, अधिकारी रखें ध्यान

● निरीक्षण कर संज्ञान मे आई समस्याओं का संबंधित अधिकारी करें निदान

### संभागीय उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने अधिकारियो को दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात



**शहडोल-** संभागीय उपायुक्त, जनजातीय कार्य विभाग श्री जे.पी.यादव ने जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियो को निर्देश दिए कि शहडोल संभाग में अतिथि शिक्षको की भर्ती प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए, अधिकारी इसका ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि अतिथि शिक्षकों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर अध्यापन कार्य सुचारु रूप से विद्यालयो का संचालन सुनिश्चित करें।

उन्होंने अधीनस्थ संस्थाओं के नियमित निरीक्षण कर संज्ञान मे आई समस्याओं का निदान करने के, कार्यालय और स्कूल समय पर खुलें तथा इन संस्थाओं के कार्यालय प्रमुख एवं स्टाफ समय पर पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों के समस्याओं के निदान के लिए अधिकारियों को संवेदनशील होकर काम करें।

संभागीय उपायुक्त ने लंबित पेंशन प्रकरण, विभागीय जाँच, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि पेंशन प्रकरणों का समय पर निराकरण करावें, कोषालय से दर्ज आपत्तियों का त्वरित निदान करें, विभागीय जाँच का कार्य तीन माह मे पूर्ण करें। बहुत आवश्यक होने पर निलंबन की कार्यवाही हो, गंभीर आर्थिक और चारित्रिक प्रकरणों को छोड़कर किसी भी कर्मचारी को लम्बे समय तक निलंबित न रखा जाए, स्थानांतरित कर्मचारियों को तत्काल रिलीव कर नई संस्था मे कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें। न्यायालयीन प्रकरणों मे शीघ्र जवाब प्रस्तुत किए जाएं। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सभी अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण किया जाये और वायुदूत ऐप पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

# शंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का हुआ पट्टाभिषेक

● नौदिवसीय महायज्ञ और भागवत कथा का अनूठा कार्यक्रम

### महाकालेश्वर गुरुकुल लालकुआं में शतचंडी महायज्ञ सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ 4 जुलाई।** नौदिवसीय शतचंडी महायज्ञ और श्रीमद् भागवत कथा की पूर्णाहुति पर आज लाल कुआं स्थित महाकालेश्वर गुरुकुल प्रांगण में श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का विधिवत पट्टाभिषेक किया गया। तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय एवं तपोभूमि गौशाला के संस्थापक प्रमुख दंडी स्वामी श्री देवेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने आज अपने युवा शिष्य श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी को पांच आश्रमों वाली अपनी धार्मिक संस्था का विधिवत उत्तरदायित्व सौंपा। उल्लेखनीय है, स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती धर्म सम्राट स्वामिश्री करपात्रीजी महाराज की परंपरा के वरिष्ठ शिष्य हैं। ज्ञातव्य हो, श्री स्वामीजी द्वारा लालकुआं लखनऊ में स्थापित महाकालेश्वर मन्दिर आश्रम के अलावा बंथरा कानपुर रोड पर तपोभूमि गुरुकुल वैदिक संस्कृत महाविद्यालय, बिठूर कानपुर में परमात्म धाम आश्रम, फतेहपुर में शक्ति धाम आश्रम त्रिलोचनपुर इत्यादि केन्द्र सनातन संस्कृति के विस्तार तथा शिक्षण एवं गौसंवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।लखनऊ विश्वविद्यालय में प्राच्य भाषा विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर श्यामलेश के वेद मंत्रोच्चार के बीच संस्थाध्यक्ष स्वामिश्री देवेंद्रानन्द सरस्वती जी महाराज ने शंकर चैतन्य ब्रह्मचारी का शंख-जल अभिषेक किया। उन पलों में समूचा मन्दिर प्रांगण श्रद्धालुओं की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर तपोभूमि गुरुकुल के प्राचार्य डॉक्टर सप्तर्षि मिश्र, ट्रस्ट मण्डल प्रमुख कमल बाजपेई, ट्रस्टी ब्रह्म कुमार शुक्ल, अम्बरीष अग्रवाल, आचार्य रमाशंकर तिवारी, आचार्य सुधीर दीक्षित, आचार्य राहुल दीक्षित, नीरज त्यागी, कमल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।महायज्ञ की पूर्णाहुति के मौके पर भाग्योदय फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं संस्थापक आचार्य राम महेश मिश्र ने भारत के तपस्वी संतों की चर्चा की और स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती को अद्भुत संतपुरुष बताया। उन्होंने बीती शताब्दी के



सातवें दशक से अब तक की प्रगति यात्रा की चर्चा की और तपोभूमि गुरुकुल तथा तपोभूमि गौशाला के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अखिल भारतवर्षीय धर्मसंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सप्तर्षि मिश्र ने इस अवसर पर यज्ञ की महत्व बताई और कहा कि भारत भूमि यज्ञ भूमि है, जहां मृग स्वच्छंद विचरण करते हों और जहां प्रचुर संख्या में शमी के वृक्ष हों, ऐसी भूमि यज्ञ भूमि कहलाती है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए श्रद्धालुओं एवं शिष्यों को दंडी स्वामी देवेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने आशीर्वाद प्रदान किया।नवमनोनीत संस्था प्रमुख श्रीशंकर चैतन्य ब्रह्मचारी ने शतचंडी महायज्ञ एवं भागवत कथा में आए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया तथा सनातन गुरु-परंपरा को श्रद्धापूर्वक नमन वंदन किया।

# दिल्ली नगर निगम पश्चिम क्षेत्र एवं पैसिफिक मॉल सुभाष नगर के सौजन्य से स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ जागरूकता कार्यक्रम

स्वतंत्र प्रभात



**नई दिल्ली** नगर निगम पश्चिम क्षेत्र ने 10 जुलाई 2025 को पैसिफिक मॉल,सुभाष नगर के साथ मिलकर "स्वच्छता अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के तहत एक सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता, सफाई में समाज की सहभागिता को बढ़ावा देना हैं ताकि एक स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम में शामिल NUKADNATAK.IN टीम द्वारा एक रंगारंग नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया जो प्लास्टिक-मुक्त समाज और स्वच्छता के महत्व को उजागर करता है। स्वच्छता विभाग द्वारा एक जादू शो का भी प्रदर्शन, कचरे का सही तरीके से विभाजन और स्वच्छता पर एक व्याख्यान उपस्थित लोगों को बेहतर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के लिए व्यावहारिक कदमों के बारे में जानकारी देता है। हाथ धोने की 7-स्टेप तकनीक का लाइव प्रदर्शन भी किया गया। वेक्टर जनित रोगों पर एक क्विज़ के बाद विजेताओं और उत्साही योगदानकर्ताओं को पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया गया। स्वच्छता और सफाई के लिए सामूहिक शपथ सभी प्रतिभागियों द्वारा ली गई और यह समुदाय की एक स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करती है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कर्नल विनोद कुमार अत्रि रहे,जबकि अन्य प्रमुख अतिथियों में श्री मदीप AC WZ डॉ. संतोष तोमर DHONGZ श्री विजय मीना E& En मेन्टेनेन्स अनिल कुमार E&.En EMS श्री सीताराम SI, और आर.के. भार्गव AO/WZ शामिल थे। इस अभियान में स्थानीय समुदाय के 200 से अधिक सदस्य, जिनमें छात्र, स्थानीय निवासी और मॉल के आगंतुक शामिल थे,उत्साही रूप से भागीदार बने। इस पहल को एक सजीव और सूचनात्मक तरीके से सराहा गया।

# जनसंख्या नियंत्रण कानून- छाया गौतम ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

● अखिल भारत हिन्दू महासभा ने प्रदेश में जिला मुख्यालय पर ज्ञापन सौंपा

### "हम दो,हमारे दो" के नारे के साथ अखिल भारत हिंदू महासभा ने सरकार को जगाया

स्वतंत्र प्रभात



अखिल भारतीय हिन्दु महासभा के पदाधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय जनसंख्या नियंत्रण कानून लागे करने की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे।

**मथुरा-** अखिल भारत हिंदू महासभा के सैकड़ों कार्यकर्ता के साथ जिला अध्यक्ष छाया गौतम के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जनसंख्या नियंत्रण कानून को लेकर मथुरा जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया उन्होंने कहा हम भारत के एक जागरूक नागरिक के रूप में देश की जनसंख्या में निरंतर हो रही अत्यधिक वृद्धि को लेकर अत्यंत चिंतित है। वर्तमान जनसंख्या वृद्धि की गति न केवल संसाधनों पर बोझ डाल रही है, बल्कि यह देश के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय संतुलन के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही है। भारत की वर्तमान जनसंख्या 140 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिससे यह विश्व का सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन गया है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, यदि यही प्रवृत्ति जारी रही, तो 2050 तक भारत की जनसंख्या 160 करोड़ के पार पहुँच सकती है।

जल, वायु, भूमि और ऊर्जा जैसे संसाधन सीमित हैं। प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता में भारी गिरावट आई है, सन् 1951 में यह 5,177 घन मीटर थी, जो अब घटकर 1,486 घन मीटर (2023) रह गई है।

हर साल लगभग 2 करोड़ नए लोग रोजगार की तलाश में आते हैं, परंतु पर्याप्त नौकरियाँ नहीं सृजित हो पा रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास और अन्य मूलभूत सुविधाएँ भी प्रभावित हो रही हैं।

चिकित्सा संस्थानों में डॉक्टर और संसाधनों की भारी कमी है। प्रति 1,000 व्यक्तियों पर डॉक्टरों की संख्या WHO मानकों से कम है।

चीन ने 'वन-संतान नीति' के रूप में जनसंख्या नियंत्रण के प्रभावी प्रयास किए, जिससे संसाधनों पर दबाव कम हुआ और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ हुई। भारत में भी केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण पर जागरूकता और सख्त नीतियों से बेहतर परिणाम पाए हैं।

दो से अधिक बच्चों पर सरकारी सुविधाओं का अधिकार समाप्त हो। जागरूकता अभियान चलाए जाएँ, जिससे परिवार नियोजन, महिला शिक्षा, और सामाजिक विकास को बल मिले। सभी धर्मों, जातियों और समुदायों के लिए एक समान जनसंख्या नीति लागू की जाए, अगर कोई पुरुष एक से अधिक पत्नी रखता है तो उसे सभी पत्नियों के माध्यम से अलग अलग दो दो बच्चे पैदा करने की छूट नहीं दी जा सकती कुल मिलाकर पत्नियों अथवा पतियों की संख्या कितनी भी हो उसे एक परिवार मानते हुए बच्चों की कुल संख्या 2 से अधिक होना कानून का उल्लंघन माना जाएगा। इस मौके पर, पंकज ठाकुर जिला उपाध्यक्ष बॉबी दीक्षित कोषाध्यक्ष विवेक गौतम कार्यकर्ता नीतू सक्सेना जिला उपाध्यक्ष पवन बाबा नरेश ठाकुर जिला उपाध्यक्ष हीरो लाल जिला महामंत्री रजत शर्मा मीडिया प्रभारी संगीता पंकज गौतम नीरज श्याम प्रकाश आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नमामि गंगे परियोजना का 30 लाख से अधिक सामान चोरी

● पुलिस ने 30 लाख से अधिक का सामान किया बरामद

### सामान चोरी करने के आरोप में दो लोगों को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से नमामी गंगे जल परियोजना के तहत पानी की पाईप लाईन लगाने में प्रयुक्त होने वाले 96 डक्ट आयरन पाइप (कुल कीमत करीब 30 लाख रूपये )व नगद 27,000 रुपये बरामद किये गये हैं। एक अभियुक्त फरार हो गया है। थाना कोसीकलां पुलिस व एसओजी टीम ने शुक्रवार को चौकिंग के दौरान लोकेन्द्र उर्फ लौकी उर्फ विष्णु पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी पाली थाना गोवर्धन व एस आशीष नायर पुत्र सुरेन्द्र नायर निवासी गैलेक्सी हाइट बोर्सी थाना पदमनातपुर जिला दुर्ग छत्तीसगढ मूल पता गांधी रोड नियर केलकटा टायर शोप राउरकेला थाना पलांट साइड जिला सुन्दर गढ उडीसा को कैन्ट्रीन होटल के पास से फैक्टरी एरिया में जा रहे रास्ते पर बंद खाली फैक्टरी के प्लांट के पास से नमामी गंगे जल परियोजना के तहत पानी की पाईप लाईन लगाने में प्रयुक्त होने वाले चोरी हुये 96 डक्ट आयरन पाइप व नगद 27,000 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। मौके से अभियंता गजेन्द्र उर्फ गगन चौधरी पुत्र सत्यदेव निवासी गांव पीरोडिया थाना टप्पल जिला अलीगढ फरार हो गया। नमामी गंगे जल परियोजना के तहत जनपद मथुरा क्षेत्र में कई जगह पर पानी की पाईप लाइन लगाने का काम चल रहा है, जिसमें जनपद मथुरा क्षेत्र के कई थाना क्षेत्र से पाईप चोरी की घटना हुयी है। गजेन्द्र उर्फ गगन चौधरी के साथ मिलकर 18 जून को कोसीकला चौकी शाहपुर क्षेत्र से तीन जगह से 73 डक्ट आयरन पाइप चोरी किये और थाना जमुनापार के गांव कल्याणपुर की सीमा से 21 दिन पहले 21 आयरन डक्ट पाइप तथा थाना गोवर्धन के गांव पाली की सीमा से प्रेम रेस्टोरेण्ट के पास से करीब 18 दिन पहले



नमामि गंगे परियोजना का सामान चोरी करने के आरोप में पकडे गये युवक।

नौ डक्ट आयरन पाइप तथा थाना जैत के जुल्हैन्दो गाव से पहले रोड के पास से 25 डक्ट आयरन पाइप चोरी किये थे। हम तीनों ने मिलकर मथुरा जिले के अलग अलग थाना क्षेत्र से कुल 163 पाइप चोरी किए थे, जिनको यहां छिपा रखा था। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार निर्वाल थाना कोसीकलां, एसओजी प्रभारी राकेश कुमार, एसआई विपिन कुमार चौकी प्रभारी शाहपुर, एसआई अंकित मलिक चौकी प्रभारी बठैनगेट, एसआई उत्तम चौहान चौकी प्रभारी जिन्दल चौराहा थाना कोसीकला मथुरा आदि थे।

# गुरू पूर्णिमा: देवराह बाबा आश्रम पर देश विदेश से पहुंचे हजारों शिष्य

● बाबा सरकार का महा अभिषेक किया गया

### बडी संख्या में शिष्यो ंने ली गुरू दक्षिणा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** गुरूपूर्णिमा पर समूचा ब्रज जीवंत गुरू शिष्य परपंरा का गवाह बना। गोवर्धन में जहां लाखों की भीड ने सप्त कोसीय परिक्रमा की तो साधु संतों के मठ मंदिरों मे ंभी भारी भीड रही। गुरु स्थानों पर दिन भर शिष्यों की भीड़ उमड़ती रही। डांगोली खादर में यमुना किनारे देवराहा बाबा समाधि स्थल पर आस्था के केन्द्र बना रहा। यहां पिछले कई दिनों से शिष्यों का आना शुरू हो गया था। गुरुवार गुरूपूर्णिमा पर भारी भीड रही। विधिवत पूजा अर्चना के साथ गुरु पूजन शुरू हुआ। बाबा सरकार का महा अभिषेक किया गया। देश भर से आये हजारों शिष्यों ने ब्रहर्षि देवदास जी महाराज बड़े सरकार का चरण पूजन किया। श्री महाराज से बडी संख्या लोगों ने गुरु दीक्षा भी ली। उन्होंने अपने आर्शीवचन में शिष्यों से सत्य के मार्ग पर चलने और गो सेवा करने को कहा। देवराह बाबा आश्रम के प्रति



ब्रजवासियों की अटूट श्रद्धा रही है। देश विदेश से वर्ष भर भक्तों का आवागमन लगा रहता है। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर दीक्षा लेने के लिए बडी संख्या में लोग पहुंचते हैं। हजारों भक्तों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था।

# अब सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के बडे बाबू 50 हजार की रिश्वत लेते धरे गये

● एंटी करप्शन टीम ने की कार्यवाही, थाना जमुनापार में दर्ज कराया मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** एंटी करप्शन की टीम ने सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन सिविल लाइन के कार्यालय में शुक्रवार को दोपहर करीब 12.45 बजे कार्यवाही की। बताया जा रहा है कि नगला हसनपुर में राजन सिंह पेट्रोल पंप लगवाना चाहते हैं उसकी एनओसी के लिए प्रधान लिपिक किशोर चतुर्वेदी 50 हजार रूपये की मांग रहा था। लगातार लिपिक द्वारा मांग किये जाने के बाद किशोर चतुर्वेदी ने एंटी करप्शन विभाग में संपर्क किया। इसके बाद टीम ने जाल बिछाया और किशोर चतुर्वेदी को पाउडर लगे नोट देकर भेजा। जैसे ही किशोर चतुर्वेदी ने नोट लिपिक को दिये और लिपिक ने नोटों को गिनना शुरू किया एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों दबोच लिया। यहां से टीम आरोपी को लेकर थाना जमुनापार पहुंची। यहां पुलिस अधिकारियों और एंटी करप्शन टीम ने आरोपी प्रधान लिपिक से पूछताछ की। इसके बाद मुकदमा पंजीकृत कराया गया। टीम प्रभारी सहवीर सिंह के नेतृत्व में कार्रवाई की




गई। इस संबंध में थाना जमुना पार में मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। बताया जा रहा है कि इस लिपिक की लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं लेकिन किसी ने अधिकारी संज्ञान नहीं ले रहे थे। हाल ही के दिनों में मथुरा में अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक कई लोग रिश्वत लेने के आरोप में एंटी करप्शन टीम द्वारा गिरफ्तार किये गये हैं। जिनमे तत्कालीनं समाज कल्याण अधिकारी किरन चौधरी, पुलिस भर्ती प्रक्रिया से जुडा एक चिकित्सक उसके साथी, पुलिस का एक दरोगा और एक सिपाही भी शामिल हैं। सामाजिक वानिकी वन प्रभाग जिसे सोशल फॉरेस्ट्री डिवीजन भी कहा जाता है, वनों के प्रबंधन और संरक्षण का एक रूप है जिसमें स्थानीय समुदायों की भागीदारी शामिल है. इसका उद्देश्य न केवल पर्यावरणीय लाभ प्राप्त करना है, बल्कि स्थानीय लोगों की जरूरतों को पूरा करना भी है, जैसे कि ईंधन, चारा और लकड़ी प्रदान करना

# विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली रैली



**सिद्धार्थनगर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बर्डपुर के परिसर से भाजपा नेता नितेश पाण्डेय ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नितेश पाण्डेय ने कहा कि आर्थिक सामाजिक विकास हो या आपदा की स्थिति से बचाव, हर मोर्चे पर सक्षम समाज की नींव रखने के लिए जनसंख्या नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। यह देश के सतत विकास की आधारशिला है। विश्व जनसंख्या दिवस पर हम सभी जनसंख्या नियंत्रण के प्रति जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लें और जिम्मेदार नागरिक बनें। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ सुबोध चंद्रा, राजकुमार, सुरज कुमार,सतीश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।